शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 325 | गुवाहाटी | शनिवार, 24 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

छयगांव में विधान सभा क्षेत्र तोड़ने पर व्यापक प्रतिक्रिया — पेज 3
अमित शाह ने कश्मीर में हालात सुधरने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया — पेज 4
राष्ट्रनायक मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री मोदी ने किया साकार : योगी — पेज 5
भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था की ओर अग्रसर : उपराष्ट्रपति... — पेज 8

## ब्रह्मपुत्र के नीचे से ट्रेनें और बसें चलेंगी : सीएम



**लखीमपुर ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा लखीमपुर के सुबनसिरी कॉलेज मैदान में आयोजित की गई थी। इसका आयोजन भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के सिलसिले में किया गया। मुख्यमंत्री ने नए भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और लोगों को कई आश्वासन दिए। उन्होंने कहा कि लोग निश्चिंत रहें, माजुली में एक पुल बन ही रहा है साथ ही भारत सरकार ब्रह्मपुत्र के नीचे एक सुरंग का निर्माण करेगी। ट्रेनें पानी के नीचे चलेंगी, बसें चलेंगी। यह सुरंग गहपुर और नुमलीगढ़ के बीच 6000 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। उन्होंने कहा कि काजीरिंगा में 32 किलोमीटर लंबा विशेष फ्लाईओवर बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र पुनर्निर्धारण मसौदा 102 निर्वाचन क्षेत्रों में खिलंजिया (स्थानीय लोग) के अस्तित्व को सुरक्षित करेगा। असम में खिलंजिया का अस्तित्व अगले 30 साल तक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि लाख नौकरियां देकर ही सरकार नहीं रुकेगी। मुख्यमंत्री ने इस सरकार द्वारा प्रति वर्ष 30,000 से 40,000 तक नौकरियां पैदा करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अरुणोदय योजना में अन्य नौ लाख लोगों को सरकार द्वारा कवर किया जाएगा। अक्तूबर तक हर गरीब व्यक्ति को राशन कार्ड मिल जाएगा। राशन कार्ड पर गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज -शेष पृष्ठ दो पर

## परिसीमन से अपनी सीटें खो देंगे 39 विधायक और पांच लोस सांसद

**गुवाहाटी।** 20 जून को, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने असम में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए एक मसौदा प्रस्ताव प्रकाशित किया। हालांकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या क्रमशः 126 और 14 पर अपरिवर्तित बनी हुई है, लेकिन बदली हुई जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए सभी निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का अलग-अलग सीमांकन किया गया है। नतीजतन, 30 मौजूदा विधानसभा क्षेत्रों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और 26 नए निर्वाचन क्षेत्र बनाए गए हैं। इसी तरह, चार मौजूदा लोकसभा क्षेत्र अब अपने वर्तमान स्वरूप में मौजूद नहीं रहेंगे और एक नया अस्तित्व में आएगा। नौ निर्वाचन क्षेत्रों की आरक्षण स्थिति में भी बदलाव किया गया है।



परिसीमन के इस मसौदा प्रस्ताव के परिणामस्वरूप, 39 विधायक और पांच लोकसभा सांसद अब उन निर्वाचन क्षेत्रों को खो देंगे जिनका वे पहले प्रतिनिधित्व करते थे। हालांकि मसौदा अंतिम नहीं है और ईसीआई ने 11 जुलाई तक सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं, परिसीमन के मसौदा प्रस्ताव ने उन मौजूदा विधायकों के बीच काफी तनाव पैदा कर दिया है जिनके निर्वाचन क्षेत्रों के नाम मसौदे में नहीं हैं। जिन भाजपा विधायकों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों को गायब पाया है, उनमें असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी (पानेरी), वन मंत्री चंद्रमोहन पटोवारी (धर्मपुर), और परिवहन मंत्री परिमल शुक्लाबैद्य (धोलाई), सिद्धार्थ भट्टाचार्य (गुवाहाटी पूर्व), रामेंद्र नारायण कलिता (पश्चिम गुवाहाटी) शामिल हैं। बिनोद हजारिका (चाबुआ), सुशांत बरगोहाई (थौरा), कृष्णेंदु पॉल (पाथारकांदी), रूपसिंग टेरोन (बैथलांगसो), और डोसिंग रोहतांग (हावड़ाघाट)। भाजपा की सहयोगी अगप से, प्रदीप हजारिका (अमगुरी) और भबेंद्र नाथ भराली (देरगांव) के निर्वाचन क्षेत्र अब मौजूद नहीं हैं। कांग्रेस से, जाकिर हुसैन सिकदर (सरुखेत्री), शर्मन अली अहमद (बाघबार), रेकिबुद्दीन अहमद (चायगांव), भरत नाराह (नाओबैसा), और -शेष पृष्ठ दो पर

## परिसीमन की मंजूरी से लोगों को अधिक प्रतिनिधित्व : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज सुवनसिरी कॉलेज फील्ड, लखीमपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने परिसीमन पर चुनाव आयोग के मसौदे के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सीएम ने इस बात पर जोर दिया कि यदि मसौदे को मंजूरी मिल जाती है, तो असम के लोगों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अधिक अधिकार मिलेगा, जिससे उनके हितों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। अपने भाषण के दौरान, सीएम शर्मा ने राज्य के स्वदेशी समुदायों के अधिकारों और हितों की रक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

## आतंकवाद से निपटने में किंतु-परंतु नहीं होनी चाहिए : पीएम मोदी



**वाशिंगटन।** आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान पर परोक्ष निशाना साधा और कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है तथा इस संकट से निपटने में कोई *किंतु-परंतु* नहीं हो सकता। गुरुवार को अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 9/11 हमले के दो से भी अधिक दशक तथा मुंबई में 26/11 हमलों के एक से भी अधिक दशक बाद कट्टरपंथ और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए आज भी एक खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी ने अंग्रेजी भाषा में 60 मिनट के अपने भाषण में कहा कि ये विचारधाराएं नई पहचान तथा रूप ले रही हैं, लेकिन उनकी मंशा समान है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई किंतु-परंतु नहीं हो सकता। हमें आतंकवाद को प्रायोजित तथा उसे फैला रही ऐसी सभी ताकतों से निपटना होगा। प्रधानमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वाञ्चल केশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## मणिपुर में फिर गोलीबारी



**इंफाल ( हि.स. )।** इंफाल-उखरूल सड़क के किनारे ग्वालताबी इलाके से सुरक्षा बलों और संदिग्ध सशस्त्र समूहों के बीच शुक्रवार को फिर गोलीबारी की खबर मिली है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार चल रही गोलीबारी सबसे पहले दोपहर करीब 12 बजे यिंगांगपोकपी बाजार के पास शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक गोलीबारी जारी थी। अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। यिंगांगपोकपी बाजार में रहने वाले एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि सशस्त्र बलों और संदिग्ध उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी के बाद यहां सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए हैं। इस बीच, भारतीय झंडों के साथ सैकड़ों लोग मीरा पाइबी यिंगांगपोकपी में एकत्र हो गए हैं। इन लोगों ने इंफाल से आने वाले वाहनों को रोक दिया है। सुरक्षा कारणों से उखरूल से इंफाल -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य में बाढ़ से पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और लगभग पांच लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। ब्रह्मपुत्र सहित राज्य की प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे जल का स्तर और बढ़ सकता है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि गुरुवार शाम तक 4.95 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उदालगुड़ी जिले के तामुलपुर में बाढ़ के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रह्मपुत्र निमातीघाट (जोरहाट) और धुबड़ी में खतरे के स्तर से



ऊपर बह रही है। लाल निशान के ऊपर बहने वाली अन्य नदियों में पुठिमारी (कामरूप), पागलादिया (नलबाड़ी) और मानस (बरपेटा) शामिल हैं। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए *येलो* अलर्ट जारी किया है, जिसमें लोगों से सतर्क रहने और -शेष पृष्ठ दो पर

### मंत्री पीयूष और जयंतमल्ल ने लिया जायजा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम सरकार के जल संसाधन आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने राज्य में बाढ़ की स्थिति का शुक्रवार को जायजा लिया। पगलादिया नदी पर दोजारतालुक में नवनिर्मित तटबंध की नाजुक स्थिति का मंत्रियों ने जायजा लिया। अगर यह तटबंध टूट गया तो जरातलुक सहित नलबाड़ी जिला के कई गांव -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## हिमंत के *हुसैन ओबामा* वाले बयान से मचा हड़कंप



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को एक पत्रकार को जवाब दिया, जिसने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की *बहुसंख्यक हिंदू भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक की रक्षा* वाली टिप्पणी का हवाला देते हुए पूछा था कि क्या असम पुलिस ओबामा को गिरफ्तार करने के लिए वाशिंगटन जा रही है। असम के मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि भारत में बहुत सारे *हुसैन ओबामा* हैं और राज्य वाशिंगटन की यात्रा के बजाय उनकी देखभाल को प्राथमिकता देता है। *हुसैन* पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति का मध्य नाम है। भारत में ही कई हुसैन ओबामा हैं। वाशिंगटन जाने पर विचार करने से पहले हमें उनकी देखभाल को प्राथमिकता देनी चाहिए। असम पुलिस हमारी अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य करेगी। उनकी यह टिप्पणी व्हाइट हाउस प्रेस वार्ता में पीएम नरेंद्र मोदी के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद आई है जिसमें -शेष पृष्ठ दो पर

### जेल में बढ़ रहे आत्महत्याओं पर मानवाधिकार चिंतित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने जेल में कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच करने और जोखिम वाले कैदियों की निरंतर निगरानी करने का सुझाव दिया है ताकि आत्महत्या की घटनाओं को कम किया जा सके। एनएचआरसी ने न्यायिक हिरासत में कैदियों द्वारा आत्महत्या के प्रयासों को कम करने के लिए जेल की वास्तुकला और उसके माहौल में सुधार की भी सिफारिश की है। एनएचआरसी ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल पंचायत चुनाव : तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव को लेकर हिंसा और आगजनी जारी है। पुरुलिया में जहां एक तृणमूल कांग्रेस के नेता की हत्या कर दी गई। वहीं भाजपा नेताओं के घरों में आगजनी और बमबारी की खबरें हैं। हत्या और आगजनी के विरोध में जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन जारी हैं। जानकारी के मुताबिक बंगाल के पुरुलिया जिले में तृणमूल नेता की हत्या के विरोध में शुक्रवार को उनके समर्थकों ने टायर जलाकर विरोध किया और सड़क को जाम कर दिया। इस मामले में टीएमसी नेता की हत्या के मामले में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो सीधे तौर पर हत्या में शामिल हैं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज से ऐसा लगता है कि तीन या अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। हमने उनकी तलाश शुरू कर दी है। हमलावरों ने आद्रा सिटी के तृणमूल कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*सभी प्रकार के भय से बदनामी का भय सबसे बढ़ा होता है।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### 2050 तक दुनिया में 1.3 अरब लोग होंगे डायबिटीज के शिकार

**नई दिल्ली।** वर्तमान में दुनियाभर में 50 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और अगले 30 साल में हर देश में मधुमेह पीड़ितों की संख्या में इजाफा होने का अंदेशा है जो दोगुनी होकर 1.3 अरब तक पहुंच सकती है। द *लैंसेट* में प्रकाशित एक नए विश्लेषण में यह दावा किया गया है। मुख्य लेखक एवं यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के स्कूल ऑफ मेडिसिन में इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैलुएशन (आईएचएमई) में मुख्य शोध विज्ञानी लियान ओंग ने कहा कि जिस गति से मधुमेह के मरीजों की संख्या -शेष पृष्ठ दो पर

## विपक्षी एकता : एकजुट होकर चुनाव लड़ने पर बनी सहमति



**पटना ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में पटना में संपन्न विपक्षी दलों की बैठक में एकजुट होकर चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है। हालांकि, कुछ मुद्दे पर राहुल गांधी की बातों से मतभेद भी नजर आया। ढाई घंटे चली बैठक में 15 पार्टियों के नेता मौजूद रहे। विपक्षी एकता की दूसरी बैठक शिमला में होगी। यह बैठक 10 से 12 जुलाई के बीच हो सकती है। पार्टियों की संयुक्त पत्रकार वार्ता में नीतीश कुमार ने कहा कि एक साथ चलने की बात हुई है। एक साथ चुनाव लड़ने की सहमति बन गई है। अगली बैठक सब पार्टियों की एक और जल्द की जाएगी। इस मीटिंग में अंतिम रूप दिया जाएगा कि कौन कहां से और कैसे लड़ेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि खड़गे एक और मीटिंग करेंगे। हम लोगों ने कहा कि जल्दी मीटिंग करिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि अगले महीने जल्द ही मीटिंग करेंगे। सब लोगों ने माना है कि हमलोग मिलकर चलेंगे। अगली मीटिंग में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी। वर्तमान सरकार इतिहास को बदलने में लगी है। आज हर चीज और राज्य के बारे में बातचीत हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि एक होकर चुनाव लड़ने की सहमति बनी है। कॉमन एजेंडा बना है। विपक्ष की अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में हो सकती है। जल्द ही इस बारे में सभी पार्टियों को सूचित कर दिया जाएगा। हमने तय किया है कि बैठ कर एजेंडा बनाएं कि किन-किन चीजों पर हम निर्णय ले सकते हैं। हर राज्यों में हम लोगों को अलग तरह से काम करना पड़ेगा। हर राज्य के लिए अलग स्ट्रेटजी होनी चाहिए। एक होकर, एकजुट होकर 2024 की लड़ाई हमको लड़ना है। साथ ही भाजपा को सत्ता से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इसमें हमलोग जरूर कामयाब होंगे। हम नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार का सारा डिश खिला -शेष पृष्ठ दो पर

## नब्बे के दशक में कांग्रेसी नेता मेरा मजाक उड़ाते थे : गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना *मोदीनॉमिक्स* का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल धन सृजन होता है, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने यहां नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस के 60 साल के शासनकाल में पूंजीपतियों के खिलाफ नफरत फैलाई गई। कांग्रेस शासन के दौरान शासन बजट-केंद्रित था। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन के लिए घरेलू पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना और वृद्धि के लिए विदेशी पूंजी लाना जरूरी है। 1990 के दशक -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## *विपक्षी एकता की बैठक के बाद आप ने दिखाए तेवर, कहा–*

# जहां कांग्रेस, वहां हम नहीं

**पटना।** पटना में विपक्षी एकता की बैठक के बाद आम आदमी पार्टी का साफ कहना है कि जब तक कांग्रेस अध्यादेश पर अपना रुख साफ नहीं करती, तब तक आम आदमी पार्टी के लिए ऐसी किसी भी बैठक या दल में शामिल होना मुश्किल है, जिसमें कांग्रेस शामिल होगी। बिहार की राजधानी पटना में हुई बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने एक आधिकारिक बयान जारी किया। आम आदमी पार्टी ने कहा कि जब तक 31 राज्यसभा सांसदों वाली कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक रूप से इस अध्यादेश का विरोध नहीं करेगी तब तक आम आदमी पार्टी के लिए भविष्य में होने वाली ऐसे बैठकों में जहां कांग्रेस हिस्सा ले रही हो वहां हिस्सा लेना मुश्किल होगा। अब समय आ गया है कि कांग्रेस ये तय करे कि वह दिल्ली की जनता के साथ खड़ी है या मोदी सरकार के साथ। आप ने कहा कि केंद्र सरकार के काले अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस की चुप्पी उसके इरादों पर संदेह पैदा करती है। *आप* ने बयान जारी करके कहा कि कांग्रेस की यह चुप्पी उसके इरादों पर संदेह पैदा करती है। व्यक्तिगत चर्चाओं में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संकेत दिया है कि उनकी पार्टी अनौपचारिक या औपचारिक रूप से राज्यसभा में अध्यादेश पर मतदान की प्रकिया से दूर रह सकती है। अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस को मतदान से दूर रहने से भाजपा को आगे भी देश के लोकतंत्र पर हमला करने में काफी मदद मिलेगी। बयान में कहा गया कि केंद्र के काले अध्यादेश का उद्देश्य न केवल दिल्ली में निर्वाचित सरकार के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनना है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र और संवैधानिक सिद्धांतों के लिए भी एक खतरा है। यदि इसे चुनौती नहीं दी गई, तो यह खतरनाक प्रवृत्ति अन्य सभी राज्यों में भी अपनाई जा सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि जनता द्वारा चुनी गई दूसरे राज्य सरकारों से भी सत्ता छीनी जा सकती है इसलिए इस काले अध्यादेश को राज्यसभा में पास होने से रोकना बहुत ही जरूरी है। बयान में कहा कि पटना की बैठक में समान विचारधारा वाली 15 पार्टियां शामिल हुईं। इन में से 12 का प्रतिनिधित्व राज्यसभा में है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छोड़कर अन्य सभी 11 दलों जिनका राज्यसभा में प्रतिनिधित्व है, उन्होंने काले अध्यादेश के खिलाफ स्पष्ट रूप से अपना रुख साफ कर दिया है और इन पार्टियों ने घोषणा की है कि वे राज्यसभा में अध्यादेश का विरोध करेंगे। बयान के अनुसार कांग्रेस, एक राष्ट्रीय पार्टी है, जो लगभग सभी मुद्दों पर एक स्टैंड लेती है। इसके बाद भी कांग्रेस ने अभी तक काले अध्यादेश को लेकर अपना रुख सार्वजनिक नहीं किया है। वहीं, कांग्रेस की दिल्ली और पंजाब यूनिट्स ने घोषणा की है कि पार्टी को इस मुद्दे पर मोदी सरकार का समर्थन करना चाहिए। आज पटना में समान विचारधारा वाली पार्टी की बैठक के दौरान कई दलों ने कांग्रेस से काले अध्यादेश की खुले तौर पर निंदा करने का आग्रह किया, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया। बयान में कहा गया कि यह काला अध्यादेश संविधान और संघवाद विरोधी होने के साथ ही पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। इसके अलावा, यह अध्यादेश सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पलटने के साथ-साथ न्यायपालिका का भी अपमान करता है।

## अंबुबासी मेले में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटीं स्वयंसेवी संस्थाएं



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ पर स्थित शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम में विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक अंबुबासी मेला शुरू हो गया है। मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अलावा साधु-संत पहुंच रहे हैं। मेला के दूसरे दिन शुक्रवार को भी पूरे नीलाचल पहाड़ पर भक्ति और भाव का संगम दिखाई दिया। राज्य सरकार और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। स्वयंसेवी संगठनों ने पेयजल, भोजन, चिकित्सा एवं रहने की व्यवस्था की है। मेला में आने वाले लोगों को नि:शुल्क भोजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इस कड़ी में मध्यदेशीय वैश्य महासभा युवा मंच ने भी अंबुबासी मेले में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क पानी, बिस्कुट, ग्लूकोज आदि सामग्रियों का वितरण किया। नि:शुल्क सेवा मंच के गुवाहाटी महिला समिति एवं युवा मंच चार दिन से नियमित चला रही है। युवा मंच के अध्यक्ष राजू प्रसाद गुप्ता ने बताया है कि यह सेवा कार्य मंच के द्वारा वर्ष 2002 से लगातार चलाया जा रहा है। इस सेवा कार्य में सभी कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व सहयोग मिलता है।

## बाढ़ : नलबाड़ी चंदकुची में एक की मौत

**नलबाड़ी ( हिंस )।** राज्य के 22 जिले बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। जिले के चंदकुची में बाढ़ के पानी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान निखिलेश मल्ल बुजरबरुवा के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि निखिलेश मल्ल गुरुवार शाम घर से बाजार के लिए निकला था, उसके बाद से लापता हो गया था। यह घटना राज्य सरकार के मंत्री जयंत मल्ल बरुवा के घर के पास हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया। असम राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावित जिलों के आंकड़े जारी किए गए हैं। बाढ़ प्रभावित 22 जिलों में 20 ग्रामीण और दो शहर बाढ़ प्रभावित है। तीन जिले ऐसे हैं, जिनके शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बाढ़ आई है। बाढ़ प्रभावित ग्रामीण जिलों में बजाली, बाक्सा, बरपेटा, बिश्वनाथ, बंगाईगांव, चिरांग, दरंग, धेमाजी, धुबड़ी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, होजाई, कामरूप (ग्रामीण), कोकराझाड़, लखीमपुर, माजुली, नगांव, नलबाड़ी, शोणितपुर और तामुलपुर शामिल हैं। तीन जिलों के शहरी क्षेत्र बजाली, दरंग, जोरहाट, कामरूप (मेट्रो) और कोकराझाड़ में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बजाली, दरंग और कोकराझाड़ के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बाढ़ आई है। बाढ़ से 58 राजस्व सर्किल अंतर्गत 1366 गांवों के 4 लाख 95 हजार 799 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से कुल 14091.90 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावितों के लिए कुल 83 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जबकि 79 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। राहत शिविरों में कुल 14, 035 लोग आश्रय लिए हुए हैं। बाढ़ से तामुलपुर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाढ़ से राज्य के कुल 3 लाख 46 हजार 639 पशु धन प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़े पशुओं की कुल संख्या 1 लाख 68 हजार 382 और छोटे पशुओं की 1 लाख 37 हजार 459 है, जबकि 40 हजार 798 कुक्कुट भी प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के पानी में कुल 90 पशु बह गए हैं।

## ड्रग्स और गांजा समेत एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के जोराबाट पुलिस ने ड्रग्स और गांजा की तस्करी मामले में शामिल एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी प्रभारी कपिल पाठक के नेतृत्व में शुक्रवार को चलाए गए अभियान के दौरान मेघालय से गुवाहाटी की ओर जा रही कार (एमएल-05वाई-7519) से ड्रग्स और गांजा समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर के पास से दो साबुनदानी, 14 प्लास्टिक के डिब्बे में भर कर रखे गए हेरोइन के अलावा 2.5 किग्रा गांजा बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस ने गांजा तस्कर भीम बहादुर सोनार को गिरफ्तार किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : अरुणाचल विस में विहंगम योग संस्थान ने योगासन कार्यक्रम आयोजित किया

**इटानगर।** विहंगम योग संस्थान की ओर से रमेश कुमार पंडित जी ने योगासन कार्यक्रम का संचालन किया। योगासन कार्यक्रम के पश्चात अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष पसांग दोरजी सोना ने विहंगम योग संस्थान को मोमेंटो भेंट किया, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में विधायक न्यामर करबाक, विधायक न्यातो डोकुम, विधायक गोकर बसर, विधायक तारिन दकपे के अलावा महासचिव, सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, उप.सचिव, अधिकारी और विधानसभा के अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया।



# *पृष्ठ एक का शेष*

### *ब्रह्मपुत्र के नीचे ...*

भी मिलेगा। इस एक राशन कार्ड से 2 लाभ होगा। इस कार्ड से चावल भी मिलेगा और इलाज भी होगा। उन्होंने कहा कि दो लाख शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2-2 लाख रुपए मिलेंगे। प्रत्येक एसएचजी सदस्य को पहले वर्ष में 10,000 रुपए मिलेंगे। अच्छा काम करने वाली महिलाओं को दूसरे साल में 20,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि असम में अब कोई आंदोलन नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने असमिया माध्यम के स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों से बेहतर बनाने का भी वादा किया। अपने संबोधन में उन्होंने माजुली के साथ ही राज्य की जनता को एक से बढ़कर एक कई आश्वासन दिए।

### *परिसीमन से अपनी ...*

बसंत दास (मंगलदै) सभी मसौदे में अपने निर्वाचन क्षेत्र हार गए हैं। अन्य दलों से, एआईयूडीएफ के रफीकुल इस्लाम (जानिया), अमीनुल इस्लाम (धींग) और सुजाम उद्दीन लस्कर (काटलीचेर्रा), यूपीपीएल के यूजी ब्रह्म (चपागुड़ी) और एआईयूडीएफ के साथ ही प्रमुख बोडो नेता यूजी ब्रह्म और भूपेन बोड़ो (बाक्सा) शामिल हैं। प्रस्तावित परिसीमन से प्रभावित हुए हैं। सांसदों में, जो लोग अपने निर्वाचन क्षेत्रों का भूगोल और नाम बदलते देखेंगे, उनमें भाजपा के दिलीप सैकिया (मंगलदै), होरेन सिंग बे (स्वायत्त जिला) और पल्लव लोचन दास (तेजपुर) और कांग्रेस के गौरव गोगोई (कलियाबोर) शामिल हैं। इन विधायकों के अलावा, छह विधायकों और एक लोकसभा सांसद को भी चुनाव लड़ने के लिए नई सीटें ढूंढनी होंगी क्योंकि उनके निर्वाचन क्षेत्रों को एससी और एसटी के लिए आरक्षित घोषित किया गया है। उदाहरण के लिए, भाजपा विधायक सुमन हरिप्रिया हाजो से चुनाव नहीं लड़ सकतीं, क्योंकि यह अब एक एससी निर्वाचन क्षेत्र है। उनकी पार्टी के सहयोगी रंजीत दत्ता (बेहाली) को भी उसी भाग्य का सामना करना पड़ेगा। इसी तरह, कांग्रेस विधायक अब्दुर रहीम अहमद को बरपेटा से फिर से चुनाव लड़ना होगा जो अब एससी के लिए आरक्षित है। दिलचस्प बात यह है कि अहमद के साथी भरत नाराह, जो एसटी से हैं, अपनी वर्तमान सीट नाओबोइचा से चुनाव नहीं लड़ सकते क्योंकि यह अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। कांग्रेस से फिर नंदिता दास को अपनी वर्तमान सीट बोको छोड़नी होगी जिसे एससी सीट से एसटी में बदल दिया गया है। ग्वालपाड़ा पश्चिम, एक अन्य कांग्रेसी अब्दुर रशीद मंडल का निर्वाचन क्षेत्र भी एसटी के लिए आरक्षित किया गया है। लोकसभा सांसदों में, भाजपा के राजदीप रॉय को एक नई सीट ढूंढनी होगी क्योंकि उनका निर्वाचन क्षेत्र सिलचर अब एससी के लिए आरक्षित है। इसके विपरीत, प्रस्तावित मसौदे के अनुसार, मंगलदै और देरगांव, जो पहले एससी के लिए आरक्षित थे, अब सामान्य श्रेणी की सीट के रूप में खोल दिए गए हैं। उसी तरह, करीमगंज लोकसभा सीट, जो पहले एससी के लिए आरक्षित थी और जिसका प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद कृपानाथ मल्लाह करते थे, अब सामान्य श्रेणी में है।

### *परिसीमन की मंजूरी ...*

में असम सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने असम के संसदीय और विधान निर्वाचन क्षेत्रों के स्थानांतरण पर मसौदे के हालिया प्रकाशन में असम सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। सीएम शर्मा ने कहा कि अगर इस मसौदे को मंजूरी मिल जाती है और यह वास्तविकता में आता है, तो असम के लोग 102 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रमुखता रखेंगे। उन्होंने लोगों के घर, जाति और भूमि को बरकरार रखते हुए उनकी पहचान को संरक्षित करने के सरकार के वादे की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि इन प्रतिबद्धताओं को वास्तविकता में तब्दील किया जाएगा। अपरिचित व्यक्तियों को असम पर कब्जा करने से रोकने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, सीएम शर्मा ने राज्य की मातृभूमि और जाति की रक्षा के लिए सरकार द्वारा किए गए अथक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि असम समझौते और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के माध्यम से हम जो हासिल नहीं कर सके, हम निर्वाचन क्षेत्रों के पुन: आवंटन के माध्यम से असम के लोगों की सुरक्षा की दिशा में प्रगति करके अगले 30 वर्षों में पूरा करेंगे।

### *आतंकवाद से निपटने ...*

मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने आतंकवाद तथा चरमपंथ से लड़ने का संकल्प जताया। बयान में कहा गया है कि अमेरिका तथा भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं और आतंकवाद तथा हिंसक चरमपंथ की सभी रूपों में निंदा करते हैं। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की मांग को दोहराया। इसमें कहा गया है कि उन्होंने सीमा पार आतंकवाद, आतंकवाद के लिए लोगों के इस्तेमाल करने की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया कि उसके कब्जे वाले किसी क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने के लिए न किया जाए। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों और पठानकोट हमले के दोषियों को सजा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने आतंकवादी साजिशों के लिए मानवरहित ड्रोन और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों का दुनियाभर में इस्तेमाल बढ़ने पर भी चिंता व्यक्त की।

### *मणिपुर में फिर ...*

की ओर आने वाले सभी वाहनों को महादेव में रोका जा रहा है और वापस लौटने के लिए कहा जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उखरूल से इंफाल तक कई वाहन अब लितान में फंसे हुए हैं और स्थिति के नियंत्रित होने का इंतजार कर रहे हैं। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

### *राज्य में बाढ़ से ...*

राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और तूफान के बारे में अपडेट रहने को कहा गया है। अब तक कुल मिलाकर सोलह जिला समेत चार अन्य उपमंडल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बजाली उपमंडल सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, जिसमें 2.60 लाख से अधिक लोग को परेशानी का सामना करना पड़ा है। सात जिलों में 83 राहत शिविरों में 14,000 से अधिक लोग शरण ले रहे हैं, जबकि अन्य 79 राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। अर्धसैनिक बल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (एफ एंड ईएस), नागरिक प्रशासन, गैर सरकारी संगठन और स्थानीय लोग बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। एएसडीएमए की रिपोर्ट में कहा गया है कि शोणितपुर, बंगाईगांव, दरंग, धुबड़ी, लखीमपुर, मोरीगांव, नलबाड़ी, दक्षिण सालमारा और उदालगुड़ी में बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर कटाव देखा गया है। बंगाईगांव और दिमा हसाओ में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। बरपेटा, शोणितपुर, दरंग, नलबाड़ी, बक्सा, चिरांग, धुबड़ी, कोकराझाड़, लखीमपुर, उदालगुड़ी, बंगाईगांव, धेमाजी और डिब्रूगढ़ में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एएसडीएमए की रिपोर्ट में कहा गया है कि बरपेटा, दरंग, जोरहाट, कामरूप मेट्रोपॉलिटन और कोकराझाड़ जिलों के शहरी इलाकों में कई स्थानों पर भी बाढ़ आ गई है।

### *मंत्री पीयूष और ...*

जलमग्न हो जाएंगे। लोगों ने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री और विधायक के पहुंचने के बाद ही इसके ठेकेदार पगलादिया नदी पर तटबंध का काम कर रहे हैं। तामुलपुर के जरतालूक इलाके में भी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए मंत्री पहुंचे। मंत्रियों पर बाढ़ग्रस्त लोगों के मन की बातें नहीं सुनने का आरोप लगाया गया। पार्टी नेताओं के अलावा किसी की बात न सुनने को लेकर लोग काफी नाराज हुए। लोगों की शिकायत है कि मंत्री ने अपने मनपसंद ठेकेदारों द्वारा तटबंध का काम कराके लोगों की जानमाल के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कई दिनों तक गांवों के बाढ़ में डूबे रहने के बावजूद मंत्री के आने से एक रात पहले ठेकेदार तटबंध का काम करने आए। मंत्री ने कहा कि पगलादिया नदी पर जोरालुक से होलापर तक अगले वर्ष तटबंध का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इस बीच, लोगों का आरोप है कि पगलादिया नदी के पुराने पुल के नीचे नदी का पानी नहीं बहने देने के कारण जरतालुक सहित नदी के पूर्वी किनारे के गांवों में बाढ़ आ गई है।

### *हिमंत के हुसैन ओबामा ...*

पीएम उन्होंने कहा था कि भारत में जाति या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है क्योंकि उनकी सरकार संविधान का पालन करती है, जो लोकतंत्र के बुनियादी मूल्यों पर बनी है। जब आप लोकतंत्र की बात करते हैं, अगर वहां कोई मानवीय मूल्य नहीं हैं, कोई मानवता नहीं है, कोई मानवाधिकार नहीं है तो वह बिल्कुल भी लोकतंत्र नहीं है। इसलिए जब आप लोकतंत्र के बारे में बात करते हैं और आप लोकतंत्र को स्वीकार करते हैं और जब हम लोकतंत्र में रहते हैं, तो भेदभाव के लिए बिल्कुल कोई जगह नहीं है कि प्रधानमंत्री ने कहा। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने गुरुवार को एक मीडिया साक्षात्कार के दौरान भारत में जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संदर्भ दिया और कहा कि यदि इन्हें संरक्षित नहीं किया गया, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि देश किसी बिंदु पर अलग होने लगेगा। ओबामा ने एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की और कहा कि अगर राष्ट्रपति जो बिडेन पीएम मोदी से मिलते हैं, तो बहुसंख्यक हिंदू भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक की सुरक्षा उल्लेख के लायक है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच आई है, जिसे बढ़ते रणनीतिक, प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग के बीच दोनों पक्षों द्वारा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने ओबामा की टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को भारत विरोधी भीड़ के आगे झुकते हुए, शिनजियांग में अत्याचारों के लिए चीन के समान ही भारत को उपदेश देते हुए देखना बेतुका है। ओबामा से जब भारत और चीन से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पेरिस समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम किया है। वैसे, अगर मैंने प्रधान मंत्री मोदी के साथ बातचीत की, जिन्हें मैं अच्छी तरह से जानता हूं, तो मेरे तर्क का एक हिस्सा यह होगा कि यदि आप भारत में जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा नहीं करते हैं, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत, कुछ बिंदु, अलग होने लगते हैं। और हमने देखा है कि जब आपके अंदर इस प्रकार के बड़े आंतरिक संघर्ष होने लगते हैं तो क्या होता है। तो यह न केवल मुस्लिम भारतीयों, बल्कि हिंदू भारतीयों के हितों के भी विपरीत होगा। मुझे लगता है कि इन चीजों के बारे में ईमानदारी से बात करने में सक्षम होना महत्वपूर्ण है। ओबामा ने बताया कि चीजें उतनी साफ-सुथरी नहीं होंगी जितनी आप चाहते हैं, क्योंकि दुनिया जटिल है। ओबामा ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए यह कहना महत्वपूर्ण है कि यदि चीन उघुरों को सामूहिक शिविरों में भेज रहा है और उन्हें फिर से शिक्षित किया जा रहा है, तो यह हम सभी के लिए एक समस्या और चुनौती है और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है यह।

### *जेल में बढ़ रहे ...*

उसने गौर किया है कि ज्यादातर कैदियों की अस्वाभाविक मौतें आत्महत्या के कारण होती हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी परामर्श में एनएचआरसी ने जोर देकर कहा कि बैरकों और शौचालयों में लोहे की ग्रिल, पंखे और हुक जैसी वस्तुएं नहीं होनी चाहिए, जिनका उपयोग फांसी लगाने के लिए किया जा सकता है। जेल में आत्महत्या की सबसे अधिक घटनाएं बैरक और शौचालयों में ही होती हैं। प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के लिए प्रत्येक बैरक में जेल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की भी सिफारिश की है। कैदियों के परिवार के सदस्यों से उनकी मुलाकात को प्रोत्साहित करने या फोन पर बात करने की व्यवस्था का भी सुझाव दिया गया है ताकि कैदी मानसिक रूप से अच्छा महसूस कर सकें। एनएचआरसी ने कहा है कि प्रत्येक कैदी की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट में मानसिक स्वास्थ्य जांच को शामिल किया जाना चाहिए। जेल कर्मचारियों की मौजूदा रिक्तियों को भरा जाना चाहिए। आयोग ने परामर्श संबंधी पत्र को गृह मंत्रालय, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और सभी जेल महानिदेशकों को भी भेजा है। एनएचआरसी के महासचिव देवेंद्र कुमार सिंह ने सिफारिशों पर तीन महीने के भीतर *कार्रवाई रिपोर्ट* भी मांगी है।

### *बंगाल पंचायत चुनाव...*

के अध्यक्ष धनंजय चौबे की गुरुवार शाम पार्टी कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हमले में धनंजय के अंगरक्षक कांस्टेबल शेखर दास भी घायल हो गए। दोनों को रघुनाथपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। इस बीच, उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में भाजपा नेता के घर पर बमबाजी करने के आरोप लगे हैं। उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर पर बम फेंकने का आरोप तृणमूल समर्थित पर लगा है। घटना को लेकर उत्तर 24 परगना के बनगांव में आक्रोश है। बनगांव उत्तर से भाजपा विधायक घटनास्थल पहुंचे हैं। हालांकि, तृणमूल की ओर से आरोपों से इनकार किया गया है। इसी तरह से दार्जीलिंग जिले के डाबग्राम में तृणमूल समर्थकों पर भाजपा नेता के घर में आगजनी का आरोप लगा है। भाजपा के सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस जानबूझ कर डर का माहौल पैदा कर रही है।

### *2050 तक दुनिया...*

में वृद्धि हो रही है वह न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया में प्रत्येक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए चुनौतीपूर्ण भी है। शोधकर्ता ने कहा कि लगभग सभी वैश्विक मामलों में 96 प्रतिशत मामले *टाइप 2* मधुमेह (टी2डी) के हैं। ओंग ने ग्लोबल बर्डेन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2021 अध्ययन का इस्तेमाल किया और 1990 एवं 2021 के बीच 204 देशों में उम्र एवं लिंग के आधार पर मधुमेह के प्रसार, रोगियों की संख्या और इससे मृत्यु का अध्ययन किया तथा 2050 तक मधुमेह की स्थिति का आकलन किया। विश्लेषण के अनुसार, हालिया और सबसे अधिक व्यापक गणनाएं दिखाती हैं कि रोग की मौजूदा वैश्विक प्रसार दर 6.1 प्रतिशत है जो इसे मृत्यु एवं निशक्तता के 10 प्रमुख कारणों में से एक बनाती है। अध्ययन से यह पता चला है कि क्षेत्रीय स्तर पर यह दर उत्तर अमेरिका और पश्चिम एशिया में सबसे अधिक 9.3 प्रतिशत है जो 2050 तक बढ़कर 16.8 होने की संभावना है और लातिन अमेरिका एवं कैरेबियाई देशों में यह दर 11.3 प्रतिशत है। अनुसंधानकर्ताओं ने यह भी पाया कि मधुमेह के लक्षण विशेष रूप से 65 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में पाए गए हैं और उक्त जनसांख्यिकीय के लिए 20 प्रतिशत से अधिक की वैश्विक प्रसार दर दर्ज की गई। क्षेत्रीय आधार पर उत्तर अफ्रीका और पश्चिम एशिया में इस आयु वर्ग में सर्वाधिक दर 39.4 प्रतिशत थी, जबकि मध्य यूरोप, पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया में यह सबसे कम 19.8 प्रतिशत थी।

### *विपक्षी एकता : एकजुट ...*

दिया है। लिट्टी-चोखा से लेकर गुलाब जामुन तक। उन्होंने कहा कि आज सारे संवैधानिक संस्थानों पर भाजपा-आरएसएस आक्रमण कर रही है। आज विचारधारा की लड़ाई है तो हम सब एक साथ खड़े हैं। थोड़ा अलगाव है लेकिन हमने निर्णय लिया है कि हमलोग एक साथ काम करेंगे। कुछ ही समय में अगली मीटिंग होगी। आज जो हमने बातचीत की उसे और गहराई में ले जाएंगे। यह पूरी गहरी तरीके से आगे बढ़ने जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ बातों पर मतभेद है उसे आगे की बैठकों में दूर किया जाएगा। आज जो बातचीत की है, उसे अगली मीटिंग में और आगे बड़ाएंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि नीतीश कुमार ने बहुत अच्छे तरीके से मीटिंग का आयोजन किया है। पटना से ही जन आंदोलन शुरू होता है। दिल्ली में कई बार मीटिंग हुई, लेकिन उसका कोई निष्कर्ष नहीं निकला। आज की मीटिंग में तीन चीजें क्लियर हुई। पहला हम एक हैं। दूसरी हम एक साथ लड़ेंगे। तीसरी जो भी पॉलिटिकल एजेंडा भाजपा लाए, हमलोग साथ मिलकर उसका विरोध करेंगे। इस लड़ाई में अपना खून बहाना पड़ा तो बहाएंगे। आज इतिहास का बड़ा दिन है। बैठक में जो जानकारियां निकलकर आई थीं, उनके अनुसार नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने धारा 370 हटाने पर आम आदमी पार्टी के रुख पर आश्चर्य जताया है। साथ ही सभी दलों ने केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल का समर्थन करने के लिए कांग्रेस से कहा है।

### *नब्बे के दशक में ...*

में महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मंत्री के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए गडकरी ने कहा कि तब वह बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) और पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के आधार पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में बात करते थे। तो कांग्रेस नेता यह कहते हुए उनका मजाक उड़ाते थे कि क्या सरकार को बीओटी और पीपीपी पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज, बीओटी और पीपीपी मॉडल अच्छी तरह से स्वीकार किए जाते हैं। गडकरी ने कहा कि विकास और आर्थिक वृद्धि पर ध्यान देने के साथ सुशासन के कारण मोदी सरकार में निर्णय लेना पारदर्शी और समयबद्ध है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने दावा किया कि आज 900 करोड़ रुपए के बजट में नौ लाख करोड़ रुपए के काम किए जा रहे हैं, क्योंकि मोदी सरकार पूंजी निवेश को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि पूंजी निवेश से संपत्ति और नौकरियां पैदा होती हैं। गडकरी ने कहा कि मोदी सरकार में विकास और आर्थिक वृद्धि पर ध्यान देने के साथ ही सुशासन के कारण निर्णय लेने की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य गरीबी और सामाजिक-आर्थिक असमानता को खत्म करना है। गडकरी ने कहा कि मोदी सरकार की अंत्योदय योजनाओं से समाज के गरीब तबके को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जहां 9.5 करोड़ लोगों को गैस चूल्हा मिला, वहीं पीएम आवास योजना से 3.5 करोड़ नागरिकों को घर मिला।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्दश अध्याय**

**( स्तुति-प्रार्थना )**

**लोक मोक्ष इच्छा नहीं, नाहिं सकल गति आनि।**
**भक्ति देहु अनुपायिनी, विशद सुखद शुभ खानि॥ 13॥**

**शब्दार्थ :** (आनि) दूसरी (भक्ति) प्रभु में एकरस प्रेम (अनुपायिनी) दृढ़, अचल (विशद) विस्तृत (सुखद) सुखदायिनी (शुभ खानि) मंगल, आनंद की जननी।

**भाष्य :** मुझे संसार या मोक्ष की इच्छा नहीं है, न दूसरी कोई उन्नति चाहता हूं। मुझे सुखदायी, मंगलमूल, पूर्ण और दृढ़, अचल भक्ति चाहिए।

**( आध्यात्मिक वंदना )**

**परम देव प्रभु वंदना, अनुभव शब्द स्वरूप।**
**भीतर बाहर रमि रहा, व्याप्त सकल घट रूप॥ 14॥**

**शब्दार्थ :** (परम देव) समस्त देवों का देव परमप्रभु।

**भाष्य :** भौतिक और आध्यात्मिक दो प्रकार की वंदना होती है। भौतिक वंदना संसारी प्राणी करते हैं और आध्यात्मिक अनुभव, भावपूर्ण वंदन योगीजन करते हैं। अनुभव शब्दस्वरूप परमप्रभु की वंदना है, जो भौतिक समस्त नाम रूप जगत में व्यापक हो कर भीतर-बाहर गति दे रहा है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**

## नीट यूजी परिणाम 2023 : फिजिक्स वाले छात्रों ने रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी हासिल की



**गुवाहाटी।** नीट यूजी परिणाम 2023: 20,000 से ज्यादा छात्रों के नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) के नीट बैचेज ने रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी हासिल की, जिसमें 7 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक 100 में जगह बनाई। सेलेक्शन में अभूतपूर्व उछाल : फिजिक्स वाला नीट 2023 के परिणाम में 100त्न की चौंका देने वाली बढ़ोतरी , पिछले साल की संख्या दोगुनी हुई! फिजिक्स वाला, भारत का अग्रणी एड-टेक प्लेटफॉर्म, जो बड़े पैमाने पर शिक्षा को सुलभ बना रहा है, ने नीट यूजी परिणाम 2023 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। पीडब्ल्यू नीट बैच के कुल 15 छात्रों ने 700 से अधिक अंक प्राप्त कर मिसाल कायम किया। इसके अलावा, पीडब्ल्यू के नीट बैचों के 20,000 से ज्यादा छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ नीट परीक्षा क्वालीफाई किया। फिजिक्स वाला के टॉप स्कोरर में सैमुअल हर्षित एआईआर-24, निशांत शर्मा एआईआर-28, सुमेधा सिन्हा एआईआर-39, प्रयास राउत एआईआर-67, एमडी रेजाउल्लाह एआईआर-134 और प्रांजल सिंह एआईआर-150 शामिल हैं। परीक्षा के लिए 20 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया और 11,45,976 ने क्वालीफाई किया। इस वर्ष, पीडब्ल्यू के शिक्षकों द्वारा ट्रेन किए गए 20,000 से अधिक छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और मेडिकल कॉलेजों में सीटें सुरक्षित किया।

# छयगांव में विधान सभा क्षेत्र तोड़ने पर व्यापक प्रतिक्रिया

**कामरूप( असम ) ( हिंस )।** निचले असम के छयगांव निर्वाचन क्षेत्र को निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के दौरान में भंग किए जाने को लेकर व्यापक प्रतिक्रिया हुई है। निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के मसौदे पर राज्य भर के साथ-साथ छयगांव इलाके में घोर असंतुष्टि देखी जा रही है। असम विधानसभा के 49 नंबर छयगांव निर्वाचन क्षेत्र को निरस्त किए जाने से छयगांव के कई दल और संगठन सदमे की स्थिति में हैं। उल्लेखनीय है कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जिला सचिव हितेश दास ने प्रसिद्ध माता चंडिका, चांद सदागर तथा बेउला लखीन्दर जैसी की स्मृति को संजोए छयगांव विधानसभा क्षेत्र को भंग किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। दास ने कहा




कि राजनीतिक दलों के प्रभाव में काम करके चुनाव आयोग ने अपनी निरपक्षता को खो दिया है। छयगांव निर्वाचन क्षेत्र को समाप्त करने के पीछे राजनीति षड्यंत्र है। उन्होंने चुनाव आयोग से दक्षिण कामरूप इलाके में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़ाने का की अपील की है। उन्होंने कहा कि चमरिया को भी एक नया निर्वाचन क्षेत्र बनाया जाना चाहिए और छयगांव निर्वाचन क्षेत्र को भी बरकरार रखना चाहिए। वहीं, जातीय सेना नामक संगठन के अध्यक्ष नयनमणि शाले ने भी मांग की है कि छयगांव नाम को पहले की तरह इतिहास के पन्नों में चमकते रहने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति निर्वाचन क्षेत्र होने के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने सड़कों पर उतरने और छयगांव क्षेत्र को समाप्त करने के विरुद्ध जोरदार आंदोलन शुरू करने की भी चेतावनी दी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग विभिन्न जातीय समूहों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्रों को अस्तित्व में रहने देने के विरुद्ध है?

## नलबाड़ी में श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन

**नलबाड़ी।** स्थानीय श्री मारवाड़ी पंचायत धर्मशाला में विहंगम योग संस्थान, नलबाड़ी शाखा के सौजन्य एवं ठाकुरबाड़ी सत्संग मंडली के तत्वावधान में आगामी 25 जून रविवार को श्री हनुमान चालीसा का आध्यात्मिक रंग स्वर्वेद के संग सत्संग पाठ का भव्य आयोजन किया गया है। विश्व के सबसे बलशाली श्रीरामभक्त हनुमान की वीरगाथा पर आधारित गोस्वामी तुलसीदास कृत श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं चौपाईयों का सार विश्लेषण भक्तिभाव सहित प्रयागराज, उत्तरप्रदेश से पधारे विशिष्ट विहंगम योग एवं ब्रह्मविद्या प्रचारक श्री विदेश्वरी दूबे द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस पावन अवसर पर विहंगम योग संस्थान नलबाड़ी शाखा ने सभी सनातन भक्तों से मानव जीवन की सार्थकता एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु इस कार्यक्रम में सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित हनुमान चालीसा पाठ में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का विशेष अनुरोध किया है। कार्यक्रम 25 जून, रविवार को सायंकाल 6 बजे से शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के बाद आयोजकों द्वारा महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति विहंगम योग संस्थान की ओर से विजय कुमार शर्मा ने जारी की है।

## कामरूप में सुपर-20 प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**रंगिया ( विभास )।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी और कामरूप जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एकीकृत कामरूप जिला उपायुक्त कार्यालय में आज जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली की अध्यक्षता में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के संचालक प्रोफेसर परमेश्वर के अय्यर की उपस्थिति में जिले में सुपर-20 प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करने वाले जिला उपायुक्त ने कहा कि जेईई/एआईईईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा/अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा) परीक्षा में कामरूप जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से 20 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया है। इन छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के संकाय द्वारा एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त ने कामरूप जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के 20 छात्रों जो प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे उनसे बाते करते हुए कहा कि यह परीक्षा अखिल भारतीय कठिन परीक्षाओं में एक है, जिसमें बैठने के लिए आपको सबसे पहले खुद को मानसिक रूप से तैयार करना होगा और जमकर पढ़ाई करनी होगी। इस संबंध में उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने अब्दुल कलाम का उदाहरण दिया जिन्होंने बेहद गरीब परिवार से छात्र होने के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत से दुनिया में भारत के मिसाइल मैन के रूप में प्रसिद्धि हासिल की।

## प्रदेश भाजपा ने बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, महान राष्ट्रवादी नेता और भारत माता के सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज असम प्रदेश भाजपा के 39 संगठनात्मक जिलों में मंडल और बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की पहल पर बलिदान दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता के साथ पार्टी के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, प्रदेश पदाधिकारियों और पार्टी के मंडल एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति के बावजूद राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जा रहे बलिदान दिवस के अवसर पर भारत केसरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर श्रद्धांजलि दी। रंगिया ब्लॉक के डिमौ दोवाक पंचायत के बूथ नंबर 226 स्थित महाविष्णु यज्ञ मंदिर के प्रांगण में आयोजित समारोह में भाजपा असम प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने राष्ट्र के नेता की पुण्यतिथि के अवसर पर महान नेता को याद किया। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता की रक्षा के लिए मुखर्जी ने न केवल केंद्रीय मंत्री के रूप में अपना पद त्याग दिया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, बल्कि देश की अखंडता के लिए आंदोलन राष्ट्रव्यापी और फलदायी हो, यह सुनिश्चित करने के लिए अपने जीवन के अंत तक अपने प्रयासों को जारी रखा।

## कोकराझाड़ : समाजसेवी सजल आचार्जी ने गरीबों के बीच बांटे छाता



**कोकराझाड़ ( विभास )।** पिछले कई दिनों से जिले में हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी और सारा बीटीआर बंगाली युवा छात्र फेडरेशन के केंद्रीय समिति के सांगठनिक सचिव एवं कोकराझाड़ जिले के समाजसेवी सजल आचार्जी ने गरीब लोगों के बीच छाता बांटे। आचार्जी ने करीब जिले के सैकड़ों लोगों को मुप्त में छाता बितरण किए।

## वृद्ध आश्रम में लायंस उमंग ने दी एलईडी टीवी

**गुवाहाटी ( विभास )।** वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के मनोरंजन हेतु लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की ओर से एलईडी टीवी उपलब्ध कराई गई। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषी सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में सिजुबाड़ी स्थित मदर ओल्ड एज होम में रह रही माताओं के मनोरंजन हेतु रेखा जालान के सहयोग से टीवी दी गई, ताकि वे लोग विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद ले सकें। इसके पीछे हमारा मुध्य उद्देश्य वृद्ध माताओं के दुखों को कम कर उनके चेहरे पर हंसी के कुछ पल लाना है। इस अवसर




पर क्लब की सदस्या प्रेरणा अग्रवाल द्वारा वृद्ध माताओं को मनोरंजन से जुड़ी कहानी भी सुनाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष सीमा सोनी, प्रेरणा जालान, रेखा जालान, नियासी जालान सहित अन्य सदस्याएं मौजूद थी।

# होजाई : शिशुगांव में *एसओएस दिवस* आयोजित

**होजाई ( निसं )।** होजाई के एसओएस शिशुगांव ने आज अपने संस्थापक पिता स्वर्गीय डॉ. हरमन जिमेनर की 104वीं जन्म जयंती मनाई। गौरतलब है कि इस दिन विश्व के सभी शिशुगांवों में *एसओएस दिवस* के रूप मनाया जाता है। डॉ. हरमन जिमेनर ने एसओएस शिशुगांव की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. हरमन जिमेनर के प्रतिछवी के सामने दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प श्रद्धांजलि के साथ हुआ। इसके बाद शिशुगांव के कुछ बच्चों के समूह द्वारा स्वागत गीत पेश किया गया। इस के बाद स्वागत भाषण रखा गांव के निदेशक राकेश सिन्हा ने। उन्होंने संक्षेप में डॉ. जिमेनर के दर्शन, त्याग, बच्चों के लिए यार और देखभाल करने के लिए उनके आजीवन जुनून के बारे बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकृष्ण घोष जिला न्यायिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मार्लीन हजारिका, विशिष्ठ अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति के चेयरमैन समीर सरकार तथा डिस्टिक चाइल्ड प्रोटक्शन ऑफीसर निरंजन तालुकदार विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मंच पर आसीन थे। इस अवसर पर विधायक रामकृष्ण घोष ने कहा कि मानवता के लिए एसओएस शिशुगांव द्वारा दी जा रही सेवा अनुकरणीय है, इसकी तुलना किसी भी चीज से नहीं की जा सकती। यह वास्तव में हर बच्चे के लिए एक प्रेमपूर्ण घर है। डीएलएसए



सचिव मार्लीन हजारिका ने कहा कि इस गांव का प्रत्येक बच्चा भाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें अच्छा वातावरण, गांव, घर, परिवार, भाई और बहन का प्यार मिला है। सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन समीर सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि हर एक बच्चा भारत का गौरव है और इनका सही तरीके से लालन-पालन अति आवश्यक है। बच्चों के हाथों में ही भारत का भविष्य निर्धारित होगा। उन्होंने एसओएस चिल्ड्रन विलेज द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान अपने संबोधन में जिला बाल सुरक्षा समिति के अधिकारी निरंजन तालुकदार ने भी अपने संबोधन में शिशुगांव की तारीफ करते हुए कहा कि शिशुगांव में आकर एक अद्भुत एहसास होता है, मन प्रसन्न हो जाता है। वहीं एसओएस शिशुगांव के बच्चे जिन्होंने एचएसएलसी व एएचएसईसी में उत्कृष्टता प्रदर्शन किया। उन बच्चों को सम्मानित भी किया। इस दौरान एफएसपी कार्यक्रमों में जिन सेल्फ हेल्प ग्रुप ने अच्छा प्रदर्शन किया है उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस दौरान एक रगांरगं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## जिओ नेटवर्क के मोबाइल टॉवर में लगी आग

**होजाई ( हिंस )।** जिले के लमडिंग में शुक्रवार को अचानक आग लगने से जियो नेटवर्क का टॉवर जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया गया कि लमडिंग में रेलवे संस्थान (इंस्टीट्यूट) परिसर में लगे जियो कंपनी के एक मोबाइल टॉवर के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन टॉवर की डीजी मशीन समेत कई सामान जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से पूरे संस्थान की कॉलोनी में आग फैलने से बच गई। संस्थान के अधिकारियों ने रेलवे के अधिकारियों से किसी भी अनुमति के बिना पिछले सात वर्ष से टॉवर को स्थापित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस आग से 40 लाख का नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क लोटस मोबाइल मेडिकल बस सेवा जारी

### अब तक 108 शिविरों में 20 हजार से अधिक लोग हुए लाभान्वित

**गुवाहाटी ( विभास )।** पिछले कई महीनों से असम के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों के बीच नि:शुल्क लोटस मोबाइल मेडिकल बस सेवा निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित 108 शिविरों में 20 हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। विशेष रूप से ग्रामीण अंचल में रह रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों तक नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से असम में नि:शुल्क मोबाइल मेडिकल बस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान की लोटस टीएमटी बार मेडिकल बस सेवा की ओर से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बीडीजी मेटल एंड पावर




लिमिटेड के चेयरमैन तथा सेवा संस्थान के प्रमुख ट्रस्टी रमेश गोयल के नेतृत्व में लोटस टीएमटी बार की ओर से नि:शुल्क मेडिकल बस सेवा आने वाले दिनों में नगांव में चार शिविर के बाद तीन गुवाहाटी में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मेडिकल बस शिविर के प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि उक्त स्थान के जरूरतमंद लोग शिविर में पहुंचकर आई टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, डेंटल टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, ईएनटी टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, पैथोलॉजिकल लेबोरेटरी की सुविधा, जनरल ओपीडी, ईसीजी एवं एक्स-रे की सुविधा का लाभ इस मोबाइल मेडिकल बस के माध्यम से नि:शुल्क ले सकते हैं। शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच आनंदलोक हॉस्पिटल के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया है। मेडिकल बस शिविर के प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा कि संबंधित स्थानों पर कार्यरत स्थानीय संगठनों ने नि:शुल्क शिविरों को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वही संबंधित क्षेत्र के लोगों ने भी इस सेवा की खुले दिल से सराहना की तथा समय-समय पर इस तरह की बस सेवा के माध्यम से शिविरों का आयोजन करने की मांग की।

## अवैध रूप से सागौन की लकड़ी ले जा रहा ट्रक जब्त

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी जिला वन विभाग अवैध लकड़ी तस्करी के विरूद्ध अभियान तेज कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चलाए गए एक तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध सागौन की लकड़ी जब्त की गई। उल्लेखनीय है कि हैलाकांदी जिला वन अधिकारी अखिल दत्ता के नेतृत्व में गुरुवार की देर रात तलाशी के दौरान हैलाकांदी बाईपास से वन विभाग ने अवैध रूप से सागु न की लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक जब्त किया है। ट्रक (एएस-11सीसी-8570) में अवैध सागौन की लकड़ी लोड करके कछार जिला से हैलाकांदी लाया गया था। वन विभाग की टीम ने ट्रक को जब्त कर ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार ड्राइवर की पहचान मजीबुल अली के रूप में हुई है। वन अधिकारियों का अनुमान है कि जब्त सागौन की लकड़ी का बाजार मूल्य दो लाख रुपए के करीब है।

## मूसलाधार बारिश से जोगीघोपा में फिर भूस्खलन

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** जिले के जोगीघोपा इलाके में मूसलाधार बारिश से फिर भूस्खलन होने की खबर है। इसके चलते रास्ते बंद हो गए हैं। जिससे कई गांवों के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि बारिश के बीच जोगीघोपा में बालापाड़ा, खेरपुजी, मानिकझोरा होते हुए शंकरघोला जाने वाले रास्ते पर भैरब चूड़ा पहाड़ की मिट्टी और चट्टान ढहने से सड़क बाधित हो गई है। इससे यातायात पूरी तरह से बंद हो गया। कई आदिवासी समुदायों के गांवों के लोगों को सड़क बंद होने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि भू-माफियाओं के एक वर्ग द्वारा पहाड़ों से मिट्टी काटे जाने के कारण मानसून के दौरान भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते सड़क अवरुद्ध हो गई है। संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पहाड़ से आए मलवे को हटाने में जुटा हुई है।

No. S/I-639/Boat Engine/2020-21/76

**TENDER EXTENSION NOTICE**

Ref. this Office GEM Bid Number GEM/2023/B/3488931 Dtd. 29/05/2023 in connection with procurement of 40 HP OBM for Inflatable Boat, the bid opening date and time has been extended up-to 04:30 PM of 10-07-2023 due to technical reason and to be organized pre-bid meeting.

Inspector General of Police (Admn.)
Assam, Guwahati.

*-- Janasanyog /C/2074/23*

# मिशन कुंजकानन कामरूप अभियान का शुभारंभ

**रंगिया ( विभास )।** असम फ्लोरीकल्चर के अधीन कामरूप में फूलों की खेती की क्षमता विकसित करने के लिए असम फ्लोरीकल्चर मिशन के तहत कामरूप में मिशन कुंजकानन कामरूप शुरू किया गया है। एक साल के इस अभियान का लक्ष्य कामरूप को एक प्रमुख फूल उत्पादन क्षेत्र बनाना है। इस मौके पर आज एकीकृत जिला उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में असम फ्लोरीकल्चर मिशन के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक में जिले के फूल उत्पादकों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई ताकि अधिक किसानों को फूल उगाने के क्षेत्र में आकर्षित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि जिले के हाजो राजस्व अंचल में अभी फूलों की खेती



की प्रधानता देखी जा रही है। हालांकि, बाजार से जुड़ाव और उत्पादों की डिलीवरी में कुछ कठिनाइयों के कारण, इस क्षेत्र में मौजूद विशाल संभावनायें का ठीक से वास्तविक नहीं हो पाई है। गुवाहाटी में फूलों के बड़े बाजार और जिले के कई हिस्सों में फूलों की खेती के लिए अनुकूल जलवायु वातावरण के साथ, कामरूप जिले में राज्य में फूलों की खेती में अग्रणी भूमिका निभाने की क्षमता है। बैठक में फूलों की कृषि भूमि के विस्तार के मुद्दे पर भी चर्चा हुई ताकि असम फ्लोरीकल्चर मिशन के तहत अधिक किसानों को लाभ मिल सके। इस संबंध में उचित कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने की तथा उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग के निदेशक से हाजो, गेरुवा, रंगिया, बेजेरा आदि फूलों की खेती की संभावना वाले क्षेत्रों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाएगा। वहीं बैठक में पुष्प उत्पादन संस्था के प्रतिनिधियों ने एक रेफ्रिजरेटेड वैन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ताकि उत्पादित फूलों को ताजा रूप में बाजार में आपूर्ति की जा सके। बैठक में कामरूप जिले की अतिरिक्त उपायुक्त सुजाता गोगोई, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी और फूलों की खेती के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotation affixing non refundable Court Fee stamp of Rs.8.25 (Rupees Eight & Paise twenty five) only are invited from the Registered Contractors / Suppliers / Firms of W R Deptt, Mechanical Zone for rates of materials & Jobs to execute the scheme “Maintenance and Repairing of Sluice Gates and Departmental Vehicles under Guwahati Mechanical W.R. Division (Flood Drill, Phase — I) for the year 2023-24” as per Administrative Approval accorded from the Govt. The quotation must be accompanied with EMD of Rs 2000/- ( Rupees Two Thousand) only to be deposited in the form of demand draft / banker’s cheque / FDR pledged in favour of the undersigned.

The quotation will be received in the office of the undersigned up to 12-00 hours on 04-07-2023 or the next working day if the day as mentioned to be a holiday / half holiday and will be opened on same date and place on at 14-00 hours in presence of the quotationers or their authorized representative, if any.

The detail quotation papers / particulars with terms and conditions may be collected from the office of the undersigned on any working day during office hours up-to 15-00 hrs on 03-07-2023 by making for payment of Rs. 20/- (Rupees twenty) only in the form of crossed I.P.0 pledged in favour of the undersigned.

All rights are reserved by the undersigned.

Executive Engineer
Guwahati Mechanical Division,
W.R.Deptt., Guwahati -29

*-- Janasanyog /C/2048/23*

# अमित शाह ने कश्मीर में हालात सुधरने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया



**जम्मू, (हि.स.)।** अपने दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भगवती नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर में हालात सुधरने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है और अब उन्हीं के नेतृत्व में नया जम्मू-कश्मीर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में फिर से पंचायती राज स्थापित कर दिया है, जिसका लाभ पूरी जम्मू-कश्मीर की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सालों तक जम्मू कश्मीर में तीन परिवारों का शासन रहा है। उन्होंने अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 1947 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर में 42,000 लोगों की हत्या हुई जिसके लिए इन परिवारों की नीतियां जिम्मेदार रही हैं। उन्होंने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर पूरी तरह बदल गया है और हाल ही में श्रीनगर में जी-20 का सफल आयोजन इसका ही परिणाम है। सम्मेलन की शानदार सफलता और सभी प्रतिभागी नये संदेश के साथ अपने-अपने देशों को लौट गए हैं। आने वाले दिनों में इसका लाभ भी जम्मू-कश्मीर को देखने को मिलेगा। प्रत्येक विदेशी गणमान्य व्यक्ति शांति का संदेश और अनुच्छेद 370 हटने के बाद बदलते कश्मीर के संदेश के साथ अपने-अपने देशों में लौटा है। उन्होंने श्रीनगर में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए एलजी मनोज सिन्हा को श्रेय दिया। गृह मंत्री ने कहा कि वे दिन चले गए हैं, जब तीन परिवार शासन करते थे और जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर देते थे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी को 1953 में बिना परमिट के जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने पर अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, तो किसी को भी अपने ही देश में प्रवेश करने के लिए परमिट की आवश्यकता क्यों होनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय की सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया गया और बाद में एक साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी गई, परन्तु उनका बलिदान बेकार नहीं गया है और उनका सपना मोदी सरकार ने पूरा कर दिखाया है। शाह ने कहा कि आज मुखर्जी की आत्मा को शांति मिलेगी क्योंकि एक विधान, एक निशान और एक प्रधान का उनका सपना पूरा हो गया है। गृह मंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 को शामिल करने का विरोध करने वाले पहले व्यक्ति थे। शाह ने कहा कि पांच अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा कदम उठाया और डॉ. मुखर्जी के दृष्टिकोण को पूरा करते हुए अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए हटा दिया और उसी का परिणाम है कि आज जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित हो गई है और जम्मू-कश्मीर एक नये जम्मू-कश्मीर में बदल गया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा भारत पीएम मोदी के शासन के नौ साल का जश्न मना रहा है। मोदी का शासन एक खुली किताब है। यह यूपीए की तरह नहीं है जिसमें 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। शाह ने कहा कि उनके नौ साल के शासन के दौरान मोदी के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आज शहर में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही भाजपा ने आतंकवाद पर नकेल कस दी है और आतंकवाद अपनी मृत्यु शय्या पर है और बहुत जल्द इसका नामोनिशान मिट जायेगा। गृहमंत्री ने कहा कि यूपीए के दस साल के शासन में 60,327 आतंकवादी घटनाएं हुईं। एनडीए के नौ साल के शासन में 70 प्रतिशत कम आतंकी घटनाएं हुई हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 47 महीनों में हड़ताल के लिए केवल 32 कॉल आए, जबकि पथराव में 90 प्रतिशत की गिरावट आई। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने पत्थरों की जगह लैपटॉप और किताबों को ले लिया है। शाह ने बताया कि 2022 में पहली बार 1.88 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए। 2024 के संसदीय चुनावों के लिए जम्मू के लोगों से मोदी के लिए समर्थन मांगते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और मोदी जी के बीच कोई तुलना नहीं है। उन्होंने कहा कि हम 2024 के चुनावों में 300 से अधिक सीटें जीतेंगे। शाह जम्मू में तिरुपति मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद दोपहर बाद कश्मीर घाटी पहुंचेंगे और श्रीनगर स्थित राजभवन सभागार में शाम 4:30 बजे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। शाम 5:30 बजे एसकेआईसीसी श्रीनगर में संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित वितस्ता महोत्सव में शामिल होंगे, जबकि 24 जून को सुबह 10:30 बजे प्रताप पार्क श्रीनगर में बलिदान स्तंभ का शिलान्यास करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए शहर में हाई अलर्ट कर दिया गया है। पूरे शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 3 हजार सुरक्षाबलों को लगाया गया है। इनमें पुलिस, सीआरपीएफ और सीआईएसएफ सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं।

## मायावती ने गरीबों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई को बताया शर्मनाक, प्रदेश सरकार को घेरा



**सागर, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सागर जिले में गरीब परिवारों के घर तोड़े जाने के मामले में मध्य प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए जिला प्रशासन की कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि 'मध्य प्रदेश सरकार की विध्वंसकारी द्वेषपूर्ण बुलडोजर राजनीति लोगों के घर और स्कूल तोड़ते-तोड़ते अब पीएम आवास योजना के अंतर्गत बने गरीबों के मकान भी तोड़ने लगी है, जो अति निंदनीय है।' सागर जिले में पीएम योजना के तहत बने सात दलित परिवारों के घरों का ध्वंस शर्मनाक है। दरअसल, मप्र के सागर मुख्यालय से करीब 22 किमी दूर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैपुरा में वन विभाग ने गत दिवस दलित परिवारों के घरों को गिरा दिया था। तर्क दिया कि प्रधानमंत्री आवास वन विभाग की जमीन पर बने थे। गुरुवार को दिग्विजय सिंह पीड़ित परिवार से मुलाकात के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'ये सब मध्यप्रदेश सरकार में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के इशारे पर हुआ है। पीड़ितों ने भी यही बात कही। रैपुरा गांव सुरखी विधानसभा में आता है। यहां से गोविंद सिंह विधायक हैं। वह 2020 में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इधर, दिग्विजय सिंह के बयान पर राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पलटवार किया है। उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा कि दिग्विजय सिंह जी आप वरिष्ठ नेता हैं। आपके द्वारा इतनी हल्की और झूठी बात लिखना शोभा नहीं देती कि मेरे भाई ने दबाव देकर ग्रामीणों से वीडियो बनवाया। आपने सारी जिंदगी झूठ बोला है, कम से कम इस उम्र में तो सच बोलना शुरू कर दें। इस मामले में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि 'दिग्विजय सिंह राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं। जिन लोगों के मकान टूटे हैं, उनको दूसरे मकान बनाकर देने का काम चल रहा है। कांग्रेस को 15 महीने में जनता आजमा चुकी है। ये कुछ भी कर लें, अब कुछ होने वाला नहीं है। यह सब आडंबर है।'

## शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए बुद्ध नगर से कूड़ा खत्ता हटाने के बाद वहां लाइब्रेरी बनवा रहे हैं : दुर्गेश पाठक

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों की शिकायत थी कि वह कूड़े खत्ते और उससे होने वाली गंदगी से बहुत परेशान हैं। लोगों का कहना था कि बदबू और गंदगी से हमारा जीना दूभर हो गया है। मैंने उन्हें समझाया कि यह काम एमसीडी के अंतर्गत आता है और इसे साफ करवाने की जिम्मेदारी पार्षद की है। पिछले 15 सालों से आपके वॉर्ड में भाजपा का पार्षद है। उन्होंने कूड़े के खत्तों को हटवाने का प्रयास नहीं किया। साथ ही मैंने उनसे वादा किया था कि एमसीडी में आप सरकार की जीत होगी तो कूड़े खत्ते की समस्या जरूर दूर करेंगे। आप नेता ने कहा कि बुद्धनगर के लोगों ने आम आदमी पार्टी से ज्योति गौतम जी को प्यार देकर अपने वॉर्ड का पार्षद बनाया। उनको 5 हजार से ज्यादा वोटों के साथ चुनाव जिताया। परिणाम स्वरूप हमने कूड़ा खत्ता हटवाकर जनता से किया वादा पूरा किया। जो काम बीजेपी वाले 15 साल में नहीं कर पाए, उस काम को ज्योती जी ने दो महीनों में कर दिया। इससे भी खुशी की बात यह है कि वहां पर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। चूंकि, आम आदमी पार्टी शिक्षा को अत्यधिक महत्व देती है इसलिए मुझे नहीं लगता है कि लाइब्रेरी से बेहतर कोई और विकल्प हो सकता था। इसका एक और फायदा यह है कि कोई वहां दोबारा कूड़ा नहीं फेंकेगा। उन्होंने कहा कि इसी सिलसिले में कल देर शाम ज्योति गौतम जी और एमसीडी अधिकारियों के साथ मिलकर पहले कूड़े खत्ते की जगह का निरीक्षण किया। इसके बाद एक टीम का गठन किया जो यह सुनिश्चित करेगी कि लाइब्रेरी का काम अच्छे से चले। टीम हर हफ्ते मीटिंग कर लाइब्रेरी बनने के दौरान आने वाली समस्याओं को खत्म करने के लिए उनके समाधान पर चर्चा करेगी।

## चंबा के मनोहर हत्याकांड की जांच केन्द्रीय एजेंसी से हो: शांता कुमार



**पालमपुर, (हि.स.)।** हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि चम्बा जिला में मनोहर हत्याकांड हिमाचल प्रदेश में अपनी प्रकार की पहली दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने इस हत्याकांड की जांच किसी केन्द्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शान्ति प्रिय प्रदेश है, परन्तु दुर्भाग्य से अब इस प्रकार की घटनाएं घटने लगी हैं। सरकार और जनता को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए और हिमाचल प्रदेश के शान्तिपूर्ण वातावरण को बनाये रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चम्बा की जनता एक ही मांग कर रही है कि इस गंभीर अपराध की जांच केन्द्रीय एजेंसी से हो और यह मांग बिलकुल ठीक है। क्योंकि हत्या का तरीका और सारी परिस्थिति इसे एक साधारण हत्या नहीं बताती हैं, इसलिए इस कांड की जांच केन्द्रीय एजेंसी से ही होनी चाहिए। शान्ता कुमार ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि परिस्थितियों की संवेदनशीलता की नाजुक स्थिति को देखते हुए वे भारत सरकार से जांच का आग्रह करें। जनता अपराधियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रही है, यह निर्णय केवल न्यायालय करेगा। मुख्यमंत्री जनता के प्रतिनिधियों को बुला कर विश्वास दिलवाएं कि अपराधियों को कठोर सजा दिलवाने की सरकार पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने जनता से आग्रह किया सरकार द्वारा उचित कार्यवाही करने के बाद आन्दोलन को समाप्त कर दें। हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार के आन्दोलन का अधिक देर तक चलते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे हैरानी हो रही कि एक तरफ हिमाचल प्रदेश में पर्यटन का सीजन चल रहा है और दूसरी तरफ राजधानी शिमला में टैक्सी यूनियन के दो गुटों में लम्बा संघर्ष चल रहा है। इससे प्रदेश के पर्यटन पर निश्चित रूप से बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सरकार को अतिशीघ्र ठीक न्याय करके सख्ती के साथ इस आन्दोलन को समाप्त करवाना चाहिए। प्रदेश के पर्यटन को होनी वाली हानि बहुत चिन्ताजनक है।

## प्रधानमंत्री मोदी 30 जून को डीयू के शताब्दी समारोह के समापन सत्र में मुख्य अतिथि होंगे

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 जून को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के पीआरओ अनूप लाठर ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि समापन समारोह का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में किया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मई, 1922 को हुई थी। गत वर्ष विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया था। विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का उद्घाटन एक मई, 2022 को हुआ था, जिसमें तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे और शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि थे। वर्ष भर चले शताब्दी समारोह के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## भारतीय रेलवे ने अमेरिकी एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय रेलवे ने 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की उपलब्धि हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर सहयोग के लिए अमेरिकी संघीय सरकारी एजेंसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय रेलवे (आईआर) और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, इंडिया (यूएसएआईडी/इंडिया) के बीच 14 जून को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्रों में सहयोग की परिकल्पना की गई है। एमओयू पर भारतीय रेलवे के रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) नवीन गुलाटी और यूएसएआईडी के उप प्रशासक इसाबेल कोलमैन ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ अनिल कुमार लाहोटी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। एमओयू के माध्यम से भारतीय रेलवे को तकनीकी सहायता एवं समर्थन प्रदान किया जाएगा। एमओयू में मुख्य रूप से भारतीय रेलवे के लिए स्वच्छ ऊर्जा सहित दीर्घकालिक ऊर्जा योजना, भारतीय रेलवे के भवनों के लिए एक दक्ष ऊर्जा नीति और कार्य योजना का विकास, भारतीय रेलवे के नेट शून्य दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा की खरीद योजना, नियामक और कार्यान्वयन बाधाओं को दूर करने के लिए तकनीकी सहायता व्यवस्था अनुकूल, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय खरीद के लिए समर्थन के लिए, बोली लगाने की प्रक्रिया की योजना और प्रबंधन, ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने में भारतीय रेलवे का समर्थन करना, क्षेत्रीय दौरों और अध्यन दौरे (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सहित) चिह्नित क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यक्रमों, सम्मेलनों और दक्षता उन्नयन कार्यक्रमों की मेजबानी करना आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया है लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यूएसएआईडी के साथ सहयोग से भारतीय रेलवे को 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने में काफी मदद मिलेगी।

## विहिप की बैठक में धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ हत्या सहित कई विषयों पर चिंतन: मिलिंद परांडे



**रायपुर, (हि.स.)।** मतांतरण, लव जिहाद, गौ हत्या व मंदिरों को सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति के साथ धर्मांतरण विरोधी कानून केंद्र व राज्यों में आए इसके लिए प्रयास किया जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने यह बात शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही है। मिलिंद परांडे ने बताया कि केंद्रीय समिति की बैठक में इन सभी मुद्दों को लेकर योजना बनेगी। देशभर में सभी संत जन जागरण यात्रा करेंगे। बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा होगी। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक 24 जून से रायपुर में होने जा रही है। इस त्रि-दिवसीय बैठक में संगठन की 2024 में होने वाली षष्ठीपूर्ति (60 वर्ष) के लक्ष्य तय करने के साथ उनकी सिद्धि हेतु व्यापक कार्ययोजना बनाई जाएगी। विहिप अपने सेवा कार्यों को द्रुत गति देने के साथ धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ हत्या व मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति हेतु मंथन करेगी। बैठक में विहिप अध्यक्ष पदमश्री डॉ. आर एन सिंह व केन्द्रीय कार्याध्यक्ष, सीनियर एडवोकेट आलोक कुमार के अतिरिक्त देशभर से लगभग 200 विहिप पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की 24 से 26 जून तक महेश्वरी भवन रायपुर में है। बैठक में संगठन के दृढ़ीकरण व विस्तार के साथ हितचिंतकों की संख्या 72 लाख से 1 करोड़ तक ले जाने हेतु योजना बनेगी। अभी पूरे देश में विहिप की 65 हजार समितियां हैं, जिनको एक लाख तक ले जाया जाएगा। पिछली केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल ने बैठक में निर्णय लिया है कि सभी संत देशभर में घर-घर जाकर हिन्दू समाज का जन-जागरण करेंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता शौर्य यात्राएँ निकालेंगे। बैठक में कुछ अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी।

## दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत की ओर से विजेंद्र गुप्ता के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई टली

**आशीष वर्मा**




**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बसों की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत की ओर से विजेंद्र गुप्ता के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई टाल दी है। अब कोर्ट ने 27 जुलाई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद की कोर्ट को बताया गया कि 24 नवंबर, 2021 को हाई कोर्ट की ओर से इस मामले की सुनवाई पर रोक लगाने संबंधी आदेश अगले आदेश तक जारी है। कोर्ट ने 11 अक्टूबर, 2021 को भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को समन जारी किया था। समन जारी करने के इस आदेश के खिलाफ विजेंद्र गुप्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 7 अक्टूबर, 2021 को तीन अधिकारियों परिवहन सचिव आशीष कुंद्रा, नितिन अहलावत और केसी गुप्ता ने अपने बयान दर्ज कराए थे। 4 अक्टूबर, 2021 को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए उपस्थित नहीं होने पर आशीष कुंद्रा के खिलाफ वारंट जारी किया था। 30 सितंबर, 2021 को कैलाश गहलोत ने अपना बयान दर्ज कराया था। कोर्ट ने 1 सितंबर, 2021 को इस मामले पर संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान कैलाश गहलोत की ओर से वकील एके ठाकुर ने कहा था कि भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने अपने बयानों से याचिकाकर्ता कैलाश गहलोत की छवि को नुकसान पहुंचाया है। विजेंद्र गुप्ता ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए याचिकाकर्ता पर लिखित और मौखिक रूप से बेबुनियाद आरोप लगाए।

## केंद्र सरकार के अध्यादेश को लेकर फैसला मानसून सत्र से पहले होगा : खरगे



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े केंद्र सरकार के अध्यादेश को लेकर फैसला संसद के आगामी मानसून सत्र के शुरू होने से पहले होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शायद यह पता होगा कि अध्यादेश का विरोध या समर्थन संसद के बाहर नहीं, संसद के भीतर किया जाता है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने यह टिप्पणी उस समय में की, जब आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने कहा था कि अगर कांग्रेस ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ उस समर्थन देने का वादा नहीं किया, तब आप विपक्षी दलों की शुक्रवार को पटना में होने वाली बैठक से बाहर होगी। आप के रुख के बारे में खरगे ने कहा, शायद वह (केजरीवाल) खुद जानते हैं कि अध्यादेश का समर्थन या विरोध बाहर नहीं होता, यह सब सदन के अंदर होता है। संसद सत्र शुरू होने से पहले सारी पार्टियां मिलकर एजेंडा तय करती हैं, यह उन्हें मालूम होगा। 18-20 पार्टियों की बैठक होती है, जिसमें हर पार्टी के नेता शामिल होते हैं।

## आपातकाल का सामना करने वाले भी आ रहे हैं कांग्रेस के साथ : स्मृति ईरानी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पटना में चल रही विपक्षी दलों की बैठक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज वो लोग भी कांग्रेस के साथ हाथ मिला रहे हैं जिन्होंने आपातकाल का सामना किया है। ईरानी ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी को मात देने के लिए सभी विपक्षी दलों और नेताओं को एकत्र होना पड़ रहा है। इससे साफ हो गया कि कांग्रेस सहित कोई भी विपक्षी दल अकेले प्रधानमंत्री मोदी का सामना नहीं कर सकता है। ईरानी ने कहा कि वह विशेष रूप से कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने के लिए धन्यवाद देती हैं कि उन्होंने यह मान लिया है कि अकेले पीएम मोदी को नहीं हरा सकते हैं। ईरानी ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा सफल रही है। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। जिसमें रक्षा, सेमी कंडक्टर, क्रिटिकल मिलिरल आदि क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 825 मिलियन डॉलर के करार के साथ सेमी कंडक्टर अब भारत में ही बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जेट इंजन के निर्माण में भी देश अब आत्मनिर्भर बनेगा। इस दिशा में जनरल इलेक्ट्रिक और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के बीच भी समझौता हुआ है। उल्लेखनीय है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश के पटना आवास पर चल रही बैठक में लगभग 15 दलों के नेता शामिल हो रहे हैं। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव, टीआर बालू, एमके स्टालिन, हेमंत सोरेन, लालू यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान सहित अन्य विपक्षी नेता हिस्सा ले रहे हैं।

## माइक्रॉन गुजरात में लगाएगी सेमीकंडक्टर प्लांट

**5000 लोगों को मिलेगा रोजगार**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करने की दिशा में बड़ी खबर सामने आई है। अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रॉन गुजरात में अपना प्लांट लगाएगी। इसके तहत कंपनी की ओर से 2.7 अरब डॉलर का निवेश होगा। पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा के बीच ये खबर सामने आई है। मंत्रिमंडल ने एक नए सेमीकंडक्टर टेस्टिंग एंड पैकेजिंग यूनिट के लिए माइक्रॉन को भारत में इन्वेस्टमेंट करने की मंजूरी दे दी है। इस समझौते के तहत अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी को 1.34 अरब डॉलर के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) का भी लाभ मिलेगा। इंसेंटिव पैकेज के साइज के चलते इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी की जरूरत थी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान माइक्रॉन सीईओ संजय मेहरोत्रा के साथ बैठक की और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए कंपनी को भारत में आने का न्यौता दिया था। कंपनी की ओर से कहा गया कि माइक्रॉन गुजरात में सेमीकंडक्टर टेस्ट और असेंबली प्लांट लगाएगी। दो चरणों में विकसित किए, जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी तरफ से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। बाकी राशि का निवेश केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से किया जाएगा। सीईओ मेहरोत्रा ने कहा है कि स्थानीय सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए भारत जो कदम उठा रहा है, उससे हम उत्साहित हैं। मैं भारत सरकार और इसमें शामिल सभी अधिकारियों का आभारी हूं जिन्होंने इस निवेश को संभव बनाया है। भारत में हमारी नई असेंबली और टेस्ट लोकेशन माइक्रॉन को हमारे ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग आधार का विस्तार करने और भारत समेत दुनिया भर में हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में सक्षम बनाएगी। कंपनी की ओर से कहा गया है कि गुजरात में प्लांट का निर्माण इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। चरण 1, जिसमें 500,000 वर्ग फुट नियोजित क्लीनरूम स्पेस शामिल होगा, जो 2024 के अंत में चालू होगा। माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के मुताबिक, दोनों ही फेज के जरिए प्रत्यक्ष तौर पर लगभग 5,000 रोजगार उपलब्ध होगा। जबकि 15,000 लोगों को अगले कई साल तक परोक्ष रोजगार मिलता रहेगा।

# एमडीए करेगा टाउनशिप योजना लांच, 11 राजस्व ग्रामों की 1250 हेक्टेयर भूमि होगी अधिग्रहण

## – मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता




**मुरादाबाद (हि.स.)।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को दोपहर में एमडीए आफिस के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि प्राधिकरण टाउनशिप योजना लांच करने जा रहा है। जिसके लिए प्राधिकरण 11 राजस्व ग्रामों की करीब 1250 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगा। एमडीए वीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा ह्यमुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नये शहर प्रोत्साहन योजनाह्न के अंतर्गत विभिन्न प्राधिकरणों को नयी टाउनशिपों के विकास हेतु भूमि अर्जन मद में सीड कैपिटल उपलब्ध कराने का प्राविधान किया गया है। एमडीए द्वारा अपनी मौजूदा नया मुरादाबाद योजना के पास स्थित करीब 11 राजस्व ग्रामों की लगभग 1250 हेक्टेयर भूमि को इस नयी टाउनशिप हेतु चयनित किया गया है। वीसी ने आगे बताया कि एमडीए सीधे किसानों व भूस्वामियों से समुचित दरों पर चरणबद्ध तरीके से भूमि खरीदेगा। इस हेतु सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराई गई है। योजना के अंतर्गत प्रस्तावित भूमि के संबंध में आपत्ति-सुझाव भी 15 दिवस के अंदर आमंत्रित किये गये हैं, जिसके बाद एमडीए द्वारा किसानों के साथ बैठक करने के बाद जिलाधिकारी के स्तर से क्रय दरों की घोषणा करायी जाएगी एवं विधिवत भूमि क्रय पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इस मौके पर एमडीए सचिव राजीव पांडेय भी उपस्थित रहे। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि डिडोरी, डिडोरा, चैधरपुर, खदाना, रसूलपुर सुनवाती, सोनकपुर, भीमाठेर, लोधीपुर जवाहरनगर, सलेमपुर बाँगर, शाहपुर तिगरी तथा सिकंदरपुर राजस्व गांव की भूमि अधिग्रहण की जाएगी रिवरफ्रंट, एम्यूजमेंट पार्क, पर्यटन स्थलों का विकास, सिटी सेंटर, मेडीसिटी, एजुकेशन सिटी, शिल्पग्राम, आईटी सिटी, मेगा फूड पार्क बनाये जाएंगे। साथ ही मास्टर प्लान में चिन्हित महायोजना मार्गों का निर्माण, हरित क्षेत्र का विकास, सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन भी एमडीए करेगा। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि कांठ रोड को दिल्ली रोड से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही शहर की ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान होगा और अवैध प्लाटिंग व निर्माण पर पूर्ण रोक लगेगी। वीसी ने बताया कि इससे योजना में आने वाले ग्रामों का कायाकल्प होगा। सड़क, बिजली, पेयजल, जलनिकासी, मार्ग, प्रकाश की व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। इससे इन गांवों का भी शहरीकरण होगा। अवधि योजना का कार्य 3 से 5 वर्ष में पूर्ण किया जायेगा। चरणबद्ध ढंग से भूमि क्रय व विकास कर योजना के अन्तर्गत भूखंड व भवन विक्रय हेतु उपलब्ध कराए जायेंगे। एमडीए वीसी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि सिंगल विंडो पर भूस्वामी अपनी आपत्तियां व सुझाव 7 जुलाई तक दे सकेंगे जिनकी सुनवाई व निस्तारण प्राधिकरण की समिति द्वारा किया जाएगा। चिन्हित भूमियों की पूर्ण जानकारी प्राधिकरण कार्यालय, मंडलायुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट, तहसील सदर कार्यालय तथा उपनिबंधक कार्यालय में प्रदर्शित की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति शीघ्र ही इसके लिए दरों का निर्धारण करेगी, इस योजना के लांच होने से नया मुरादाबाद योजना में भी बसावट रफ्तार पकड़ेगी, इससे संपत्तियाँ भी महँगी होंगी। साथ ही, अवैध कॉलोनियों की रफ्तार पर लगाम लगेगी और शहरी गरीबों को भी सस्ता आशियाना मिलेगा।

# राष्ट्रनायक मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री मोदी ने किया साकार : योगी

## -डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया नमन



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रख्यात शिक्षाविद भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज पावन बलिदान दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश शासन और प्रदेश की जनता की ओर से डॉक्टर मुखर्जी के बलिदान के प्रति नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से मुखातिब मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि डॉक्टर मुखर्जी एक महान शिक्षाविद थे। मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वह्न किया था। देश के विभाजन की त्रासदी को रोकने के लिए और पूरे बंगाल को अंग्रेजों की कुटिलता से बचाने में डॉक्टर मुखर्जी जैसे राष्ट्रनायकों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उस दौरान अनेक सामाजिक गतिविधियों के साथ जुड़ने, प्रखर राष्ट्रवादी विचार का नेतृत्व प्रदान करने और देश के अंदर आजादी के पूरे आंदोलन के साथ सक्रिय सहभागिता डॉक्टर मुखर्जी की पहचान बन गई थी। यही कारण था जब 1947 में देश आजाद होता है तो प्रथम उद्योग मंत्री के रूप में संयुक्त सरकार में उन्हें भारत की औद्योगिक नीति को आगे बढ़ाने का एक अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि बाद में जब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस बात को देखा कि आजादी जिन मूल्यों और जिन आदर्शों को लेकर मिली थी, तत्कालीन सरकार उससे विमुख होकर तुष्टीकरण की पोषक नीतियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, उन्होंने वहां से त्यागपत्र देकर भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया था।

भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सरकार की तुष्टीकरण से जुड़ी उन सभी नीतियों का विरोध किया जो भारत की एकता और राष्ट्रीय अखंडता को खतरा पैदा कर सकती थीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कश्मीर में उस समय आजादी के बाद कांग्रेस की अदूरदर्शिता के कारण लगातार स्थिति बढ़ती जा रही थी। परमिट व्यवस्था का विरोध करना हो या जम्मू कश्मीर में शेष भारत से अलग विधान बनाना और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री को अलग मान्यता देने के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक नारा देश को दिया था। मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में 'दो प्रधान दो विधान और दो निशान' नहीं चलेंगे। इसी बात को लेकर उनका आंदोलन तेज हुआ। उनके आंदोलन को लेकर डॉक्टर मुखर्जी की भी जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तारी होती है। योगी ने कहा कि उनके बलिदान 23 जून 1953 को कश्मीर को बचाने के लिए भारत की अखंडता के लिए जाना जाता है। डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस वक्त साकार किया है जब 05 अगस्त 2019 को कश्मीर में धारा 370 को सदैव के लिए समाप्त कर दिया गया। भारत का कानून, भारत की सभी व्यवस्थाएं जम्मू कश्मीर के अंदर भी लागू होंगी। वहां पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी मजबूती के साथ बहाल होगी। यह निर्णय डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने जैसा है। आज के इस अवसर पर जब उनका 71वां पावन बलिदान दिवस है मैं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति नमन करता हूं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ला, राजेश्वर सिंह, मुकेश शर्मा, डॉ. नीरज बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक राजेश्वर सिंह ने लखनऊ के पहले इफको बाजार का किया उद्घाटन



**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ में सिकंदरपुर क्षेत्र में सूरजमुखी स्वयं सहायता कृषक समूह की ओर संचालित इफको बाजार के मदर ब्रांच को खोला गया। लखनऊ जनपद में पहला इफको बाजार का उद्घाटन सरोजनीनगर विधानसभा से विधायक राजेश्वर सिंह ने किया। इससे पहले राजेश्वर सिंह ने कृषक समूह को इफको बाजार खुलवाने के लिए प्रेरित भी किया। इफको बाजार के शुभारंभ के अवसर पर विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा कि जनपद में कृषक समूह के प्रयास से पहला इफको बाजार खुला है, जिससे अत्यंत हर्ष हो रहा हैं। इसके माध्यम से कृषक को लाभ मिलेगा। वहीं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ सशक्त बनाने के लिए इफको बाजार सहायता करेगा। उन्होंने इफको बाजार का निरीक्षण कर कहा कि इफको के अधिकारियों को इफको बाजार के कार्ययोजना में सहयोग करने का धन्यवाद है।

वहीं इफको बाजार को संचालित करने वाले सभी समूह सदस्यों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं है। बाजार के माध्यम से दूर दूर से आने वाले कृषकों को उसका लाभ मिले। इफको बाजार का शीघ्र ही प्रचार प्रसार हो, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।

# सुलतानपुर में आधुनिक जंगी जहाजों का होगा 24 जून को एयर शो

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुल्तानपुर में 12 किमी रूट 24-25 जून को डायवर्ट रहेगा। यहां जयसिंहपुर के अरवल कीरी करवत में एयर स्ट्रिप पर एयरफोर्स के जंगी जहाज उतरेंगे और एयर शो कार्यक्रम होगा। तीसरी बार वायु सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को यहां निरीक्षण किया है। 24 जून को हवाई पट्टी पर होने वाले एयर शो की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा व सेना के अफसरों ने अरवल कीरी करवत गांव में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बने एयर स्ट्रिप का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि इसी रनवे पर एयर शो होना है। इसकी तैयारी यूपीडा की तरफ से पूरी कर ली गई है। यदि मौसम खराब रहा तो 25 जून को एयर शो कराया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से आयोजन स्थल पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 24 जून को वायुसेना के अधिकारी जंगी जहाजों व हेलीकॉप्टरों के साथ तैयार हवाई पट्टी पर विमान उतारने व उड़ान भरने का पूर्वाभ्यास करेंगे। इस अभ्यास को लेकर सेना से जुड़े अधिकारी एयर स्ट्रिप पर पहुंच गए हैं। सेना के अधिकारियों ने सारंगपुर में स्थित राजकीय आईटीआई में अपना ठिकाना बनाया है।

जिला प्रशासन की तरफ से एसडीएम संजीव कुमार यादव सेना के अधिकारियों के साथ समन्वय बना कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। सबसे पहले बीते 9 जून (शुक्रवार) को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर जयसिंहपुर के अरवल कीरी करवत में बनी एयरस्ट्रिप पर एयरफोर्स के अधिकारी पहुंचे थे। उस समय भी जिलाधिकारी जसजीत कौर, एसपी सोमेन वर्मा व जिले के अन्य अधिकारियों के साथ एयरफोर्स के अधिकारियों ने एयर स्ट्रिप का घंटों गहनता के साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित निर्देश दिया था। इसके ठीक दो दिन बाद एयर स्ट्रिप का 5 (पांच) किमी. का एरिया ब्लॉक किया गया। किमी. 124 से किमी. 129 तक के क्षेत्र को यूपीडा द्वारा बैरिकेडिंग कर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। यह मार्ग अब 25 जून की रात को खुलेगा। ऐसी जानकारी यूपीडा द्वारा दी गई थी। ऐसे में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की लिंक रोड से वाहन निकाले जा रहे हैं। फिर 17 जून को भी सेना के अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे थे। यूपी चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 नवंबर 2021 को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लोकार्पण अरवलकीरी करवत गांव के पास बनी एयर स्ट्रिप पर किया था। लोकार्पण के मौके पर एयर स्ट्रिप पर एयरफोर्स के सुखोई, जगुआर व मिराज जैसे लड़ाकू जहाजों ने आसमान में करीब एक घंटे तक करतब दिखाए थे। खुद पीएम मोदी एयरफोर्स के हरक्युलिस जहाज से एयर स्ट्रिप पर उतरे थे।

# स्वच्छता अभियान में विधायक नीलकंठ ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग दो वार्डों में किया श्रमदान



**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर शहर दक्षिणी विधानसभा में चल रहे 09 दिवसीय स्वच्छता अभियान में दूसरे दिन शुक्रवार को दो वार्डों में विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। आदिविश्वेश्वर एवं ईश्वरगंगी वार्ड में विधायक ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान के बाद स्वच्छता के प्रति क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक किया और सेवा, समर्पण व सुशासन से सम्बंधित पत्रक का वितरण भी किया। वार्ड नम्बर 69 आदिविशेश्वर के हौजकटोरा मुहल्ले में स्थित पुरुषोत्तम भगवान मंदिर से अभियान की शुरूआत विधायक ने की। स्वच्छता अभियान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, पार्षद इन्द्रेश सिंह सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। अभियान के पूर्व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रासाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मरण किया और चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद श्रीनाथ जायसवाल, श्याम जी गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी, रॉकी केशरी, तरुण झा, विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी के अगुवाई में मध्यमेश्वर मंडल के वार्ड के सभी बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुण्य स्मरण करते हुए ईश्वरगंगी वार्ड के औसानगंज शक्ति केंद्र के बूथ पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद घर-घर जनसंपर्क कर केन्द्र सरकार के 09 साल के कार्यकाल का पत्रक वितरित किया गया। स्वच्छता अभियान में मध्यमेश्वर मंडल के अध्यक्ष संदीप चौरसिया, महामंत्री तारकेश्वर नाथ गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, शक्ति केंद्र प्रमुख बैजनाथ,वार्ड अध्यक्ष राजेश जायसवाल, बूथ अध्यक्ष आदि शामिल हुए।

# राज्य में सखी मंडल से जुड़े अब तक 32.51 लाख परिवार

**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर एक अभिनव प्रयास के जरिए पलाश ब्राण्ड से ग्रामीण महिलाओं को जहां एक ओर आजीविका का आधार मिला, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित एवं संग्रहित सरसों का तेल, चावल, आटा, दाल, मडुआ का आटा, लेमन ग्रास जैसे उत्पादों को लोगों के द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है। सखीमंडल के उत्पादों को राज्य समेत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर सखीमंडलों की अच्छी आमदनी सुनिश्चित की जा रही है। पलाश ब्रांड की सफलता को देखते हुए लगातार सखी मंडल से जुड़ी दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। राज्य के 24 जिलों के 264 प्रखंड के 29,953 गांव में करीब 2.78 लाख सखी मंडलों का गठन किया जा चुका है और इससे करीब 32.51 लाख परिवार जुड़े हैं। राज्य के 2.69 लाख सखी मंडल को 418.31 करोड़ रुपये चक्रीय निधि के रूप में एवं 2.44 लाख सखी मंडल को 1296.42 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराया गया है। करीब 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रूप में मिला है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के जरिए राज्य के 29 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है।

कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडाउत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखंड के 3816 गांव में 3922 उत्पादक समूह एवं 20 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हो रहा है। जिसके तहत राज्य के करीब 2.24 लाख परिवारों की आय बढ़ोतरी के लिए कार्य प्रगति पर है। राज्य के किसानों को वनोत्पाद का सही मूल्य दिलाने हेतु सिदो कान्हो वनोत्पाद संघ का गठन किया गया है।

# लोहरदगा डीसी ने एनजीटी के गाइडलाइन का पालन करने का दिया निर्देश




**लोहरदगा, (हि.स.)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनजीटी के पारित आदेश और डिस्ट्रिक्ट प्लान से संबंधित वर्चुअल बैठक गूगल मीट के जरिये हुई। बैठक में सभी सदस्यों को एनजीटी के गाइडलाइन और डिस्ट्रिक्ट इनवायरमेंट प्लान का पूर्णतः पालन करने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लोहरदगा को शहर के केंद्र में प्रदूषण की स्थिति एवं वायु की शुद्धता से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक डिसप्ले बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही इसके लिए नगर परिषद, लोहरदगा से समन्वय बनाकर स्थल चयन करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सहायक खनन पदाधिकारी, लोहरदगा ने अवैध खनन/परिवहन के मामले में इस माह हुए एफआईआर एवं दण्ड शुल्क वसूली की जानकारी दी। बालू के अवैध उठाव व परिवहन को लेकर सतत निगरानी व कार्रवाई का निर्देश खनन पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। साथ ही सहायक खनन पदाधिकारी को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक माह में दो बार आहूत किये जाने का निर्देश दिया गया।

# गुतू गलांग कल्याण ट्रस्ट स्वयं सहायता समूह के लिए रोल मॉडल : राज्यपाल




**रांची, (हि. स.)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जनजाति सखी मंडल से संचालित गुतू गलांग कल्याण ट्रस्ट स्वयं सहायता समूह के लिए रोल मॉडल है। वे पाकुड़ जिले के डुमरचीर, अमड़ापाड़ा में ग्रामीणों से संवाद करने के बाद शुक्रवार को बरबट्टी उत्पादन और विक्रय के साथ अन्य उत्पादित सामग्रियों देखने के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने विशिष्ट जनजाति सखी मंडल से संचालित बोरा सिलाई केंद्र, बोरा छपाई केंद्र, उत्पादित सामग्रियों का भंडार गृह देखा। साथ ही पारंपरिक पोषण और चिकित्सा पद्धति के स्टॉल में जाकर पारंपरिक चिकित्सा की इस पद्धति की जानकारी ली और कहा कि इसके संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता है। राज्यपाल ने वहां उपस्थित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समूह के कार्य को देखकर उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है कि इस सुदूरवर्ती गांव में स्वयं सहायता समूह का कार्य एक लघु उद्योग के रूप में स्थापित हो चुका है। इस केंद्र की ओर से उत्पादित बोरा और सामग्री अन्य जिले में भी आपूर्ति की जाती है। राज्यपाल ने सखी मंडल को गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद ,पारदर्शिता और त्रुटिरहित उत्पाद के मंत्र दिए। साथ ही सबकी उन्नति की कामना की।

# श्री तख्त हरि मंदिर साहिब का दर्शन कर अभिभूत हुए एल-20 के प्रतिनिधि

**पटना, (हि.स.)।** जी-20 के अंतर्गत होने वाले एल-20 के शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को दूसरा दिन रहा। बैठक में पटना आए 28 देशों के प्रतिनिधियों ने आज पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे का भ्रमण किया। यहां सभी ने मत्था टेका और चढ़ावा चढ़ाया। गुरुद्वार प्रबंधन ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। प्रतिनिधियों के गुरुद्वारा से निकलने से पूर्व एक सामूहिक फोटो भी ली गयी। इस अवसर पर एल-20 के अध्यक्ष सह भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरणमय पंड्या ने कहा कि यहां आकर सुखद अनुभूति हुई है। देश-विदेश से आये प्रतिनिधि एक अच्छा संदेश लेकर जा रहे हैं। इस अवसर पर एल-20 के मुख्य संयोजक सह भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी सुरेन्द्र, संगठन मंत्री पवन कुमार, ब्रजेश कुमार, निरंजन कुमार, प्रदेश महामंत्री संजय कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

# देश में दो विचारधाराओं कांग्रेस की भारत जोड़ो और भाजपा की भारत तोड़ो की लड़ाई : राहुल गांधी



**पटना (बिहार), (हि.स.)।** बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी पार्टियों की पहली बड़ी बैठक थोड़ी देर में मुख्यमंत्री आवास एक अणे मार्ग में शुरू होगी। बैठक में 15 पार्टियों के नेता पहुंच गए हैं। बैठक से पहले कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम सब मिलकर भाजपा को हराएंगे। देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस की भारत जोड़ो विचारधारा है तो दूसरी ओर भाजपा-आरएसएस की भारत तोड़ो। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस का डीएनए बिहार में हैं। बिहार से कांग्रेस का गहरा जुड़ाव रहा है और अब हिन्दुस्तान में जो विचारधारा की लड़ाई चल रही है, उसमें विपक्षी दलों की बैठक में कांग्रेस साथ खड़ी है ।राहुल ने कहा कि जब उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर तक का सफर किया तब हर राज्य में बड़ी संख्या में बिहार के लोग उनकी यात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे समय में जब भाजपा हिंदुस्तान को तोड़ने का काम कर रही है तो कांग्रेस मोहब्बत फैलाने का काम कर रही है। नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता नफरत को सिर्फ मोहब्बत काट सकता है। इसलिए हम मोहब्बत फैला रहे हैं लेकिन भाजपा सिर्फ नफरत और हिंसा फैलाने का काम कर रही है। इसलिए आज हम बिहार आए हैं। देश की सारी विपक्षी पार्टियां एक साथ मिलकर भाजपा को हराने जा रही हैं।

**ये पार्टियां होंगी शामिल** – विपक्षी एकता की बैठक में जदयू, राजद, आप, डीएमके, टीएमसी, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई (एमएल), पीडीपी नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस, शिवसेना, सपा, जेएमएम और एनसीपी शामिल होंगी।

**ये नेता होंगे शामिल** – विपक्षी दलों की महा बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री नेता एम के स्टालिन, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, डी राजा, दीपांकर भट्टाचार्य और महबूबा मुफ्ती हिस्सा लेंगे। ये सभी नेता गुरुवार को ही पटना पहुंच गए थे। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी के शरद पवार और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला, सपा के अखिलेश यादव, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, जेएमएम के हेमंत सोरेन शुक्रवार को पटना पहुंचे। इनके अलावा जदयू से नीतीश कुमार और राजद से तेजस्वी यादव बैठक में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस बैठक को हास्यास्पद कहा है। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि कांग्रेस मान चुकी है कि अकेले मोदी का हराने में समर्थ नहीं है। उसे सहारे की जरूरत है। महा गठबंधन के नेताओं का कहना है कि बैठक में शामिल सभी दलों के नेताओं को बोलने का वक्त मिले, इसका खास ख्याल रखा गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना है। इसके लिए नए सिरे से विपक्षी दलों को एकजुट किया जा रहा है। बैठक में कई निर्णय लिए जाएंगे। इसमें मुख्य रूप से विपक्षी एकजुटता का नाम क्या हो? इसकी अगुआई कौन करेंगे। इस पर फैसला हो सकता है। साथ ही चुनाव में टिकट के फामूर्ले और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर भी चर्चा हो सकती है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने शहरी क्षेत्र में चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**अररिया, (हि.स.)।** भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा फारबिसगंज नगर इकाई और महिला मोर्चा इकाई की ओर से शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के दौरान किए गए कार्य और उपलब्धियों से अवगत कराया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह और नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह के नेतृत्व में जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की पिछले नौ साल की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है ।केन्द्र सरकार द्वारा क्षेत्र में किए गए विभिन्न विकास कार्यों के बारे में आमजनों को अवगत कराया जा रहा है। महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है ।अगले साल देश में आम चुनाव होना है। महाजनसंपर्क अभियान पूरे जिला में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा चलाया जा रहा है ।यह अभियान एक महीने तक चलेगा। मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता विमल सिंह उपस्थित थें ।कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह ने किया।

## संपादकीय

# चीन का 'आतंकी' वीटो

चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर 'वीटो पॉवर' का दुरुपयोग किया है। अब तो वह आदी हो गया है कि जब भी पाकिस्तान के किसी आतंकवादी को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने का प्रस्ताव आता है, तो चीन 'वीटो' के जरिए उसे ब्लॉक करवा देता है। ताजा मामला 26/11 मुंबई आतंकी हमले के 'मास्टर माइंड' साजिद मीर का है, जिसे 'वैश्विक आतंकी' की सूची में डालने का प्रस्ताव भारत और अमरीका का था। अमरीका ने तो उस पर 41 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित किया था। प्रस्ताव बीते साल सितंबर में रखा गया था, लेकिन चीन ने तकनीकी आधार पर उसे रुकवा दिया था। इस पर लगातार विचार किया गया और अब बीती 20 जून को सुरक्षा परिषद में यही प्रस्ताव दोबारा पेश किया गया था। चीन ने अपने 'विशेषाधिकार' का फिर दुरुपयोग किया। चीन ऐसा कर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर रहा, लेकिन अपनी 'विशेष शक्ति' का नाजायज लोहा मनवाना चाहता है। बेशक पाकिस्तान चीन का 'बंधक-सा' देश है। पाकिस्तान पर चीन का कर्ज और दूसरी कृपाओं के बोझ इतने हैं कि वह बोल नहीं सकता। चीन ने सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को भी सालों तक बचाया था, उसकी पैरोकारी की थी, लेकिन उसे 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने से चीन, अंततः, बचा नहीं सका। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों-अमरीका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन-को ही 'वीटो पॉवर' हासिल है। जिस मकसद से यह विशेष शक्ति दी गई थी, आज उसका ह्नास हो चुका है। विश्व-व्यवस्था भी बदल चुकी है, लिहाजा बार-बार यह मांग दोहराई जाती है कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में सुधार किया जाए और भारत, जापान, जर्मनी सरीखे ताकतवर, विवेकशील देशों को भी 'स्थायी सदस्य' बनाकर वीटो का विशेषाधिकार दिया जाए। हालांकि भारत ने 26/11 आतंकी हमले से जुड़ा एक ऑडियो सुना कर सुरक्षा परिषद में चीन और पाकिस्तान को बेनकाब किया है। ऑडियो में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुंबई में घुसे आतंकियों को निर्देश दे रहा था कि आसपास कोई भी हलचल दिखे, उन्हें तुरंत गोली मार दो।' इसके अलावा, पाकिस्तानी-अमरीकी आतंकी डेविड हेडली को अमरीकी एजेंसी एफबीआई ने 2008 में शिकागो से पकड़ा था। उसने 2011 में अमरीकी अदालत में और 2016 में मुंबई की अदालत में गवाही देकर खुलासा किया था कि साजिद मीर और मेजर इकबाल, जिसे उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का अफसर बताया था, 26/11 हमले के 'मुख्य साजिशकारों' में शामिल थे। मीर एफबीआई की 'मोस्ट वांटेड टेररिस्ट' सूची में भी था। सुरक्षा परिषद के सामने ये तमाम सूचनाएं और साक्ष्य रखे गए हैं। उसके बावजूद चीन 'वीटो' का दुरुपयोग कर प्रस्ताव को ब्लॉक कराता रहा है। यह संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर सवाल है। 'वीटो' को नई विश्व-व्यवस्था में, नए सिरे से, परिभाषित किया जाना चाहिए। चीन उसमें भी रोड़े अटका सकता है, लेकिन अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन की बहुमती 'वीटो ताकत' संशोधन के पक्ष में आ सकती है। जाहिर है कि रूस और चीन की जोड़ी तो अलग ही रहेगी। चीन की इस भूमिका पर भी अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत होगी, तो चीन को भी आतंकवाद का पनाहगाह देश करार दिया जाए। जो देश पाकिस्तान की तरह आतंकियों का 'कवच' बनकर रहे, तो उसे 'आतंकिस्तान' ही कहना चाहिए। कूटनीति क्या कहती है, वह सब बेमानी है। जब चीन वीटो के जरिए आतंकियों को बचा रहा है, तो उसका माकूल जवाब दिया जाना चाहिए। चीन अपनी छवि को लेकर बाध्य हुआ था और 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद, मसूद अजहर के मामले में, उसे वीटो वापस लेनी पड़ी थी। अब साजिद मीर का मामला चीन ने तब ब्लॉक किया है, जब भारतीय प्रधानमंत्री राजकीय प्रवास पर अमरीका में हैं। चीन 2006 से पाकपरस्त आतंकियों की खातिर 'वीटो पॉवर' का दुरुपयोग करता आ रहा है।

> चीन ने अपने 'विशेषाधिकार' का फिर दुरुपयोग किया। चीन ऐसा कर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर रहा, लेकिन अपनी 'विशेष शक्ति' का नाजायज लोहा मनवाना चाहता है। बेशक पाकिस्तान चीन का 'बंधक-सा' देश है। पाकिस्तान पर चीन का कर्ज और दूसरी कृपाओं के बोझ इतने हैं कि वह बोल नहीं सकता। चीन ने सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को भी सालों तक बचाया था, उसकी पैरोकारी की थी, लेकिन उसे 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने से चीन, अंतत:, बचा नहीं सका। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों-अमरीका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन-को ही 'वीटो पॉवर' हासिल है।

## कुछ अलग

# आ गई एमसीआई

हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं के पिछले दो दशक हालांकि मेडिकल कालेजों की फेहरिस्त बढ़ाते रहे हैं, लेकिन इसी दौरान डाक्टरों की टोपियां बदल-बदल कर ये संस्थान जैसे तैसे चलाए गए। नतीजन यह अवधि चिकित्सा सेवाओं के संस्कारों का ऐसा पतन लिख गई कि 'ईंटें बहुत हैं इन दीवारों में, मगर कोई बताता नहीं कि घर कब बसेगा'। आफत यह रही कि हर नए मेडिकल कालेज के अस्तित्व को लेकर भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) बनाम स्वास्थ्य विभाग के बीच 'खो खो' का मैच चलता रहा। एमसीआई साल भर की मान्यता के पैमाने में टोह लेती रही और इधर हिमाचल का स्वास्थ्य विभाग आंख मिचौनी करके हर निरीक्षण-परीक्षण में डाक्टरों को इधर से उधर करता रहा। यानी हिमाचल के स्वास्थ्य विभाग ने अपने कारनामों से यह पता नहीं चलने दिया कि वह मेडिकल कालेजों का ऐसा अभिभावक है जो चुन्नू की फ्रॉक मुन्नू को पहनाते-पहनाते, बेगानी शादी में अबदुल्ला (डाक्टर) को दीवाना बना चुका है। आश्चर्य यह कि डाक्टरों के काफिले चले बहुत, लेकिन पहुंच कहीं नहीं। परिणाम यह है कि चंबा मेडिकल कालेज में बिना फैकल्टी के भी कई विभागों ने डाक्टर बनाने का कारनामा कर दिया। इसलिए अब एमसीआई ने नए मेडिकल कालेजों की मान्यता में हाजिरी रजिस्टर के बजाय बायोमीट्रिक अटेंडेंस की शर्त नत्थी कर दी है। कुल छह सरकारी, एक गैर सरकारी मेडिकल कालेज, बिलासपुर एम्स, मंडी मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर के साथ हिमाचल को चिकित्सा सेवाओं का स्तंभकार होना चाहिए था, लेकिन हुआ इसके विपरीत। टांडा मेडिकल कालेज बना तो कुछ रगड़ा आईजीएमसी को लगा, लेकिन बाद की व्यवस्था ने आसपास के कई अस्पताल और मुख्य रूप से अंग्रेजी शासन के वक्त में स्थापित और आधे हिमाचल को स्वास्थ्य सेवाएं देते आए धर्मशाला के जोनल अस्पताल को ही निगल लिया। इसके बाद चंबा, हमीरपुर, नाहन तथा नेरचौक मेडिकल कालेजों की स्थापना ने टीएमसी की परिपक्वता को शहीद करके अपनी मांग के अनुसार तमाम डाक्टरी योग्यता को अस्थिर कर दिया। हर नए मेडिकल कालेज ने प्रत्यक्ष में तो कुछ हासिल नहीं किया, लेकिन परोक्ष में प्रदेश पहले से स्थापित चिकित्सा सेवाओं से ऐसी छीना झपटी की कि आज जोनल, क्षेत्रीय व नागरिक अस्पतालों के भीतर खाली पदों से जनता का द्वंद्व जारी है। कहीं सर्जन नहीं, तो कहीं मेडिसिन के डाक्टर नहीं। हद तो यह कि जहां विशेषज्ञ भेजे भी जा रहे वहां एक ही डिपार्टमेंट में अनेक लाद दिए जा रहे। जोनल अस्पताल धर्मशाला में आर्थो, मेडिसिन के डाक्टर नहीं, लेकिन चर्म रोग के जरूरत से ज्यादा विशेषज्ञ इक्ट्ठे कर दिए गए। पालमपुर में शिशु विशेषज्ञ नहीं, तो नूरपुर में मातृ-शिशु अस्पताल बसने से पहले उजडऩे लगा है। दरअसल राजनीति ने हमें यह तो सिखा दिया कि नेताओं के सेहरे पर शिक्षा व चिकित्सा के बड़े-बड़े संस्थान सुशोभित होने चाहिएं, लेकिन इतिहास साक्षी है कि इस अंदाज ने गुणवत्ता का चीरहरण कर दिया। हिमाचल के निजी व सरकारी मेडिकल कालेजों तथा एम्स के वजूद में आने पर आठ सौ से कहीं अधिक एमबीबीएस डाक्टर हर साल निकलेंगे, तो इस रथयात्रा का सारथी कौन होगा। क्या सरकार के संसाधन इस काबिल हैं कि अस्पतालों, मेडिकल कालेजों व डाक्टरों के संसार को निरंतर प्रश्रय देते हुए काबीलियत व दक्षता का मुकाम हासिल होगा। यह इसलिए भी कि एक मेडिकल कालेज की असफलता से उसी की परिधि में कई निजी अस्पताल उग आते हैं। कांगड़ा, ऊना, सोलन, मंडी व प्रदेश के कमोबेश हर शहर में निजी अस्पतालों का साम्राज्य पूरे प्रयत्न में है कि सामने खड़े सरकारी अस्पताल और मेडिकल कालेज ध्वस्त हों और यह होने लगा है। ऐसे में एमसीआई की जद में आए चंबा, हमीरपुर, नाहन व नेरचौक मेडिकल कालेजों को अब जबकि बायोमीट्रिक हाजिरी के तहत स्थाई फैकल्टी के रूप में डाक्टर व अन्य स्टॉफ चाहिए होगा, तो इससे फिर चिकित्सा का ही ढांचा हिलेगा।

## गीता प्रेस के पुरस्कार पर सवाल उठाकर कांग्रेस और कम्युनिस्ट कहीं खुद ही तो नहीं घिर रहे

# गीता प्रेस को पुरस्कार के मायने

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



> गीता प्रेस के संस्थापक के लिए यह जरूरी क्यों करार दिया जाए कि गांधी से हर मामले में सहमत होना पहली और अंतिम शर्त है। गीता प्रेस का विरोध करने वाले अब अंतिम हथियार चलाते हैं कि गांधी हत्या के षड्यंत्र में शक की सुई प्रेस के कुछ लोगों पर भी घूम रही थी। सावरकर को तो गिरफ्तार ही कर लिया गया था। नेहरू के पक्षधरों ने तो इसमें परोक्ष रूप से सरदार पटेल को भी लपेटने की कोशिश की थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को तो इस बहाने प्रतिबंधित ही कर दिया गया था। लेकिन न्यायालयों ने सभी को बरी कर दिया था। बल्कि अब तो यह संशय उठने लगे हैं कि गांधी हत्या से कौन राजनीतिक लाभ उठाना चाहता था।

गान्धी शान्ति प्रतिष्ठान भारत सरकार का न्यास है जिसके पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। यह प्रतिष्ठान गान्धी के आदर्शों के लिए एक करोड़ रुपए का पुरस्कार देता है। इस बार यह पुरस्कार गोरखपुर के एक प्रकाशन संस्थान गीता प्रेस को दिया गया है। गीता प्रेस ने अत्यन्त विनम्रता से यह पुरस्कार तो स्वीकार किया है, लेकिन उसकी राशि भारत सरकार को वापस कर दी है। लेकिन सोनिया कांग्रेस के भीतर इस पुरस्कार को लेकर तूफान आ गया है। उसके शीर्षस्थ नेताओं का कहना है कि गीता प्रेस को यह पुरस्कार देने का अर्थ है कि यह पुरस्कार नाथू राम गोडसे को ही दे दिया गया है। कम्युनिस्ट बुद्धिजीवी भी इससे हलकान हो रहे हैं। उनकी दृष्टि में तो हिन्दुस्तान की सारी बीमारियों की जड़ ही गीता प्रेस है। यह प्रेस भारतीय धरोहर से संबंधित पुस्तकें प्रकाशित करवाती है और कम्युनिस्ट विद्वानों को भारतीय धरोहर बीमारी के रूप में दिखाई देती है। यही कारण था कि कम्युनिस्ट यूनियनों से संबंधित कुछ रणनीतिकारों ने कुछ साल पहले यह शोर मचाना शुरू कर दिया था कि गीता प्रेस में श्रमिकों का शोषण होता है। मजदूर हड़ताल पर हैं। उन्हें तनख्वाह नहीं मिल रही। गीता प्रेस लगभग बन्द होने के कगार पर है। कुछ लाल विद्वानों ने तो यह शोध प्रबन्ध भी लिखने शुरू कर दिए थे कि आखिर गीता प्रेस अन्ततः समाप्त कैसे हुई? लेकिन अफवाहों के पैर नहीं होते और पंजाबी भाषा में कहावत है जिसका हिन्दी अनुवाद कुछ इस तरह हो सकता है कि कौवों के चाहने से पशु नहीं मरते। कम्युनिस्टों की गीता प्रेस को लेकर पहली रणनीति फेल हो गई। लेकिन अब गीता प्रेस को गान्धी पुरस्कार मिलने से कौवा एक बार फिर आसपास के वृक्षों पर कांव कांव करने लगे हैं। लेकिन इस बार उनके साथ सोनिया कांग्रेस का एक समूह भी जुड़ गया है। यह वही समूह है जो पिछले कुछ समय से मुस्लिम लीग को पंथ निरपेक्ष सिद्ध करने के लिए देश विदेश में गला फाड़ रहा है। हो सकता है यह कांग्रेस की विपक्षी एकता का दही जमाने के द्राविड़ प्राणायाम के कारण विवशता में पैदा हुआ विकल्प हो। या फिर भारतीय धरोहर को लेकर उसकी नकारात्मक सोच का भी परिणाम हो सकता है। सोनिया कांग्रेस के लोगों का कहना है कि महात्मा गान्धी का रास्ता गीताप्रेस के रास्ते से मेल नहीं खाता। महात्मा गान्धी स्वयं को भारतीय संस्कृति के सन्दर्भ में सनातनी कहा करते थे। गीता प्रेस भी सनातन धरोहर के संरक्षण व प्रसार के लिए संकल्पित है। फिर दोनों का विरोध कैसे हो सकता है? सोनिया कांग्रेस का कहना है कि गान्धी जी और गीताप्रेस सनातन की अवधारणा को लेकर एकमत नहीं थे। एकमत न होना ही तो सनातन की सबसे बड़ी ख़ूबसूरती है। सनातन युगानुकूल नित्य नई व्याख्या में विश्वास करता है, इसीलिए तो वह आज इक्कीसवीं शताब्दी में भी प्रासंगिक है। यही कारण है कि आज से पांच हजार साल पहले लिखी गई गीता की आधुनिक सन्दर्भों में आज भी देश में ही नहीं विदेश में भी व्याख्या हो रही है। गान्धी जी ने तो स्वयं गीता की व्याख्या की थी। इसी स्थल पर तो गीताप्रेस और गान्धी एक साथ दिखाई देने चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से सोनिया गान्धी के अनुयायियों को इसी स्थल पर वे परस्पर विरोधी दिखाई देते हैं। धरोहर व दर्शन के मामले में सामी चिन्तन तालबद्ध होने का आदेश देता है। भारतीय परम्परा 'विप्रा बहुधा वदन्ति' की है। गीता प्रेस भारतीय ग्रन्थों का प्रकाशन करता है। उनकी व्याख्या का काम विद्वानों का है। लेकिन सोनिया कांग्रेस व कम्युनिस्टों की रणनीति यह है कि ये ग्रन्थ सस्ते मूल्य पर उपलब्ध ही न हों। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। गीताप्रेस का विरोध करने वाले कुछ विद्वान गान्धी जी के दलित समाज की उन्नति के लिए किए जाने वाले प्रयासों को लेकर करते हैं। उनका कहना है दलित समाज की उन्नति को लेकर अपनाए जाने वाले तरीक़ों पर महात्मा गान्धी और गीताप्रेस के संस्थापक एकमत नहीं थे। दोनों के तरीक़े अलग अलग थे। यदि इसी को गीताप्रेस के विरोध का आधार माना जाए तब तो इस विषय पर महात्मा गान्धी और डा. भीमराव रामजी अंबेडकर भी एकमत नहीं थे। अंबेडकर तो दलित उद्धार को लेकर गान्धी के प्रयासों को पाखंड के अतिरिक्त कुछ नहीं मानते थे। अंबेडकर ने तो इस सम्बन्ध में एक दूसरी रोचक घटना का भी उल्लेख भी किया है। बक़ौल अंबेडकर उनके पास जमना लाल बजाज यह सन्देश लेकर आए थे कि वे अपने अछूतोद्धार के प्रयासों में महात्मा गान्धी के साथ मिल कर चलें तो उन्हें पैसे की कमी नहीं होगी और काम भी गति पकड़ेगा। अंबेडकर का उत्तर था कि मैं बहुत से मामलों में गान्धी के साथ सहमत नहीं हूं, इसलिए मैं उनके साथ मिल कर नहीं चल सकता। तब जमना लाल बजाज का रहस्योद्घाटन चौंकाने वाला था। उसने कहा कि नेहरु तो गान्धी जी के साथ किसी एक मामले में भी सहमत नहीं हैं, लेकिन वे फिर भी गान्धी जी के शिष्य हैं तो आप यह क्यों नहीं कर सकते? अंबेडकर का उत्तर था कि यह पाखंड नेहरु कर सकते हैं, मैं नहीं। गीताप्रेस के संस्थापक के लिए यह जरूरी क्यों क़रार दिया जाए कि गान्धी से हर मामले में सहमत होना पहली और अन्तिम शर्त है। गीता प्रेस का विरोध करने वाले अब अन्तिम हथियार चलाते हैं कि गान्धी हत्या के षड्यन्त्र में शक की सुई प्रेस के कुछ लोगों पर भी घूम रही थी। सावरकर को तो गिरफ्तार ही कर लिया गया था। नेहरु के पक्षधरों ने तो इसमें परोक्ष रूप से सरदार पटेल को भी लपेटने की कोशिश की थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को तो इस बहाने प्रतिबन्धित ही कर दिया गया था। लेकिन न्यायालयों ने सभी को बरी कर दिया था। बल्कि अब तो यह संशय उठने लगे हैं कि गान्धी हत्या से कौन राजनीतिक लाभ उठाना चाहता था। सरदार पटेल से कौन छुटकारा पाना चाहता था? गान्धी हत्या की आड़ में कौन संघ और गीता प्रैस को समाप्त करना चाहता था? भारत में भारतीय धरोहर को कौन समाप्त करना चाहता था? गीता प्रैस के पुरस्कार पर सवाल उठाकर कांग्रेस और कम्युनिस्ट कहीं खुद ही तो नहीं घिर रहे।

# योग को जीवन में पूरी तरह अपनाओ

> दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है।

इस वर्ष भी 21 जून को योग दिवस मना कर औपचारिकता तो पूरी कर ली है, मगर क्या फिटनेस की इस सरल व सर्वसुलभ उपलब्ध विधि का हम लगातार वर्ष भर अपनी फिटनेस को स्तरीय रखने में उपयोग करेंगे? जब तक ग्रामीण परिवेश में अधिकांश जनसंख्या रही तब तक अलग से किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। जब से दैनिक जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास हुआ है तभी से फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से कई बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्त का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह, यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कत्र्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है। ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो, उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य : मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह : अपने स्वार्थ के लिए धन, संपत्ति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना। मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृत्ति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी-मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है। बल्कि अपने मन के विचारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करना जरूरी है। शरीर और मन दोनों की शुद्धि। संतोष दूसरा नियम है। इसमें कत्र्तव्य का पालन करते हुए जो कुछ उपलब्ध हो, जो कुछ प्राप्त हो, उसी में संतुष्ट रहना। किसी प्रकार की तृष्णा न करना। तीसरा नियम है तप, इस नियम में अपने वर्ण, आश्रम, परिस्थिति और योग्यता के अनुसार स्वधर्म का पालन करना। व्रत, उपवास आदि को भी इसी में शामिल किया जाता है। यानी कि स्वयं से अनुशासित दिनचर्या में रहना है। स्वाध्याय चौथा नियम है, जिससे कत्र्तव्य का बोध हो सके, मतलब शास्त्र का अध्ययन करना। महापुरुषों के वचनों का अनुपालन भी स्वाध्याय के अंतर्गत आता है। ईश्वर प्राणिधान पांचवां नियम है। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण व संपूर्ण श्रद्धा रखना। फल की इच्छा का परित्याग पूर्वक समस्त कर्मों का ईश्वर को समर्पण करना ईश्वर प्राणिधान कहलाता है। हजारों साल पहले भारतीय शोधकर्ताओं ने यौगिक क्रियाओं से होने वाले लाभों को समझ लिया था जो आज की चिकित्सा व खेल विज्ञान में योग का प्रयोग खूब हो रहा है। योग के नियमों का पालन करने के बाद अगर यौगिक क्रियाओं को किया जाता है तो मानव में शारीरिक व मानसिक स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से अलौकिकता का सुधार होता है। आज आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में इनसान को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। आज जब मनुष्य के पास हर सुख-सुविधा असानी से उपलब्ध है, मगर समय का अभाव सबके सामने है, ऐसे में फिटनेस को बनाए रखने की दिक्कत सबके सामने है। इस सबके लिए योग सबसे बढिया तरीका है। स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए रोज योग करें।



## देश दुनीया से

# अब मैं चुप नहीं रहूंगा...

रहीम दास जी की बात मानकर मैं चार साल से चुप बैठा हुआ था। लेकिन अब मुझे लग रहा है कि चुप बैठना घाटे का सौदा है। रहीम दास जी को अब कन्टीन्यू किया तो न मैं घर का रहूंगा न घाट का, क्योंकि चुनाव नजदीक हैं और सारे ही राजनीतिक दल लोकलुभावन वातावरण बना रहे हैं। मेरा जैसा बिचौलिया यदि अब चुप रहा तो ऐन वक्त पर हाथ खाली रह जाएंगे और मैं घर व बच्चों के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा। कल पत्नी ने भी कहा था कि चुप कैसे बैठे हो, आप तो अवसरवादी हैं, जैसी हवा अनुकूल लग रही हो, उसका मूल्यांकन करके किसी के साथ लग लो, बाद में पछताना पड़ेगा। मैंने पत्नी की बात पर स्वीकृति में सिर हिलाया और माना कि यह कमाने-खाने का पीक सीजन है। सर्वप्रथम मेरा ध्यान पता नहीं क्यों नमो-नमो पर गया। मन ने कहा कि हवा में यह नाम काफी घुल रहा है, यदि इस पर ध्यान दिया जाए तो कैसा रहे? मैंने फिर पत्नी से पूछा कि नमो-नमो कैसा रहेगा। उसने मंजे हुए खिलाड़ी की तरह कहा कि आप का दिमाग तो ठीक है न? नमो-नमो का पारायण करोगे तो कुछ नहीं मिलेगा, जिन्होंने घोटाले किए हैं, माल तो उनके पास है। अपने को किसी के सत्ता में आने, न आने से क्या फर्क पड़ता है, अपने तो माल मारना है। मैं पत्नी का इशारा समझ गया और मैंने अपना ध्यान उधर लगाया। मन ने कहा पत्नी का कथन सही है, माल वाले को पकडऩा ही ठीक रहेगा। मैं घोटालेबाजों के दरवाजे पर पहुंचा तो भीड़-भाड़ काफी थी। मुझे एक जानकार की शक्ल दिखाई दी, मैंने कहा - 'भाई साहब इधर हूं।' उन्होंने मेरी पुकार पर कान दिए और भीड़ चीरते हुऐ मेरे पास आ गए। मुझे एक सुनसान पेड़ के नीचे ले गए और बोले -'ऐसा करो, पहले तो अपना हुलिया बदलो। ठीक समय पर आए हो। कलफदार कुर्ता-पायजामा धारण करके मेरे पास परसों आओ। मैं मुखिया जी से मिलवा दूंगा। इस समय तुम्हारे जैसे जुगाडुओं की परम आवश्यकता है। हम दो टर्म पूरा करने जा रहे हैं, तीसरे के लिए प्रयत्नशील हैं। खजाना खुला छोड़ दिया है। धन लुटा रहे हैं। भोजन की गारंटी दे रहे हैं। अब कोई आदमी भूखा नहीं सोएगा। सबसिडी आधार कार्ड के आधार पर सीधे आम आदमी के बैंक खाते में दे रहे हैं। इसलिए हमने पासे तो एक से एक नायाब फेंके हैं। सवाल उनका जन सामान्य के दिमाग में बैठाने का है। मुझे विश्वास है तुम्हारा जैसा कार्यकर्ता ही यह कर सकता है।' मैं बोला -'सर आपको तो महंगाई ने मारा है। डीजल, पैट्रोल और गैस के महंगे होने से बाजार की हर चीज आसमान छू रही है, साथ ही माफ करना, घोटालों की भी कमी नहीं रहने से छवि खराब हुई है। ऐसे में मेहनत का काम तो है ही।' वे मेरी इस बात को सुनते ही भडक़ उठे और बोले -'गोली मारो इमेज को। घोड़ा घास से यारी करे तो खाए क्या। तुमको इस भीड़ से अलग मैं क्या झख मारने लाया हूं। इसी में तो करिश्मा करना है। उलटे तुम तो हमारे खोट गिनाने लगे।' मैं बोला -'नहीं सर, मैंने तो एक बात कही थी। बाकी तो मैं बहुरूपिया हूं। अब मैं चुप नहीं रहूंगा और अपना आलाप इतना ऊंचाई तक ले जाऊंगा कि टर्म पर टर्म मिलते जाएंगे।' वे बहुत खुश हुए। चुपचाप मेरे पेंट में पता नहीं क्या घुसेड़ा और कहा -'जाओ परसों आना और सुनो, अब चुप मत रहना। यह बोलने का वक्त है। झूठ का कारोबार करते हैं हम सब। जाओ ऐश करो।' घर आकर जेब से निकालकर सौगात देखी तो गांधीछाप कागज देखकर मैं और पत्नी फूले नहीं समाए। पत्नी ने भी यही कहा -'अब चुप मत बैठना।' तब से मैं एकालाप में डूबा हुआ हूं।

> सर्वप्रथम मेरा ध्यान पता नहीं क्यों नमो-नमो पर गया। मन ने कहा कि हवा में यह नाम काफी घुल रहा है, यदि इस पर ध्यान दिया जाए तो कैसा रहे? मैंने फिर पत्नी से पूछा कि नमो-नमो कैसा रहेगा। उसने मंजे हुए खिलाड़ी की तरह कहा कि आप का दिमाग तो ठीक है न? नमो-नमो का पारायण करोगे तो कुछ नहीं मिलेगा, जिन्होंने घोटाले किए हैं, माल तो उनके पास है। अपने को किसी के सत्ता में आने, न आने से क्या फर्क पड़ता है, अपने तो माल मारना है। मैं पत्नी का इशारा समझ गया और मैंने अपना ध्यान उधर लगाया। मन ने कहा पत्नी का कथन सही है, माल वाले को पकडऩा ही ठीक रहेगा। मैं घोटालेबाजों के दरवाजे पर पहुंचा तो भीड़-भाड़ काफी थी।

## नागरिक बोध

# महिलाओ की सुरक्षा पर हाथ पर हाथ धरे बैठना बेनामी

महिलाओ का उत्पीड़न और यौनाचार की घटनाएं आज भी आधुनिक और संस्कृति प्रधान कहलाने वाले भारत मे खुलम खुला हो रही है। महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान कोई नही है। हर जगह छेड़खानी और लव जिहाद की इन घटनाओं की शिकार किशोरावस्था की भेंट चढ़ जाती है। सरकार महिलाओ और युवतियों के उत्पीड़न की घटना पर बड़े बड़े बयान देकर मुकर जाती है। घटना के संदर्भ में दिए बयान दूसरे दिन भुला दिए जाते है। आज के दौर में महिलाओं के साथ ज्यादती सामान्य बात हो गई है। गार्डन,ऑफिस,ट्रेन,मोहल्ले आदि यहा तक घर मे असुरक्षित महसूस करने वाली महिलाओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है।यह सरकार की ढुलमुल नीति है। मुजफ्फरपुर से गुजरात जा रही रात्रिकालीन ट्रेन में सफर करने वाले पति पत्नी को बेरहमी से पिट दिया। इतना ही नही महिला से छेड़खानी करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की गई। जब दुष्कर्म में सफलता नही मिलने पर दोनों पति पत्नी को ट्रेन से बाहर फेंक दिया जाता है। इस घटना की निंदा की जाए,वह कम है।अपनी इज्जत बचाने के लिए दोनों मरने के लिए राजी हो गए। रात्रिकालीन गाड़ियों में सुरक्षा गार्ड के अभाव में चलती ट्रेन में इस तरह की घटना होते होते रह गई। ट्रेन के सफर में महिलाओ के साथ छेड़खनो की घटनाएं क्या प्रशासन की जवाबदेही नही है? ट्रेन से फेंके जाने की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने उन दोनों को अस्पताल पहुंचाया।देश मे ऐसी घटनाओं को नही रोका गया तो , आगे चलकर अकल्पनीय घटनाए सामने आएगी। उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। लखनऊ से गुजरात के लिए रवाना हुए पीड़तिों को सुरक्षा के नाम पर कोई सहूलियत नही मिली। देश मे लव जिहाद का स्कैंडल और राह चलती महिलाओ की छेड़खानी आम बात हो गई है। यह सरकार पर काला कलंक है। पुलिस की बड़ी फ़ौज पीड़ति परिवार को न्याय नही दिला सकती है। ट्रेन में रात्रिकालीन गाड़ियों में पुलिस गश्त लगती है। लेकिन पुलिस की घटना स्थल पर हाजर नही होने के कारण घटना सामने आई है।यह लापरवाही की निशानी है। देश मे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नही हो ,उसके लिए पुलिस को सजग प्रहरी की भूमिका निभानी होगी। सक्षम महिलाएं भी लफंगों का मुकाबला नही कर सकती है। अपनी सुरक्षा के लिए महिलाएं क्या करके जान और इज्जत बचाए, उसके लिए सरकार गाइड उपलब्ध कराई जाए। महिलाओ की सुरक्षा की जवाबदारी प्रशासन की है। उत्तरप्रदेश में महिलाओ की सुरक्षा में लगी पुलिस से सबक लेना चाहिए। युवतियां और महिलाएं बिना रोकटोक कही भी आ जा सके,ऐसे माहौल की देश मे जरूरत है। महिला और युवतियों को अकेला देखते ही विकृत मानसिकता पैदा कर उसके साथ अश्लील हरकतें की जाती है। समाज के कर्णधार आगे आए।

## न्यूज ब्रीफ

### गोटबाया राजपक्षे पर कब्रों का पुलिस रिकॉर्ड नष्ट करने का आरोप, संगठनों ने की कार्रवाई की मांग



**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। एक रिपोर्ट में उन पर सामूहिक कब्रों के पुलिस रिकॉर्ड को नष्ट करने का आरोप लगा है। सामूहिक कब्रें उस जगह मिली थी जहां 1989 में हिंसक मार्क्सवादी विद्रोह हुए थे और उस दौरान यहां गोटबाया एक सैन्य अधिकारी के रूप में काम कर कर रहे थे। सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डेवलपमेंट (सीएचआरडी), इंटरनेशनल ट्रूथ एंड जस्टिस प्रोजेक्ट (आईटीजेपी), जर्नलिस्ट्स फॉर डेमोक्रेसी इन श्रीलंका और फैमिलीज ऑफ द डिसएपियर्ड सामाजिक कार्यकर्ताओं के संगठनों द्वारा जारी रिपोर्ट उन पर आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन अज्ञात सामूहिक कब्र में अब भी हजारों शव दफन हो सकते हैं जिनका पता नहीं चला है। रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंकाई सरकारों द्वारा स्थापित कई जांच आयोगों में से किसी को भी सामूहिक कब्र की जांच करने का आदेश नहीं दिया गया। इसके बजाय, सच्चाई को उजागर करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया गया।

### भारतीय राजदूत ने श्रीलंका के पीएम से की चर्चा, दोनों देश हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए उठाएंगे कदम

**कोलंबो ।** श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने



मुलाकात की, दोनों ने भारत और श्रीलंका के बीच सहयोग के प्रस्तावित रोडमैप पर चर्चा की। भारत के राजदूत ने श्रीलंका के पीएम को दोनों देशों के बीच यात्री उड़ान कनेक्टिविटी बढ़ाने का आश्वासन दिया। पीएम कार्यालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें बताया गया कि भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने पर्यटन में वृद्धि का जिक्र करते हुए कहा कि भारत दोनों देशों के बीच उड़ानें बढ़ाने के लिए कदम उठाएगा। साथ ही बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ निजी एयरलाइंस भी श्रीलंका के गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करने की इच्छुक हैं। पिछले साल, भारत और श्रीलंका ने एलायंस एयर द्वारा साप्ताहिक चार उड़ानों के साथ जाफना और चेन्नई के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू कीं थी। चर्चा के दौरान, श्रीलंकाई प्रधानमंत्री ने डिजिटलीकरण, वैकल्पिक ऊर्जा और कृषि जैसे क्षेत्रों में अधिक भारतीय निवेश का आग्रह किया।

### यिंगकौ शहर के स्टील मिल में जबरदस्त धमाका, चार लोगों की मौत; पांच घायल



**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग के पूर्वी क्षेत्र यिंगकौ शहर में आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड एक जबरदस्त विस्फोट हुआ। इस धमाके में 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं,पांच अन्य लोग घायल हो गए। शहर के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने जानकारी दी कि धमाका गुरुवार सुबह एक ब्लास्ट फर्नेस में हुआ। आधिकारियों ने जानकारी दी कि विस्फोट की वजह की जांच हो रही है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि मशीनों में आई खराबी की वजह से विस्फोट हुआ है। बता दें कि इस विस्फोट से 12 घंटे पहले उत्तर पश्चिमी शहर यिनचुआन में एक बारबेक्यू रेस्तरां में बुधवार शाम विस्फोट हुआ। यह धमाका एलपीजी लीक करने की वजह से हुई है। जानकारी के मुताबिक, विस्फोट में 31 लोगें की मौत हो गई। इस घटना के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी इंडस्ट्री में सुरक्षा इंतजाम कड़े करने के निर्देश दिए।

### भारत को हथियारों की बिक्री में तेजी लाने से जुड़ा विधेयक अमेरिकी संसद में पेश

**न्यूयार्क।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में भारत को हथियारों की बिक्री में तेजी लाने के लिए एक विधेयक पेश किया गया और सांसदों के एक समूह ने कहा कि अन्य देशों के साथ सामरिक साझेदारी मजबूत करने से उनके साझा सुरक्षा हितों की रक्षा होगी। यह विधेयक उस समय में पेश हुआ है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की अपनी पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा पर हैं। प्रतिनिधि सभा और सीनेट में पेश किए गए इस विधेयक में शस्त्र निर्यात नियंत्रण अधिनियम के तहत अन्य देशों को सैन्य साजोसामान की बिक्री और निर्यात संबंधी समीक्षा एवं बिक्री प्रक्रिया में तेजी लाकर भारत को अमेरिका के अन्य साझेदार तथा सहयोगी देशों के बराबर लाने का प्रावधान किया गया है। प्रतिनिधि सभा में विधेयक सांसद माइक वाल्ट्ज, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एंडी बार और मार्क वीसे ने, जबकि सीनेट में विधेयक को मार्क वार्नर तथा जॉन कोर्निन ने पेश किया।

# यूएस सांसदों की तारीफ करते हुए राहुल गांधी पर तंज कस गए पीएम मोदी

**वॉशिंगटन।**

गुरुवार को अमेरिकी कांग्रेस में दिए अपने संबोधन में पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तंज कस दिया। दरअसल अपने संबोधन में पीएम मोदी ने अमेरिकी सांसदों की तारीफ करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि सभी सांसद भारत के साथ अपने रिश्तों के जश्न में एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि घर में विचारों का संघर्ष होना चाहिए लेकिन जब देश के लिए बोलने की बात आए तो सभी को एकसाथ आ जाना चाहिए। पीएम मोदी के इस बयान को राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है क्योंकि विदेश में दिए गए उनके बयानों पर खूब विवाद हुआ है।

### पीएम मोदी ने कसा तंज

अमेरिकी कांग्रेस में दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि 'मैं समझ सकता हूं कि विचारों और विचारधारा को लेकर बहस होती है लेकिन मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि आप सभी आज साथ आए हैं और दुनिया के दो लोकतंत्रों, भारत और अमेरिका के संबंधों का जश्न मना रहे हैं। घर में विचारों की लड़ाई





हो सकती है लेकिन जब देश के लिए बोलने की बात हो तो हम सभी को साथ आना चाहिए और आपने ये करके दिखाया है। इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।'

### आपका काम बहुत मुश्किल है

पीएम मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर केविन मैक्कार्थी को मुखातिब होते हुए कहा कि 'एक जीवंत लोकतंत्र का नागरिक होने के नाते मैं समझ सकता हूं कि आपका काम बहुत मुश्किल है। मैं जुनून और नीति को लेकर होने वाली लड़ाईयों को समझ सकता हूं।'

### राहुल गांधी के बयानों पर हो चुका है विवाद

गौरतलब है कि बीते दिनों राहुल गांधी ब्रिटेन और अमेरिका को दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने देश की सरकार को निशाने पर लिया और सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए थे। इस पर भारत में खूब राजनीतिक बयानबाजी हुई और सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी पर विदेश में जाकर देश का अपमान करने का आरोप लगाया था। यही वजह है कि पीएम मोदी के अमेरिकी कांग्रेस में दिए गए उपरोक्त बयान को राहुल गांधी पर हमले के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत-अमेरिका के बयान पर इमरान खान का तीखा वार

# शहबाज सरकार ने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रमोटर बना दिया

**इस्लामाबाद।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। लेकिन उनकी इस यात्रा पर भारत से ज्यादा पाकिस्तान की नजर है। पीएम मोदी ने अमेरिकी संसद में अपने भाषण के दौरान पाकिस्तान पर निशाना साधा और उसे आतंकवाद फैलाने वाला बता दिया। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में भी पीएम मोदी से सहमति जताई गई। जिसके बाद इमरान खान शहबाज सरकार पर बरस पड़े हैं। इमरान ने शहबाज सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रमोटर बना दिया है।

इमरान खान ने व्हाइट हाउस के बयान का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कहा, 'जनरल बाजवा और उनके पीडीएम साथी दावा कर रहे थे कि मैंने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग थलग कर दिया है। अब हम उनसे यह सवाल पूछना चाहते हैं कि एक साल तक सत्ता में रहने और पाकिस्तानी विदेश मंत्री की अनगिनत अमेरिका यात्रा के बाद भी भारत और अमेरिका का संयुक्त बयान पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला क्यों बताता है? कोई भी संतुलित बयान नहीं है।' इमरान खान ने आगे कहा, 'अब आयातित सरकार ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अप्रासंगिक बना दिया है। इसके साथ ही हमारे



लोकतंत्र, कानून का शासन और संपूर्ण आर्थिक और संस्थागत ढांचा हमारी आंखों के सामने ढह रहा है।' आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान पर परोक्ष निशाना साधा और कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इस संकट से निपटने में कोई ''अगर-मगर'' नहीं हो सकता। बृहस्पतिवार को अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 9/11 हमले के दो से भी अधिक दशक तथा मुंबई में 26/11 हमलों के एक से भी अधिक दशक बाद कट्टरपंथ और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए आज भी एक खतरा बना हुआ है। मोदी ने अंग्रेजी भाषा में 60 मिनट के अपने भाषण में कहा, 'ये विचारधाराएं नयी पहचान तथा रूप ले रही हैं लेकिन उनकी मंशा समान है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई अगर या मगर नहीं हो सकता। हमें आतंकवाद को प्रायोजित तथा उसे फैला रही ऐसी सभी ताकतों से निपटना होगा।' प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने आतंकवाद तथा चरमपंथ से लड़ने का संकल्प जताया। बयान में कहा गया है, 'अमेरिका तथा भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं और आतंकवाद तथा हिंसक चरमपंथ की सभी रूपों में निंदा करते हैं।' बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की मांग को दोहराया। इसमें कहा गया है, 'उन्होंने सीमा पार आतंकवाद, आतंकवाद के लिए लोगों के इस्तेमाल करने की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया कि उसके कब्जे वाले किसी क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने के लिए न किया जाए। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों और पठानकोट हमले के दोषियों को सजा देने का भी आह्वान किया।' उन्होंने आतंकवादी साजिशों के लिए मानवरहित ड्रोन और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों का दुनियाभर में इस्तेमाल बढ़ने पर भी चिंता व्यक्त की।

# सीट को लेकर फ्लाइट में हुई हाथापाई

### झगड़े के बाद जहाज से कूदने चल पड़ा यात्री



**न्यूयॉर्क।**

अमेरिका के टेक्सास में फ्लाइट में ऐसी हाथापाई हुई कि यात्री फ्लाइट से कूदने की फिराक में नजर आया। मामला टेक्सास में यूनाइटेड एयरलाइन्स की एक फ्लाइट का है। फ्लाइट में यात्रियों के बीच मचे घमासान की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। वीडियो हैरान कर देने वाला है।

दरअसल एक यात्री ने पत्नी की सीट को लेकर हुए बवाल के बाद फ्लाइट अटेंडेंट पर घूंसे बरसा दिए। जिसके बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया। जब तक लोग यात्रियों को समझाने की कोशिश करते वो इमरजेंसी गेट खोल फ्लाइट से कूदने लगा। ये वीडियो यूट्यूब पर शेयर किया गया है। वीडियो के मुताबिक, कोडी बेंजामिन लोविंस नाम के यात्री ने फ्लाइट अटेंडेंट के साथ मारपीट की और उसे जोरदार मुक्का जड़ दिया। और जब लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की। तो तेज़ी से भागते हुए इमरजेंसी एग्जिट गेट की ओर चला गया और फिर दरवाजे को खोल उसमें से कूदने की कोशिश करने लगा।

मामला कब बढ़ा जब आरोपी यात्री की पत्नी को उसके निर्धारित सीट से किसी और सीट पर जाने के लिए कह दिया गया गया। बस इसी बात से वो इस कदर बौखलाया कि मामला जानलेवा हरकत तक पहुँच गई।जिस वक्त फ्लाइट में ये सारा बवाल हो रहा था, वहाँ मौजूद एक और यात्री ने इस घटना को कैमरे में कैद कर लिया। सीट बदलने की बात पर जब लोविंस भड़के तो फ्लाइट अटेंडेंट ने बीच बचाव की कोशिश की। इसी बात से बौखलाए यात्री ने उस अटेंडेंट को मुक्का जड़ दिया और भागकर एग्जिट गेट भी खोल दिया। हालांकि बड़ी मशक्कत के बाद यात्री को एग्जिट गेट के पास से सुरक्षित वापस खींचा गया। वरना बड़ी घटना सामने आ सकती थी। मामला सामने आने के बाद यूनाइटेड एयरलाइन्स ने भी अपना पक्ष रखा और इसे नाकाबिले बर्दाश्त कहा है साथ ही लुइस नाम के यात्री को ताउम्र अपनी एयरलाइन्स के लिए बैन कर दिया है। बता दें कि फ्लाइट में आए दिन हो रही अजीब घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कभी मारपीट कभी हाथापाई कभी दूसरे यात्री पर पेशाब, तो कभी किसी यात्री या फ्लाइट अटेंडेंट संग छेड़खानी जैसी घटनाएं भी हो रही हैं। कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि फ्लाइट अटेंडेंट की मजबूरी का फायदा उठाकर यात्री उनके साथ बदसलूकी पर उतारू हो जाते हैं।

# पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने पत्रकार को जड़ा थप्पड़, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**इस्लामाबाद ।**



पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार पर एक पत्रकार ने थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। पत्रकार का आरोप है कि उसने डार से सवाल किए तो उन्होंने अपना आपा खो दिया और थप्पड़ जड़ दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पत्रकार ने गुरुवार को पाकिस्तानी संसद भवन में वित्त मंत्री डार से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम के बारे में सवाल पूछा था।

इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वित्तमंत्री इशाक डार नेशनल असेंबली सत्र को संबोधित करके बाहर की तरफ निकल रहे हैं, तभी शाहिद कुरैशी नाम के पत्रकार ने उनसे लगातार सवाल पूछने शुरू कर दिए। मंत्री बिना जवाब दिए आगे बढ़े जा रहे थे। पत्रकार ने डार के सामने आईएमएफ से 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा हासिल करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया। इसके बाद डार ने जवाब दिया कि सौदा नहीं हो सका ÷क्योंकि आप जैसे लोग सिस्टम में है। पत्रकार ने अपना बचाव करते हुए कहा कि पत्रकार सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं बल्कि केवल सवाल पूछते हैं। इसके बाद डार गुस्से में आ गए जिसके बाद वह पत्रकार की तरफ तेजी से आते हैं और थप्पड़ जड़ देते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोर्टर ने बताया कि मंत्री ने मुझे थप्पड़ मारा और उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मियों को मुझे सबक सिखाने के लिए भी कहा। डार पत्रकार से कहते हैं कि 'भगवान से डर'। इसके बाद पत्रकार कुरैशी मंत्री से बोलते हैं कि आप क्यों लड़ रहे हैं सर... इसके बाद मंत्री के सुरक्षाकर्मी बीच में आ जाते हैं और डार को कार की तरफ ले जाते हैं। घटना के बाद, पत्रकार ने घटना का वीडियो जारी कर मंत्री द्वारा उत्पीड़न करने का दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डार ने पत्रकार का मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया और सुरक्षाकर्मियों को मोबाइल फोन जब्त करने और फेंकने का भी निर्देश दिया।

# वार्षिक हज यात्रा के लिए सऊदी पहुंचे यात्री, अब तक 15 लाख से अधिक विदेशी तीर्थयात्री हुए रिकॉर्ड

**मक्का।**

वार्षिक हज यात्रा के लिए हर सालों लाखों की संख्या में तीर्थयात्री सऊदी अरब पहुंचते हैं। इस साल भी हज यात्रा के लिए यात्रियों का सऊदी पहुंचना शुरू हो गया है। अब तक करीब 15 लाख विदेशी तीर्थयात्री सऊदी पहुंच चुके हैं, जिनमें से अधिकांश हवाई मार्ग से आए हैं। सऊदी अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी है।

### कोविड के बाद पहली हज यात्रा

साल 2020 में कोविड के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों के खत्म होने के बाद इस साल की यात्रा पहली यात्रा होगी। सोमवार को हज शुरू होने से पहले और भी अधिक तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है।

### सभी मुसलमानों के लिए आवश्यक हज

हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और सभी मुसलमानों को अपने जीवन में कम से कम एक बार हज करना आवश्यक है, यदि वे शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम हैं। यह



दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है।

### 2023 में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ेगी

सऊदी मीडिया मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि बुधवार तक 1.49 मिलियन से अधिक विदेशी तीर्थयात्री उसके अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों के माध्यम से देश में आ चुके थे, जिनमें से 1.43 मिलियन ने हवाई यात्रा की थी। सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि 2023 में तीर्थयात्रियों की संख्या महामारी पूर्व स्तर तक पहुंच जाएगी। 2019 में, 2.4 मिलियन से अधिक मुसलमानों ने तीर्थयात्रा की।

### टाइटन पनडुब्बी हादसे की वजह आई सामने

# विस्फोट से पांच टुकड़ों में बदली पनडुब्बी, पांचों यात्री मृत

**वॉशिंगटन।**

लापता पनडुब्बी 'टाइटन' के चार दिन चले तलाश अभियान का एक त्रासदीपूर्ण अंत हुआ। खबरों ने पुष्टि की है कि टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने गई पनडुब्बी में ''विनाशकारी विस्फोट'' हुआ, जिसके कारण इसमें सवार सभी पांचों यात्रियों की तत्काल मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि टाइटैनिक के डूबने के स्थल से लगभग 500 मीटर दूर समुद्र तल पर पनडुब्बी के पांच बड़े-बड़े टुकड़े मिले हैं। इनका मिलना पहले दिए गए इन समाचारों से मेल खाता है कि टाइटन जब पानी में उतरा था, उसी दिन अमेरिकी नौसेना को ''एक विस्फोट जैसा'' जोरदार धमाका सुनाई दिया था।

नौसेना के समुद्र तल सेंसर ने उस क्षेत्र में विस्फोट का पता लगाया था, जहां पनडुब्बी का अपने मुख्य पोत के साथ संपर्क टूटा था। उस समय विस्फोट के बारे में बताया गया था कि यह ''निर्धारित नहीं'' था।

### 'विनाशकारी विस्फोट' क्या है?





हम ऐसा मान सकते हैं कि विस्फोट उसी दिन हुआ, जिस दिन पनडुब्बी पानी में उतरी थी, लेकिन संभवतः यह उस समय नहीं हुआ, जब उसका अपने मुख्य पोत से संपर्क टूटा था, लेकिन ऐसा क्यों हुआ

पानी में गहराई पर चलने वाली अधिकतर पनडुब्बियों में एक 'दाब पात्र' होता है, जो एकल धातु सामग्री से बना होता है। आमतौर पर अपेक्षाकृत कम गहराई (लगभग 300 मीटर से कम) के लिए स्टील और अधिक गहराई के लिए टाइटेनियम का इस्तेमाल किया जाता है। टाइटेनियम या मोटे स्टील वाला दाब पात्र आमतौर पर गोलाकार होता है और यह 3,800 मीटर गहराई तक दबाव झेल सकता है। टाइटैनिक का मलबा इसी गहराई पर पड़ा है। बहरहाल, टाइटन पनडुब्बी इनसे अलग थी। इसका दाब पात्र टाइटेनियम और मिश्रित कार्बन फाइबर के मेल से बना था। यह इंजीनियरिंग के नजरिए से कुछ हद तक असामान्य है, क्योंकि पानी में गहराई तक जाने के संदर्भ में टाइटेनियम और कार्बन फाइबर काफी भिन्न गुणों वाली सामग्रियां हैं। टाइटेनियम लचीला है और वायुमंडलीय दबाव में वापसी के बाद उसके अनुसार ढल जाता है। यह दबाव डालने वाले बलों के अनुकूल सिकुड़ भी सकता है और इन बलों के कम होने पर फिर से फैल जाता है। दूसरी ओर, कार्बन-फाइबर अधिक कठोर होता है और इसमें ऐसा लचीलापन नहीं होताा। हम इस बात का केवल अंदाजा ही लगा सकते हैं कि दो अलग-अलग प्रौद्योगिकियों के मेल से क्या हुआ होगा। लेकिन एक बात हम निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि इन सामग्रियों में अंतर के कारण कोई गड़बड़ हुई और पानी के नीचे दबाव के कारण विस्फोट हुआ होगा। सटीकता से डिजाइन किया गया एवं निर्मित और पुख्ता जांच परख के बाद तैयार दाब पात्र सभी दिशाओं से पड़ने वाले समग्र दबाव को झेल सकता है। ऐसी स्थिति में उपयुक्त सामग्री से निर्मित पनडुब्बी गहराई में आवश्यकता के अनुसार''सांस ले'' सकती है-सिकुड़ और फैल सकती है। टाइटन में विस्फोट का अर्थ है कि उसके साथ ऐसा नहीं हुआ। इस विस्फोट के कारण उसमें सवार सभी यात्रियों की 20 मिलीसेकंड से भी कम समय में मौत हो गई होगी।

### पीएम मोदी मिस्र यात्रा पर करेंगे अल-हकीम मस्जिद का दौरा, बिताएंगे आधा घंटा

**काहिरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों विदेशी दौरे हैं। वह अमेरिका का दौरा करने के बाद शनिवार से मिस्र की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी मिस्र की राजधानी काहिरा में 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद का दौरा भी करेंगे। पीएम मोदी मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के निमंत्रण पर यह यात्रा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार मिस्र की राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री अल-हकीम मस्जिद में लगभग आधा घंटा बिताएंगे। काहिरा में स्थित इस ऐतिहासिक और प्रमुख मस्जिद का नाम 16वें फातिमिद खलीफा अल-हकीम द्वि-अम्र अल्लाह (985-1021) के नाम पर रखा गया है।

# भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था की ओर अग्रसर : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**जयपुर ( हिंस )।** भारत इस दशक के आखिर तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और वर्ष 2047 तक पहले नंबर की अर्थव्यवस्था होगा। यह बात उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को जयपुर के एमएनआईटी संस्थान में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर शिक्षाविद संवाद बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर कही। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने देश की मौजूदा स्थितियों की जमकर तारीफ की। साथ ही देश की तरक्की और उपलब्धियों पर सवाल उठाने वालों पर भी तंज कसते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज के दिन दिल्ली से जो पैसा आता है, उसमें कोई एक प्रतिशत की भी कैंची नहीं मार सकता। पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में जाता है, कोई



बिचौलिया नहीं, कोई दलाल नहीं। उपराष्ट्रपति ने शिक्षा, खेल और उद्यमिता के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों से बातचीत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण और इसे विश्व शक्ति बनाने में युवाओं की बड़ी भूमिका है। उन्होंने स्वयं की मिसाल देते हुए कहा कि वे एजुकेशन के ही प्रोडक्ट हैं। अगर उन्हें स्कॉलरशिप नहीं मिलती, तो वे यहां नहीं होते। वे बचपन में टॉपर स्टूडेंट रहे। उपराष्ट्रपति ने देश की मौजूदा स्थिति की दिल खोलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत उतना उभरा है, जितना पहले कभी नहीं उभरा। पहले हम विश्व इकोनामी में दसवें नंबर पर थे, आज हम पांचवें नंबर पर हैं। हालांकि, कुछ लोगों को भारत की तरक्की हजम नहीं होती है। कुछ लोग कहते हैं कि भारत जीवंत लोकतंत्र नहीं। कुछ भारत से बाहर जाकर ऐसी बात करते हैं, जो उचित नहीं कही जा सकती। यह पीड़ा का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग सोचते हैं कि उन्हें कानून का नोटिस क्यों मिल गया और उनके लोग सड़कों पर आ जाते हैं। क्या यह उचित कहा जा सकता है, क्या वे यह सोचते हैं कि वे कानून से ऊपर हैं। कुछ लोग बेतुकी बातें कहते हैं कि भारत में जीवंत लोकतंत्र नहीं है। मुझे पीड़ा होती है। देश के बाहर जाकर ऐसा कहना, भारत के राष्ट्रवाद के साथ बदसलूकी है, आपके भविष्य के साथ बदसलूकी है, हमारे विकास पर अंकुश लगाने का कु-प्रयास है। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ ने एमएनआईटी जयपुर में पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और परिसर में मौलश्री का पौधा लगाया।

## उपचुनावों को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**फरीदाबाद ( हिंस )।** जुलाई माह में फरीदाबाद के कुछ गांव में होने वाले पंच और पार्षद बाई इलेक्शन चुनाव में शांति से मतदान के लिए इंस्पेक्टर सत्यवान व आरएएफ टीम ने शुक्रवार को धौज एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना धौज के अन्तर्गत आने वाले गांव सिरोही, खोरी जमालपुर, धौज, पाखल, फतेहपुर तगा, आलमपुर में फोर्स के साथ पैदल फ्लैग निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ग्राम पंचायत के चुनावों में कुछ सीटो पर चुनाव जीते सदस्य (डिसक्कालीफाई हो गए) होने पर पंच व पार्षद की सीट खाली रह गई थी, जिसके लिए फिर से चुनाव करवाने निर्धारित किए गए हैं जिसमें आने वाले पंच और पार्षद चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार लोगों को जागरुक कर रही है। इसी क्रम में आज पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत धोज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान व उनकी टीम ने आरएएफ बटालियन के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव को शांचिपूर्ण करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उनके साथ डी-194, आरएएफ बटालियन के सहायक कमाण्डेन्ट सरस्वती नन्दन, निरीक्षक अनिल पूनिया, महिला निरीक्षक रुकमणी देवी सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। पुलिस अधिकारियों



ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि इस चुनाव में आप अपने मत का उपयोग करके प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो आपके गांव और समाज के लिए काम करके उसे आगे लेकर जाता है। यह चुनाव पूरे गांव की समृद्धि के लिए आयोजित किए जाते हैं जिससे पूरे गांव का भला होता है और गांव में विकास कार्य भी पूर्ण किए जाते हैं। यह चुनाव भाईचारे का चुनाव होता है लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस दौरान अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं। गांव के मौजिज व्यक्तियों को समझाया गया कि जिन व्यक्तियों की समाज में अच्छा प्रभाव है वह शांति स्थापित करने के लिए अपना प्रयास करना सुनिश्चित करें क्योंकि उनका समाज में एक रुतबा होता है और हर व्यक्ति उनकी बात मानता है इसलिए वह समाज को एक अच्छी दिशा में लेकर जाएं।

## तीन हजार से भी अधिक बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा

**जोधपुर ( हिंस )।** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर भारतीय रेलवे पर चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग ड्राइव के दौरान उत्तर - पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने तीन हजार से भी अधिक बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा। और इनसे साढ़े चौदह लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि रेलवे बोर्ड के निर्देश पर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में जोधपुर मंडल पर 5 से 18 जून तक चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग ड्राइव के दौरान विभिन्न रेल खंडों में सघन टिकट चेकिंग की गई जिसमें 3030 यात्री बिना टिकट व 236 यात्री अनियमित टिकट पर यात्रा करते पकड़े गए । उन्होंने बताया कि पकड़े गए बिना व अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे कुल 3 हजार 320 यात्रियों से टिकट चेकिंग स्टाफ ने 14 लाख 60 हजार 1 सौ 70 रुपए किराया व जुर्माना वसूल किया जिसमें रेलवे द्वारा निर्धारित छूट से ज्यादा सामान लेकर यात्रा के 6 मामले सम्मिलित हैं। खेड़ा ने बताया कि स्पेशल ड्राइव के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ ने जोधपुर मंडल के जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन, लूणी - समदड़ी-बाड़मेर-मुनाबाव, समदड़ी-भीलड़ी, जोधपुर-जैसलमेर, जोधपुर-मेड़ता-डेगाना-फुलेरा, डेगाना-रतनगढ़ तथा मेड़ता रोड-नागौर-बीकानेर रेल खंडों में सघन व औचक टिकट चेकिंग की तथा बिना टिकट व अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों से रेलवे नियमानुसार जुर्माना राशि वसूल की।

# हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : मुख्यमंत्री गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार जनभावना के अनुरूप सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। राजस्थान चहुंमुखी विकास के कारण देशभर में मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य की अनूठी योजनाओं की देशभर में चर्चा है। कई योजनाएं ऐसी हैं जो राजस्थान के अलावा देश के किसी भी राज्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ध्येय हर जरूरतमंद व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेशभर में महंगाई राहत कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें 10 महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देकर लोगों को महंगाई से राहत दी जा रही है। गहलोत शुक्रवार को भरतपुर की कुम्हेर तहसील के सैंत गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीग को जिला बनाने से क्षेत्र में प्रशासनिक इकाइयां मजबूत होंगी और लोगों को अपने कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पूर्वी राजस्थान नहर



परियोजना (ईआरसीपी) के कार्य को आगे बड़ा रहे हैं। यह परियोजना भरतपुर समेत 13 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई जल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को वादा निभाते हुए इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देना चाहिए। भरतपुर में मुख्यमंत्री ने 16.30 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें 2 करोड़ रुपए की लागत से राजपुरा से पपरेरा सड़क निर्माण, 2.25 करोड़ की लागत से सत्यनगर से जरहरा वायां विजयनगर सड़क निर्माण, 2.25 करोड़ की लागत से पाहुआ से सिरसई सड़क निर्माण, कौंरेर (डीग) में 1.43 करोड़ की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, आदिबद्री ग्राम पसोपा में 2.64 करोड़ से अधिक की लागत से तप्त कुंड, गौशाला, चुग्गाघर, समाधि स्थल और भागवत स्थल का निर्माण कार्य, गांव पसोपा (डीग) में 2.56 करोड़ से अधिक की लागत से पशुपति मंदिर का निर्माण एवं गंगोत्री, यमुनोत्री, लक्ष्मण झूला, (आदिबद्रीनाथ) हर की पेडी मंदिर डीग का निर्माण कार्य, गांव पसोपा (डीग) में 3.16 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से श्री पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कार्य शामिल हैं। इसी तरह, भरतपुर में 4.78 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। इनमें पैंघोर में 2 करोड़ रुपए की लागत से चामड माता मंदिर विकास एवं सौन्दर्यीकरण, परिक्रमा मार्ग पूंछरी (डीग) में 1.78 करोड़ की लागत से कर्व स्टोन, बोलार्ड एवं आयरन फैंसिंग का निर्माण कार्य, परिक्रमा मार्ग पूंछरी में एक करोड़ रुपए की लागत से श्री गिरिराज तीर्थ क्षेत्र पूंछरी का विकास कार्य शामिल हैं। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री के सैंत पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने डीग को नवीन जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महंगाई राहत कैंप का अवलोकन कर लाभार्थियों से बातचीत की। यहां उपस्थित कार्मिकों के प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी पेंशन योजना के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। कैंप में उपस्थित किसानों ने अलग कृषि बजट पेश करने, 2 हजार यूनिट निःशुल्क बिजली तथा तारबंदी जैसी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कन्यादान योजना के तहत लाभार्थियों तथा स्वयं सहायता समूहों को चैक सौंपे एवं दिव्यांगजनों को मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत स्कूटी वितरित की। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेशचन्द मीणा, तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना, पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री गोविंद सिंह डोटासरा एवं विधायक वाजिब अली सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने अमर शहीद श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**उधमपुर ( हिंस )।** जनसंघ के संस्थापक अमर शहीद स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर ऊधमपुर जिला भाजपा कार्यलय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सोमराज खजूरिया व अरुण गुप्ता के अलावा कई भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उन्हें याद किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सोमराज खजूरिया व अरूण गुप्ता ने अमर शहीद स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनके द्वारा दो विधान, दो निशान व दो संबिधान के खिलाफ छेड़े गए आंदोलन के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों के समक्ष रखा।

## नकाबपोशों ने एक कंपनी के गोदाम में से 3.50 लाख रुपए लूटे

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के जालंधर में गुरुवार की रात चार नकाबपोशों ने फ्लिपकार्ट कंपनी के गोदाम को निशाना बनाते हुए 3.50 लाख रुपए लूट लिए। लुटेरे गोदाम में काम करने वाले कर्मचारियों के 6 मोबाइल फोन और पर्स भी ले गए। नकाबपोश लुटेरों में से एक ने पिस्तौल निकाली और गोदाम के मैनेजर के सिर पर तान दी। मैनेजर ने जब कैश देने से मना किया तो लुटेरों ने उसका सिर दीवार से टकरा दिया। इसके बाद कर्मचारियों को लाइन में लगाकर फिल्मी स्टाइल में उनके पहले मोबाइल और पर्स अपने कब्जे में लिए। कर्मचारियों के अनुसार जिस लुटेरे ने पिस्तौल निकाल कर गोली मारने की धमकी दी थी उसकी बाजू पर बड़ा टैटू बना हुआ था। लुटेरों ने कोई गोली नहीं चलाई बल्कि सभी को गोली मारने की धमकी दी। लूट के बाद लुटेरे जालंधर-अमृतसर हाइवे पर चले गए। लुटेरों ने लूटपाट के बाद गोदाम में कोई साक्ष्य नहीं छोड़ा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अनुकरणीय शिक्षाओं को युवा आत्मसात करें: मोहन लाल

**सोनीपत ( हिंस )।** राई हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि राष्ट्रभक्ति के वाहक रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शिक्षाएं और संदेश अनुकरणीय हैं। युवा अनुसरण कर राष्ट्र के नव निर्माण में सहभागी बनें। शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला सोनीपत के विभन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विधायक बड़ौली ने कहा कि डॉ. मुखर्जी युग प्रवर्तक रहे हैं, जिन्होंने अपना समस्त जीवन ही राष्ट्र को समर्पित कर दिया। राष्ट्र के लिए जिये और जीवनभर राष्ट्रप्रेम की अलख जगाते रहे। उनका जीवन भारतीय धर्म तथा संस्कृति के लिए समर्पित रहा। एक महान शिक्षाविद् तथा प्रखर राष्ट्रवादी थे। पारिवारिक परिवेश



शिक्षा, संस्कृति के प्रति अनुराग उन्हें परिवार से मिला था। पूर्व पार्षद नंदकिशोर चौहान, विनोद बैरागी, तरुण देवीदास, दिनेश व्यास, लोकसभा विस्तारक नरेंद्र भारती, सतपाल योगी, प्रहलाद, नरेश कश्यप, सरदार बलदेव सिंह आदि उपस्थित रहे। हरियाणा की पूर्व मंत्री डॉ. कविता जैन ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। अपने कैंप कार्यालय में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद के राष्ट्रभक्ति के संदेश को जीवन में आत्मसात करके नव.निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। श्यामा प्रसाद का मानवतावादी पक्ष निखर कर सामने आया, जिसे बंगाल के लोग कभी भुला नहीं सकते। वे ऐसे व्यावहारिक सुझाव देते थे, जिनमें सहृदय मानव-हृदय की झलक मिलती जो मानव पीड़ा को हरने के लिए सदैव लालायित और तत्पर रहता है। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में सरकार बनी तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी और बच्ची की गोली मारकर हत्या



**धौलपुर ( हिंस )।** अवैध संबंधों के शक में एक कलियुगी पति ने सात जन्म एवं वचनों की मर्यादा को तार तार करते हुए ना केवल अपनी पत्नी, बल्कि अपनी दुधमुंही पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। जिले के राजाखेडा क्षेत्र के गांव पूठ में हुए दोहरे हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने मृतका के आरोपी पति बनवारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पति बनवारी ने ही अपने पिता से अवैध संबंध होने के शक के कारण पत्नी सीमा और पुत्री स्वार्थी की गोली मारकर हत्या की थी। आरोपी द्वारा वारदात को अंजाम देने के पश्चात रंजिशवश दूसरे पक्ष के विरुद्ध हत्या का झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व 15 जून को राजाखेडा थाना इलाके के गांव पूठ में मां और बेटी का डबल मर्डर हुआ था। इस संबंध में मृतका सीमा के पति बनवारी लाल द्वारा अपनी पत्नी सीमा एवं पुत्री स्वार्थी हत्या के आरोपी हजारी, पप्पू, कप्तान, थानसिंह, मलखान व हुकमसिंह द्वारा घर में घुसकर गोली मारकर हत्या का मामला दर्ज कराया था। इसी घटना के संबंध में मृतका सीमा के भाई सत्यवीर उर्फ नरेन्द्र सिंह ने भी अपनी बहन सीमा व भांजी स्वार्थी की हत्या का शक अपने जीजा बनवारी जताते हुए मामला दर्ज कराया था। वारदात के बाद में मृतका के पोस्टमार्टम के पश्चात मृतका सीमा व बालिका स्वार्थी के दाह संस्कार में बनवारी शामिल नहीं हुआ तथा मौके से फरार हो गया। इससे बनवारी पर पुलिस का संदेह और बढ गया। मृतका के पति पर हत्या का सन्देह होने पर गहनता से अनुसंधान किया जाकर साक्ष्य एकत्रित किए गए। पुलिस द्वारा किए गए अनुसंधान में बीते चार पांच साल से मृतका सीमा के अवैध संबंध अपने ससुर जीतपाल से होने तथा मृतका सीमा द्वारा अपने पति बनवारी की बात नहीं मानने के कारण अपनी पत्नी सीमा एवं पुत्री स्वार्थी की गोली मारकर हत्या करना स्वीकार किया है। यही नहीं हत्या का आरोप परिवारजन केदार के कहने पर रंजिश वश गांव के दूसरे पक्ष हजारी बगैराह के ऊपर लगाना बताया है। जिसके बाद अनुसंधान आरोपी बनवारी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरोपी बनवारी से और आगे पूछताछ की जा रही है।

## हरिहर योजना को लागू करने वाला पहला राज्य हरियाणा : ललित सिवाच

**सोनीपत ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने हरिहर योजना अनाथ बच्चों के कल्याण और देखभाल के लिए लागू की गई इसी के अंतर्गत उपायुक्त ललित सिवाच ने हिमांशु को राजस्व विभाग में ग्रूप सी के पद के लिए शुक्रवार को नियुक्ति पत्र दिया है। उपायुक्त ने कहा कि हरिहर योजना के तहत मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को 11 बच्चों को सरकारी विभागों में नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। इन 11 बच्चों में 9 लड़कियां व 2 लड़के हैं, जिसमें जिला सोनीपत से हिमांशु शामिल है। मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम में सोनीपत से महिला एवं बाल विकास संरक्षण अधिकारी आरती हिमांशु को लेकर पहुंची थी।

# धान लगाने के लिए महिला मजदूरों को लेकर जा रहा ट्रैक्टर भाखड़ा नहर में गिरा

**फतेहाबाद ( हिंस )।** जिले के शहर टोहाना से लगभग चार किलोमीटर दूर पंजाब के गांव महा सिंह वाला में धान की पनीरी लगाने के लिए महिला मजदूरों को लेकर रवाना हुआ ट्रैक्टर शुक्रवार को अनियंत्रित होने से भाखड़ा नहर में जा गिरा। ट्रैक्टर पर सवार 13 में से 10 लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जबकि 3 महिलाओं की भाखड़ा नहर में तलाश जारी है। नहर से जेसीबी की सहायता से ट्रैक्टर को निकाल लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पंजाब के संगरूर जिले के गांव महा सिंह वाला से एक ट्रैक्टर गांव मनियाना से महिला मजदूरों को धान की पनीरी लगाने के लिए लेकर रवाना हुआ था। इस ट्रैक्टर पर चालक सहित 9 महिलाएं व 3 पुरुष सवार ट्रैक्टर के पीछे लगी हैरो पर सवार थे। जैसे ही ट्रैक्टर चालक ने मनियाना से लगभग पांच किलोमीटर दूर ट्रैक्टर को भाखड़ा नहर की पटरी पर चढ़ाया तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गांव हरिगढ़ गेहला के समीप भाखड़ा नहर में उस पर सवार महिलाओं व पुरुषों सहित जा गिरा। नहर में गिरी महिलाओं को वहां से गुजर रहे एक दूध वाले तथा धौली नामक एक महिला ने बार-बार नहर में कूदकर बाहर निकाला। इस दौरान नहर से चालक सहित 10



लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जिनमें से 4 महिलाओं को टोहाना के संगम अस्पताल में भर्ती करवाया गया जबकि अन्य का गांव में ही प्राथमिक उपचार करवाया। हादसे की सूचना मिलने पर गांव मनियाना के सरपंच गुरसेव सिंह सहित गांव के अनेक लोग तथा आसपास के गांवों से भी ग्रामीण भाखड़ा नहर के पास जमा हो गए। सूचना मिलने पर मूनक से पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। पंजाब के समीप के कस्बे खनौरी से गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। ग्रामीणों ने नहर में जाल लगाकर लापता महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

# धारीवाल के बयान पर शुरू हो गई सियासत

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर के मंत्री-विधायकों के बीच लड़ाई से विकास नहीं होने के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के बयान पर राजनीति गरमा गई है। खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने धारीवाल पर पलटवार करते हुए उन पर झूठे बयान देने और जयपुर के विकास को रोकने तक के आरोप लगाए हैं। खाचरियावास ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में धारीवाल को घेरते हुए कहा कि धारीवाल की झूठे बयान देकर माहौल बनाने की कोशिश करना आदत है। जयपुर विकास में पीछे नहीं है। जयपुर विकास में नंबर वन है। धारीवाल ने पूरा दम लगाया कि कोटा में ही विकास हो, जयपुर में विकास ही नहीं हो। जयपुर के तीन मंत्री और छह विधायकों में दम है। यही कारण है कि जयपुर में मेट्रो, टनल, पुलिया, अंडरपास आए। जयपुर में बीसलपुर का पानी लाए। यह किसी एक मंत्री की मेहरबानी से नहीं हुआ है। यह सरकार में ताकत है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में हर एमएलए-मिनिस्टर को बराबर के अधिकार हैं। खाचरियावास ने कहा कि धारीवाल को पार्टी ने बहुत कुछ दिया है। धारीवाल को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए जो पार्टी के विरोध में जाते हों। सरकार के विरोध में जाते हों। धारीवाल हमेशा पत्थर फेंकते हैं। जब आप पत्थर फेंकोगे तो आप भी मानकर चलिए कि छींटे आप तक भी उछलेंगे। उन्हें बेवजह के बयान से बचना चाहिए। इतने वरिष्ठ मंत्री को शोभा नहीं देता। जब केसी वेणुगोपाल, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा बैठे हैं, तब उनका यह बयान आना गलत है। खाचरियावास ने यह भी कहा कि वे कैसे कह सकते हैं कि जयपुर के छह एमएलए और मंत्री लड़ते रहते हैं। धारीवाल की खुद के कोटा में विधायक रामनारायण मीणा, भरत सिंह कुंदनपुर से बात ही नहीं होती। वे तो कोटा में खुद लड़ते रहते हैं। हमारे यहां जयपुर में विधायक-मंत्री साथ बैठते हैं। जयपुर के दो टुकड़े करने पर जिलाध्यक्ष के तौर पर जब उन्होंने स्टैंड लिया तो सबने साथ दिया। एक भी मंत्री-विधायक ने स्टैंड का विरोध नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने गुरुवार को उदयपुर में कहा था कि जयपुर बहुत बड़ा शहर है, लेकिन पिछड़ रहा है। प्रदेश में स्मार्ट सिटी में चार शहर कोटा, अजमेर, जयपुर और उदयपुर लिए गए हैं। सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ काम जयपुर का है।

# ड्राइविंग लाइसेंस, मैरिज सर्टिफिकेट के लिए डॉक्यूमेंट की लिस्ट चिपकाएं : भारती

## मंडलायुक्त गीता भारती ने किया कार्यालयों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**फतेहाबाद ( हिंस )।** हिसार मंडलायुक्त गीता भारती ने कहा कि कार्यालय में फाइलों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए और रिकॉर्ड को अपडेट रखें। ड्राइविंग लाइसेंस, मैरिज सर्टिफिकेट व अन्य सर्टिफिकेट बनाने के लिए फीस व सभी डॉक्यूमेंट की लिस्ट नोटिस बोर्ड पर चिपकाए, ताकि की किसी भी नागरिक को कोई परेशानी ना हो। मंडलायुक्त ने शुक्रवार को टोहाना के लघु सचिवालय में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक हुड्डा व नायब तहसीलदार रमेश कुमार भी मौजूद रहे। मंडलायुक्त गीता भारती ने एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण करते हुए एसडीएम से कोर्ट मामलों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने ई दिशा केंद्र का जायजा



लेते हुए प्रत्येक कर्मचारी से कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सर्टिफिकेट बनाने के प्रोसेस एवं चेक लिस्ट अपने पास रखे व नागरिकों को सही जानकारी उपलब्ध करवाये। इस दौरान उन्होंने ई दिशा केंद्र में आए हुए नागरिकों से भी बातचीत कर कर्मचारियों की कार्यशैली के बारे में जाना। उन्होंने लघु सचिवालय स्थिति नाजर शाखा में फाइलों के रखरखाव, लाई-माई शाखा, स्थापना शाखा, अल्प बचत शाखा एवं तहसील कार्यालय के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए प्रत्येक अधिकारी की मेज पर नेम व पद अंकित प्लेट अवश्य लगाए ताकि कार्यालय में आने वाले नागरिकों को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि आमजन के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी समय पर अपना काम करें तथा नियमित तौर पर रिकॉर्ड को मेंटेन व अपडेट करते रहें। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि रिकॉर्ड को पूरी तरह से मेंटेन रखा जा रहा है व नागरिकों को उपलब्ध कारवाई जा रहीं सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध कारवाई जा रहीं हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत और अमेरिका डब्ल्यूटीओ में 6 विवादों को खत्म करने पर सहमत



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही नई दिल्ली बादाम, अखरोट और सेब जैसे 28 अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक सीमा शुल्क भी हटाने का फैसला किया है। अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत गणराज्य डब्ल्यूटीओ में छह बकाया विवादों को समाप्त करने पर सहमत हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की धारा 232 के तहत इस्पात और एल्युमीनियम पर लगाए गए शुल्क के बदले भारत ने प्रतिशोधात्मक सीमा शुल्क को खत्म करने पर भी सहमति जताई। ताई ने कहा कि यह समझौता हमारे आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए पिछले दो वर्षों से जारी द्विपक्षीय जुड़ाव को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर क्रमश: 25 फीसदी और 10 फीसदी का आयात शुल्क लागू किया था। जवाबी कार्रवाई में भारत ने जून, 2019 को चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डायग्नोस्टिक अभिकर्मकों सहित 28 अमेरिकी उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाया।

### अपने पूर्व कर्मचारियों का बोनस डकार गए एलन मस्क



**वाशिंगटन।** एलन मस्क ने जब से ट्विटर का अधिग्रहण किया है, तब से ही कर्मचारियों के साथ उनका 'पंगा जारी है। ट्विटर की कमान संभालने के बाद करीब 75 फीसदी कर्मचारियों को निकाल चुके मस्क, कर्मचारियों का बोनस भी डकार गए हैं। ट्विटर का एक परफॉर्मेंस बोनस प्लान है जिसका भुगतान वार्षिक तौर पर किया जाता है। लेकिन, अब कंपनी ने इसका भुगतान करने से इंकार कर दिया है। कंपनी की वादाखिलाफी के खिलाफ कुछ कर्मचारी कोर्ट पहुंच गए हैं। सैन फ्रांसिस्को के फेडरल कोर्ट में दायर मुकदमे में बताया गया है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में कंपनी को मस्?क के टेकओवर करने से पहले इसके पूर्व चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, नेड सेगल सहित एग्जिक्यूटिव्स ने कहा था कि बोनस का भुगतान किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि ट्विटर ने मौजूदा वर्ष की पहली तिमाही में टारगेट वाली रकम के 50 प्रतिशत का भुगतान करने के वादे के बावजूद पिछले वर्ष के बोनस देने से मना कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्विटर की 'कैश परफॉरमेंस बोनस प्लान' का भुगतान सालाना आधार पर होता है। कि ट्विटर ने 2023 की पहली तिमाही में कंपनी में कार्यरत रहे कर्मचारियों को कोई भी बोनस देने से इनकार कर दिया है। ऐसा तब किया गया है जब कर्मचारियों ने बोनस के लिए अनिवार्य सभी शर्तों को पूरा किया है। अपना हक लेने को अब कर्मचारियों ने कोर्ट का रुख किया है। कंपनी के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों की ओर से यह मुकदमा ट्विटर के कंपनसेशन के सीनियर डायरेक्टर, मार्क शोबिंगर ने दायर किया है। शोबिंगर पिछले माह के अंत तक ट्विटर की कंपनसेशन में ही थे। कोर्ट में दायर याचिका के मुताबिक, सोशल मीडिया कंपनी ने अपने बोनस प्लान के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे पूरे साल फंडेड किया जाता है और सालाना लक्ष्य का कम से कम 50 फीसदी भुगतान किया जाता है।

### सरकार ला रही नए नियम, अब दिन में सस्ती मिलेगी बिजली और रात होते ही हो जाएगी महंगी



**नई दिल्ली।** उड़द की दाल के बड़े बनाने हों या इडली, घर में मिक्सी का यूज तो होता ही है। कई लोग मिर्च, धनिया और हल्दी भी मिक्सी में पीस लेते हैं। आजकल घरों में आटा चक्की रखने का भी चलन है। ऐसे में बिजली बहुत खर्च होती है। लेकिन अगर आप ये काम सुबह या शाम की बजाय दिन में करें तो बिजली खर्च में 20 फीसदी की बचत कर सकते हैं। बिजली मंत्रालय नए इलेक्ट्रिसिटी रूल्स ला रहा है। नए नियमों के अनुसार दिन में बिजली 20 फीसदी तक सस्ती मिलेगी। वहीं, पीक आवर में बिजली 20 फीसदी तक महंगी मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को यह बात कही है। रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए नए इलेक्ट्रिसिटी रूल्स लाए जा रहे हैं। नया सिस्टम आने से पीक टाइम के दौरान ग्रिड पर डिमांड का कम बोझ पड़ने की उम्मीद है। पीक आवर्स सुबह 6 से 9 और शाम को 6 से 9 तक होते हैं। सुबह वॉशिंग मशीन, पानी की मोटर और प्रेस आदि का इस्तेमाल लोग करते हैं। वहीं, शाम को लोग काम से घर आने के बाद एसी का इस्तेमाल शुरू कर देते हैं। इस तरह सुबह और रात में बिजली की डिमांड बढ़ जाती है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बाजार में दबाव से प्रमुख क्रिप्टो करेंसी में गिरावट

**बिटकॉइन की कीमत में 0.57 प्रतिशत की गिरावट दर्ज एथेरियम भी 1.74 प्रतिशत की कमजोरी के साथ लुढ़की**



**नई दिल्ली।**

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में शुक्रवार को एक बार फिर गिरावट का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 क्रिप्टो करेंसी में से 8 गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में भी शुक्रवार को 0.57 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद ये क्रिप्टो करेंसी फिलहाल 30 हजार डॉलर के स्तर के ऊपर बनी हुई है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी शुक्रवार को 1.74 प्रतिशत की कमजोरी के साथ लुढ़क कर 1,876.96 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है।

शुक्रवार को अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 0.77 प्रतिशत मजबूत हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.17 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 95.97 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 30,042.65 डॉलर यानी 24.64 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में बीएनबी 3.98 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.61 प्रतिशत, कार्डानो 3.10 प्रतिशत, डोजेकॉइन 3.40 प्रतिशत, सोलाना 4.26 प्रतिशत और ट्रॉन 2.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर टेथर में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 0.01 प्रतिशत की मजबूती देखी गई। इस अवधि में टॉप 10 में शामिल यूएसडी कॉइन इकलौती ऐसी क्रिप्टो करेंसी थी, जिसमें न तो कोई गिरावट है और ना ही इस पर तेजी आई है। ये आभासी मुद्रा शुक्रवार को 1 डॉलर के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में करीब 3,713 करोड़ डॉलर यानी करीब 3.05 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 49.87 प्रतिशत कम रहा है। शुक्रवार को के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की कीमत जरूर घटी है, लेकिन बाजार में उसकी हिस्सेदारी 0.32 प्रतिशत बढ़ गई है। इस तरह क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सदारी अब 49.87 प्रतिशत हो गई है।

### कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार का हाल

# बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, निवेशकों के 2.80 लाख करोड़ स्वाहा

**सेंसेक्स 63 हजार से नीचे तो निफ्टी 18,700 अंक से नीचे लुढ़के**



**नई दिल्ली।**

मौजूदा कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार एक बार फिर जोरदार गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में आई कमजोरी के कारण सेंसेक्स 63 हजार अंक के नीचे जाकर बंद हुआ। वही निफ्टी भी 18,700 अंक के स्तर के नीचे चला गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

शुक्रवार को के कारोबार में सबसे अधिक गिरावट ऑयल एंड गैस, कमोडिटी, आईटी, यूटिलिटी, मेटल, पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में देखने को मिली। वही फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी का रुख बना रहा। बाजार में लगातार हुई बिकवाली की वजह से मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी लगभग 1.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

शुक्रवार को बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 2.80 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन शुक्रवार को कारोबार के बाद कम होकर 289.45 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 292.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को शुक्रवार को कारोबार से करीब 2.80 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

शुक्रवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,610 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,182 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,284 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 147 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में शुक्रवार को 2,058 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 493 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,565 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए।

ॉइसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स शुक्रवार को 114.61 अंक की कमजोरी के साथ 63,124.28 अंक के स्तर पर खुला। शुक्रवार को कारोबार में दिनभर उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिरकर 62,874.12 अंक तक पहुंच गया। वहीं खरीदारी के सपोर्ट से इसने कुछ पल के लिए हरे निशान में 63,240.63 अंक तक पहुंचने में भी सफलता पाई। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 259.52 अंक की कमजोरी के साथ 62,979.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने शुक्रवार को 29.40 अंक की कमजोरी के साथ 18,741.85 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। बाजार में लगातार जारी उठापटक की वजह से निफ्टी की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। हालांकि बिकवाली का दबाव लगातार बने रहने की वजह से ये सूचकांक कभी भी हरे निशान में नहीं आ सका। जोरदार बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक 18,700 अंक से नीचे लुढ़क कर 18,647.10 अंक तक गिर गया। वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक ने 18,756.40 अंक तक की छलांग भी लगाई। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 105.75 अंक की गिरावट के साथ 18,665.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार को कारोबार का अंत किया।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक 2.83 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 1.93 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.53 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.42 प्रतिशत और एनटीपीसी 1.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ शुक्रवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर अडाणी इंटरप्राइजेज 6.83 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 4.20 प्रतिशत, बीपीसीएल 3.70 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.75 प्रतिशत और डिवीज लेबोरेट्रीज 2.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ शुक्रवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट में हुए खुलासों के बाद अमेरिकी एजेंसी ने उठाया कदम, कंपनी के शेयर 10 फीसदी तक टूटे



**नई दिल्ली।**

अदाणी समूह का नाम एक बार फिर चर्चा में है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद बड़ा नुकसान झेल रहे अदाणी समूह अब नई परेशानी में है। समूह के शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान 10 प्रतिशत तक लुढ़क गए हैं। समूह के शेयरों में गिरावट एक रिपोर्ट के बाद आई है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय मीडिया में चल रही रिपोर्ट्स के अनुसार अदाणी समूह ने अपने अमेरिकी निवेशकों को जो रिप्रेजेंटेशन दिया है वहां के नियामकों उसकी जांच शुरू कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से शेयरों की कीमत में हेरफेर के आरोपों के बाद कथित तौर पर अदाणी समूह ने अपने अमेरिकी निवेशकों को जो अभ्यावेदन दिए हैं अमेरिकी अधिकारी उसकी जांच कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया है कि ब्रुकलिन में अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय और प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने अदाणी समूह से जुड़े संस्थागत निवेशकों को जांच से जुड़े सवाल भेजे हैं जिसमें समूह ने निवेशकों के सामने क्या पक्ष रखा है इसकी जानकारी मांगी गई है।

हालांकि अभियोजकों की पूछताछ में फिलहाल किसी कानूनी कार्रवाई के संकेत नहीं मिलते हैं, लेकिन अमेरिका में हो रही यह जांच भारत में समूह के खिलाफ हो रहे मौजूदा नियामकीय जांच को देखते हुए अहम है। अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह पर शेयरों में हेरफेर और अपने खातों में धोखाधड़ी के आरोप हैं।

अमेरिका में अदाणी समूह से संबंधित यह पूछताछ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुई है, जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय प्रधानमंत्री की शानदार मेहमानवाजी की है। इस बीच अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी को निवेशकों को जारी किए गए किसी भी आदेश के बारे में जानकारी नहीं है और वह अपने खुलासों की सटीकता पर कायम है।

बता दें कि शुकवार को घरेलू शेयर बाजार में अदाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 10 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके शेयरों के भाव 2162.85 रुपये तक पहुंच गए।

# भारत निर्मित पहली सेमीकंडक्टर चिप दिसंबर 2024 तक आ जाएगी : वैष्णव




**नई दिल्ली।**

केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप दिसंबर 2024 तक आ जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में चार-पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र एक साल के अंदर स्थापित होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जारी संयुक्त बयान के बाद अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां मीडिया को बताया कि भारत में बनी चिप दिसंबर 2024 तक आ जाएगी। प्रस्तावित माइक्रोन सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए गुजरात में भूमि आवंटन, संयंत्र डिजायन का कार्य और कर अनुपालन संबंधी समझौता किया जा चुका है। एक दिन पहले यानी गुरुवार को कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन ने कहा था कि वह गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाएगी। कंपनी इस संयंत्र पर कुल 2.75 अरब डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। दो चरणों में विकसित किए जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी तरफ से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी, जबकि बाकी राशि का निवेश केंद्र एवं राज्य सरकारों की ओर से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि माइक्रोन कंपनी का गुजरात असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र का चरणबद्ध निर्माण वर्ष 2023 में शुरू होने उम्मीद है। पहले चरण में पांच लाख वर्ग फुट क्षेत्र विकसित किया जाएगा। वर्ष 2024 के अंत तक इसका परिचालन शुरू हो जाएगा। सेमीकंडक्टर चिप विनिर्माता ने कहा कि इस संयंत्र से करीब 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि 15 हजार लोगों को कई साल तक परोक्ष रोजगार मिलता रहेगा।

# विस्तारा एयरलाइन के विमान में हाईजैकिंग की बात कर रहा था यात्री, क्रू की शिकायत के बाद गिरफ्तार




**नई दिल्ली।**

विस्तारा एयरलाइन की एक उड़ान के दौरान विमान में सवार रितेश संजयकुकर जुनेजा नाम के एक पुरुष यात्री को विमान के चालक दल के सदस्यों की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। विमान चालक चलक के सदस्यों ने फोन पर उस व्यक्ति को %हाजैकिंग% के बारे में बात करते हुए सुना। यात्री ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार है, जिसकी वजह से फ्लाइट में उसकी इस तरह की बातचीत हुई थी। सहार पुलिस ने आईपीसी की धारा 336 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।

**गुरुवार शाम विस्तारा का विमान चार घंटे हुआ था लेट-** बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि मुंबई-दिल्ली की विस्तारा फ्लाइट गुरुवार शाम को साढ़े छह बजे अपने तय समय पर टेक ऑफ करने वाली थी। टेकऑफ के पहले सभी यात्री और केबिन क्रू अपनी जगह पर बैठ चुके थे लेकिन तभी एक यात्री चिल्लाने लगा। वो ऐसे चिल्ला रहा था कि प्लेन में बैठे बाकी यात्रियों को लगा कि प्लेन हाईजैक हो चुका है। उस दौरान क्रू को कुछ समझ में नहीं आया कि हालात से कैसे निपटा जाए और उन्होंने विमान में सीआईएसएफ को बुला लिया। सीआईएसएफ के जवानों ने उक्त यात्रियों को प्लेन से उतार लिया। हालांकि उसके बाद पूरे विमान की तलाशी ली गई जिससे उस दौरान यात्री सहमे रहे और विमान चार घंटे देर हो गई।

### लांचिंग : 3 प्रतिशत कैशबैक और न कोई एनुअल फीस

# भारत के फाइनेंशियल सेक्टर में एपल ला रहा अपना क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।**

भारत के फाइनेंशियल सेक्टर में बढ़ते अवसरों का फायदा उठाने के लिए एपल एक नया प्रोडक्ट लाने जा रहा है। आईफोन मेकर एपल भारत में अपना क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह एपल कार्ड के नाम से जाना जाएगा। एपल इसके लिए एचडीएफसी बैंक से टाईअप करने की योजना बना रहा है। अर्थात एचडीएफसी बैंक की मदद से एपल भारतीय ग्राहकों के लिए अपना क्रेडिट कार्ड लॉन्च करेगा। मनीकंट्रोल ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

#### हाल ही में लॉन्च किये थे एपल स्टोर्स

एपल ने कुछ महीने पहले ही भारत में अपने स्टोर्स लॉन्च किये हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, एपल स्टोर्स की लॉन्चिंग के दौरान सीईओ टिम कुक ने एचडीएफसी बैंक के सीईओ और एमडी शशिधर जगदीशन से मुलाकात की थी।

#### आरबीआई ने कहा- नहीं मिलेगी विशेष रियायत

एपल कार्ड को लेकर चर्चा अभी शुरुआती दौर में है और अभी तक इस पर कोई ठोस फैसला नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार एपल के अधिकारियों ने आरबीआई के साथ कार्ड की वैधता से जुड़ी चर्चा भी की है। आरबीआई ने एपल से दूसरे को-ब्रैंडेड क्रेडिट कार्ड्स के लिए तय प्रक्रिया का पालन करने को कहा था। आरबीआई ने स्पष्ट कर दिया कि एपल को भारत में अपना क्रेडिट कार्ड लाने के लिए कोई विशेष रियायत नहीं दी जाएगी। फिलहाल, इस डील पर एपल और एचडीएफसी बैंक दोनों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। आरबीआई की ओर से भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।




#### इन देशों में है एपल कार्ड

अभी तक एपल अपना प्रीमियम क्रेडिट कार्ड यूएसए में ऑपरेट करता है। कार्ड को गोल्डमैन सैश और मास्टरकार्ड के संयुक्त सहयोग से लॉन्च किया गया था। यह टाइटेनियम धातु से बना है।

#### एपल कार्ड की विशेषताएं

एपल कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहक 1 प्रतिशत तक कैशबैक कमा सकते हैं, जो एपल पे-4 से भुगतान करने पर 2 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। जो लोग ऐपल स्टोर्स और चुनिंदा पार्टनर्स पर भुगतान करने के लिए कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनके लिए कैशबैक 3 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। एपल द्वारा अपने एपल कार्ड धारकों से कोई लेट फीस नहीं ली जाती है। कंपनी विदेशी लेनदेन और रिटर्न्ड पैमेंट पर कोई शुल्क नहीं लेती है। ना ही एनुअल क्रेडिट कार्ड फीस है। हालांकि, यूजर्स को बैलेंस रखने के लिए ब्याज फीस का भुगतान करना होता है। ऐपल कार्ड धारक अपनी दैनिक नकदी जमा करने के लिए 4.15 प्रतिशत बचत खाता (कोई न्यूनतम शेष सीमा नहीं) खोल सकते हैं।

### देश के सबसे मूल्यवान स्टार्टअप को एक और झटका, ऑडिटर के साथ बायजू के तीन बोर्ड सदस्यों का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन के साथ मतभेदों के कारण उसके बोर्ड के तीन सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। उधर, डेलॉय ने भी बायजू के ऑडिटर पद से कार्यकाल समाप्त होने से तीन साल पहले ही इस्तीफा दे दिया है।

यह देश के सबसे मूल्यवान स्टार्टअप के लिए बड़ा झटका है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिकोइया कैपिटल (अब पीक एक्सवी पार्टनर्स) के जीवी रविशंकर, चैन जुकरबर्ग के विवियन वू और प्रोसस के रसेल ड्रेसेनस्टॉक ने इस्तीफा दिया है। अब बोर्ड में सिर्फ बाजयू रवींद्रन, रिजू रवींद्रन व दिव्या गोकुलनाथ ही बचे हैं। हालांकि, तीनों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए गए हैं।

# मुझे दूसरे सितारों के साथ भी काम करना था, यही मेरे और अक्षय के लिए अच्छा था

**अक्षय के साथ काम करने में मजा आया: विपुल शाह**
**-बॉलीवुड के गलियारों में विपुल की हो रही चर्चा**





**मुंबई (ईएमएस)।** आजकल बॉलीवुड के गलियारों में विपुल अमृतलाल शाह की चर्चा द केरला स्टोरी से इतर अक्षय कुमार को लेकर हो रही है। एक वक्त था जब विपुल शाह अक्षय कुमार के साथ ही फिल्में बना रहे थे। उन्होंने अक्षय के साथ आँखें, वक्तः द रेस अगेंस्ट टाइम, नमस्ते लंदन और हम दीवाना कर गए सरीखी फिल्में बनाई हैं। लेकिन फिर अचानक से उन्होंने अक्षय को लेकर फिल्में बनाना बंद कर दिया और जॉन अब्राहम के साथ हाथ मिलाया। हाल ही में विपुल शाह से अक्षय कुमार को लेकर बातचीत की गई। विपुल शाह ने कहा कि उन्हें अक्षय के साथ काम करने में मजा आया, वैसे ही वह अन्य लोगों के साथ भी काम करना चाहते थे।विपुल शाह ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा, जब मैं अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे लगता है कि वह बहुत लंबा दौर था, जब हमने लगातार साथ में बिना रुके काम किया था। तब मुझे एहसास हुआ कि मुझे दूसरे अभिनेताओं के साथ भी काम करने की जरूरत है और यह होगा। अक्षय और मेरे दोनों के लिए एक अच्छा विचार होगा। तभी मैंने और अभिनेताओं के साथ काम करना शुरू किया। अक्षय के साथ काम करना दूसरे नेचर की तरह हो गया। इसलिए, हर बार जब मैं कुछ लिख रहा होता था या किसी विषय के बारे में सोच रहा होता था, तो मेरे लिए उसके बारे में सोचना स्वाभाविक बात थी। मैंने अक्षय की शैली को ध्यान में रखते हुए अपने किरदारों को लिखना शुरू कर दिया था। विपुल शाह ने यह भी कहा कि वह भविष्य में भी अक्षय के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार हैं। वह बोले, हम दोनों व्यस्त हैं और जब भी अवसर मिलता है, मैं सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम एक साथ काम करेंगे। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है.. मैं किसी से नहीं लड़ता। मैं बहुत शांतिप्रिय और खुशमिजाज इंसान हूं। मेरे पूरे करियर में कभी कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ। अपनी बातों के जरिए अक्षय कुमार ने साफ कर दिया कि अक्षय कुमार और उनके बीच सब कुछ ठीक है और उनके बीच कभी कोई मतभेद नहीं हुआ। बता दें कि हाल ही में बॉक्स ऑफिस को इस वर्ष की चौथी ब्लॉकबस्टर फिल्म द केरला स्टोरी देने वाले निमार्ता निर्देशक विपुल अमृतलाल शाह काफी चचाओं में हैं। सुदीप्तो सेन निर्देशित और अदा शर्मा अभिनीत इस फिल्म को लेकर देशभर में विवाद हुआ था, हालांकि द केरल स्टोरी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया।

## लस्ट स्टोरीज 2 में दिखेगी तमन्ना-विजय की जोड़ी



दोनों पहली बार इस सीरीज में साथ नजर आने वाले हैं। इसको लेकर ये भी कहा जा रहा है कि इस सीरीज में एक्ट्रेस ने अपना 18 साल पुराना नियम तोड़ दिया है। लस्ट स्टोरीज 2 के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि मैं उन लोगों में से थी जो पर्दे पर इंटीमेट सीन देखकर कहती थीं कि मैं ये कभी नहीं करूंगी। लेकिन जब बात आती है विजय वर्मा की तो उन्होंने उनके लिए अपना ये नियम तोड़ दिया। प्रोमोज में दोनों की शानदार कैमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वहीं किस पर खबरों पर भी उन्होंने जवाब देते हुए कहा, यह पूरी तरह से क्रिएटिव कोशिश है। अब 18 साल बाद मैं मशहूर होने के लिए ये सब नहीं कर रही हूं। तमन्ना ने इंटीमेट सीन न करने के बारे में बात करते हुए कहा कि पहले उन्हें लगता है उन्हें इंटीमेट सीन करता देख ऑडियंस ऑक्वर्ड फील करेगी। लेकिन अब इंडियन ऑडियंस पिछले कुछ साल में काफी आगे बढ़ गई है। ऐसे में वो नहीं चाहती थीं कि एक एक्ट्रेस के रूप में उनकी कोई हिचकिचाहट उन्हें क्रिएटिव होने से रोके। बता दें कि इन दिनों तमन्ना भाटिया अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में है। लस्ट स्टोरीज 2 का निर्देशन अमित रविंद्रनाथ शर्मा, आर बाल्की, कोंकणा सेन शर्मा और सुजॉय घोष कर रहे हैं। वहीं कास्ट की बात करें तो इसमें अमृता सुभाष, अंगद बेदी, काजोल, कुमुद मिश्रा, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता, तमन्ना भाटिया, तिलोत्तमा शोम और विजय वर्मा सहित शानदार कलाकार नजर आएंगे।

## फिल्म द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू में अक्षय निभा रहे मुख्य भूमिका

**वास्तविक घटना पर आधारित है है फिल्म**



बालीवुड फिल्म द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। एक्टर अक्षय कुमार की प्रमुख भूमिका वाली यह फिल्म अब 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी और अजय कपूर ने किया है जबकि इसका निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है। मालूम हो कि वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर बवाल एक दिन बाद 6 अक्टूबर को रिलीज होगी लेकिन वह फिल्म सीधे ओटीटी पर आएगी। टीनू सुरेश देसाई की आखिरी फिल्म रुस्तम (2016) में भी अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

**वास्तविक घटना पर आधारित है है फिल्म** - द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू पूर्व अतिरिक्त मुख्य खनन अधिकारी स्वर्गीय जसवंत सिंह गिल की वास्तविक घटना पर आधारित है, जिन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे 65 लोगों की जान बचाई थी। निमार्ताओं ने इसे यॉर्कशायर में पिछले साल शूट किया है। फिल्म में अक्षय गिल का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि इसमें परिणीति चोपड़ा भी अहम भूमिका में हैं। 5 अक्टूबर को रिलीज की तारीख के रूप में चुनकर, निमार्ताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू को कम से कम अब तक एक एकल रिलीज मिलेगी, क्योंकि उस दिन कोई अन्य बॉलीवुड फिल्म रिलीज होने की उम्मीद नहीं है।

## सत्यप्रेम की कथा के गाने सुन सजनी में कार्तिक और कियारा गरबा बीट्स पर झूमते आए




सत्यप्रेम की कथा का सुन सजनी गाना हुआ रिलीज, डांस नंबर में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जबरदस्त केमेस्ट्री आई नजर आई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की ब्लॉकबस्टर जोड़ी ने अपने लेटेस्ट ट्रैक सुन सजनी के साथ एक बार फिर अपना जादू बिखेरा है। ये गाना आज रिलीज हुआ है। लेकिन टीजर से गाने की झलक पाकर फैन्स पहले ही सुपर-एक्साइटेड हो गए थे। सत्यप्रेम की कथा प्योर रोमाटिंक फिल्म है जिसकी खुमारी हर तरफ छाई हुई है। ऐसे में जहां दर्शक फिल्म के सुपर रोमांटिक गानों में सराबोर हो चुके है, वहीं मेकर्स इसे अगले स्तर तक बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। और सुन सजनी गाने के साथ उन्होंने सभी को गरबा बीट्स पर झुमने के लिए मजबूर किया हैं। हाल में रिलीज हुए इस गाने के टीजर में एक भव्य गरबा उत्सव गीत की झलक मिली थी। ग्रैंड सेलिब्रेशन विजुअल्स, रंगीन कैनवास, और धमाकेदार गरबा बीट्स के साथ अच्छी तरह से सजाया गया, सुन सजनी एक ऐसा गीत है जो वास्तव में लोगों के दिलों पर राज करेगा। इस गाने में कार्तिक आर्यन को पहली बार गुजराती अवतार में डांस फ्लोर पर धूम मचाते देखा जा सकता हैं। कार्तिक के साथ कियारा भी गरबा करते हुए दिखाई दे रही हैं और गाने में दोनों की सिजलिंग केमिस्ट्री को कोई भी मिस नहीं कर सकता है। सुन सजनी को मीत ब्रदर्स, परंपरा टंडन और पीयूष मेहरोलिया ने गाया हैं। वहीं इस गाने का म्यूजिक मीत ब्रदर्स ने दिया हैं और गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। इसके अलावा फिल्म से रिलीज हुए नसीब से और आज के बाद और गुज्जू पटाका गानें पहले से ही दर्शकों की प्ले लिस्ट का हिस्सा बन चुके है। अब इस लिस्ट में लेटेस्ट ट्रैक सुन सजनी भी शुमार हो गया है। सत्यप्रेम की कथा एनजीई और नमः पिक्चर्स के बीच बड़े पैमाने पर सहयोग का प्रतीक है। दिलचस्प बात यह है कि साजिद नाडियाडवाला और शरीन मंत्री केडिया ने किशोर अरोड़ा और निर्देशक समीर विद्वांस के साथ अपनी अपनी फीचर फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता हैं। सत्यप्रेम की कथा 29 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फलक बिग बॉस ओटीटी 2 के घर की कप्तान बनी



फलक नाज बिग बॉस ओटीटी 2 के घर की पहली कप्तान बन गई हैं। फलक टीवी एक्ट्रेस और शीजान खान की बहन है। कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो के लेटेस्ट एपिसोड में कैप्टेंसी टास्क हुआ। कैप्टन चुनने का काम कैप्टन मेकर्स अभिषेक मल्हान और साइरस ब्रोचा को दिया गया। अभिषेक ने आकांक्षा पुरी का नाम लिया, जबकि साइरस ने कप्तानी के उम्मीदवार के रूप में फलक का समर्थन किया। इस बात को लेकर घरवालों के बीच तीखी बहस हुई। फलक जीत गयी और उन्हें बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 हाउस का पहला कप्तान घोषित किया गया। वहीं, घर से बेघर होने के लिए जिया शंकर, पलक पुर्सवानी और अविनाश सचदेव नॉमिनेट हैं।

## रोमांस करने की कोई उम्र नहीं होती : नवाजुद्दीन



बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर की अपकमिंग फिल्म टिकू वेड्स शेरू में एक किसिंग सीन को लेकर एक्टर्स के ट्रोल होना पड़ा था। लोगों का कहना था कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर में बहुत ज्यादा एज गैप है और ऐसे में दोनो का ऑनस्क्रीन रोमांस करना गलत है। अब ट्रोलर्स को जवाब देते हुए नवाजुद्दीन ने कहा, रोमांस करने की कोई उम्र नहीं होती। मुझे समझ नहीं आता किसी को रोमांस से क्या दिक्कत हो सकती है? रोमांस तो एजलेस होता है। आज के दौर के लोगों की दिक्कत ही यही है कि युवा पीढ़ी के लिए कोई रोमांस बचा ही नहीं है। उनका सारा रोमांस व्हाट्सप्प पर शुरू होकर वहीं खत्म हो जाता है। एक्टर ने आगे कहा आज भी रोमांटिक किरदार के लिए शाह रुख खान को ही अप्रोच किया जाता है, क्योंकि युवा पीढ़ी रोमांस नहीं जानती। बता दें कि यह फिल्म 23 जून 2023 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर और फर्स्ट सॉन्ग रिलीज हो गए हैं, जिन्हे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म बेहद एंटरटेनिंग होने वाली है।

## नाच-नाच कर ब्रेकअप की खुशी मना रही राखी

ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर राखी सावंत अब अपने ब्रेकअप को लेकर काफी खुश है। वह नाच-नाच कर ब्रेकअप की खुशी मनाती नजर आई। राखी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। विरल भयानी ने राखी सावंत का ये वीडियो इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में राखी लाल रंग का लहंगा पहने दुल्हन की तरह सजकर ढोल नगाड़ो पर खूब भंगड़ा करती नजर आ रही हैं और कहती हैं- ये मेरा फाइनली ब्रेकअप हो रहा है, मेरा डिवोर्स हो रहा है और ये मेरी ब्रेकअप पार्टी है। लोग उदास होते हैं लेकिन मैं खुश हूं...चलो शुरू करो। इस दौरान राखी काफी खुश और एक्साइटड लग रही है। यूजर्स ड्रामा क्वीन के इस वीडियो पर खूब रिएक्ट कर रहे हैं। बता दें कि राखी अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। उनकी पति आदिल खान दुरानी संग काफी समय से विवाद चल रहा था और उन्होंने इस मामले में आदिल को कोर्ट कचहरी तक घसीटा। अब फाइनली राखी का आदिल खान से तलाक हो रहा है।

## रॉकी और रानी में धर्मेंद्र, शबाना और जया भी नजर आयेंगे



फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। रणवीर और आलिया के अलावा फिल्म में धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन सहित फिल्म जगत के दिग्गज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, साथ ही इसमें कॉमेडी और रोमांस का भी तड़का है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। करण जौहर मौजूदा वक्त में रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अहम मुख्य भूमिकाओं में हैं। बीते दिनों जब निमार्ता करण जौहर का जन्मदिन था, तब उन्होंने इस खास मौके पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला लुक साझा किया था। इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट का अवतार बहुत प्यारा था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है। अब फैंस को इस फिल्म का बेसब्री का इंतजार है। इस फिल्म में करण ने 7 साल बाद निर्देशन की कमान संभाली है। पिछली बार उन्होंने 2016 की फिल्म ऐ दिल है मुश्किल का निर्देशन किया था। यह फिल्म 28 जुलाई को दर्शकों के बीच आएगी। यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, साथ ही इसमें कॉमेडी और रोमांस का भी तड़का है। बीते दिनों जब निमार्ता करण जौहर का जन्मदिन था, तब उन्होंने इस खास मौके पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला लुक साझा किया था। इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट का अवतार बहुत प्यारा था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है। अब फैंस को इस फिल्म का बेसब्री का इंतजार है।

## अब सूर्या भी बॉलीवुड में उतरेंगे



दक्षिण भारत के सितारों जूनियर एनटीआर, रामचरण, रवि तेजा, थलापति विजय, मेगा स्टार चिरंजीवी आदि की फिल्में हिन्दी में आईं और सफल रही हैं। अब दक्षिण के सुपर सितारों में शामिल अभिनेता सूर्या भी हिन्दी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि सूर्या को लेकर निमार्ता निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा महाभारत पर आधारित फिल्म कर्ण का निर्माण करने जा रहे हैं। सूर्या इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म कंगुवा की शूटिंग में व्यस्त हैं। फैंस को इस पीरियड ड्रामा फिल्म का लंबे समय से इंतजार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंग दे बसंती और भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्में बना चुके राकेश ओम प्रकाश मेहरा की फिल्म कर्ण को लेकर अभिनेता से बातचीत चल रही है। ताजा जानकारी के मुताबिक राकेश और सूर्या के बीच कुछ समय से कर्ण पर चर्चा चल रही है। दावे के मुताबिक दोनों के बीच प्रोजेक्ट को लेकर बात सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि सूर्या भी दो भाग वाले इस महाकाव्य का हिस्सा बनने को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।सूत्र के अनुसार यह फिल्म महाभारत पर आधारित होगी, जिसमें सूर्या लीड रोल निभाते हुए दिखेंगे। इस फिल्म को पैन इंडिया लेवल पर बनाया जाएगा, साथ ही इसे कई भाषाओं में रिलीज करने की भी तैयारी है। माना जा रहा है कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो फिल्म की शूटिंग 2024 में शुरू हो सकती है। गौरतलब है कि सूर्या मौजूदा समय में निर्देशक सिरुथा शिवा के साथ कंगुवा पर काम कर रहे हैं। इसका अगला शेड्यूल जल्द ही शुरू होने वाला है। मेगा-बजट फिल्म की भव्य रिलीज की योजना है। इस फिल्म की शूटिंग 2023 के अंत तक पूरी होने की संभावना है।

### सूडोकु नवताल- 6471

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6470 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 7218

*शब्द जाल में 10 खनिजों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | बॉ | क्सा | इ | ट | मैं | र | प | गो |
| न | का | क | अ | भ्र | क | ने | ग | ति | मा | यू |
| डो | दा | र | ला | मा | ग | अं | नी | ह | प | रे |
| ज | लो | ल | का | को | न | स | ज | ह | लि | नि |
| त | अ | मा | र | न | य | मे | ह | तां | न | य |
| अ | ना | का | इ | व | प | ला | त | बा | र | म |
| ग | ही | लौ | मा | ट | अ | ला | को | मा | न | ग |
| र | रा | भा | ह | न | प | स | र | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | अ | का | र | ण्ड | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | य | क | म | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स्क | त्ता | प | र | र |

बॉक्साइट, अभ्रक, यूरेनियम, कोयला, तांबा, डोलोमाइट, मैंगनीज, हीरा, लौह अयस्क, कोरण्डम

**शब्दजाल - 7217 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ज | य | पु | र | ब | दौ | ज | ग | ल | चि |
| रा | वि | ली | प्रे | क | प | सा | द | ज | कां | त्तो |
| चु | मे | ष | बा | दी | छ | मि | उ | ब | वृ | ड़ |
| गं | गा | न | ग | र | जो | स | द | ल | ष | ग |
| बी | अ | ज | मे | र | च | ध | य | न | भी | ढ़ |
| का | ल | न | र | रा | क | ल | पु | ण | ल | र |
| ने | सिं | जै | ग | ट्रे | न | र | र | र | वा | स |
| र | ह | ज | स | द | अ | क | फ | चो | ड़ा | क |
| रा | म | तु | ला | ल | ज | स | या | औ | र | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | मे | र | भ | म | प | द |
| क | ड | क | र्क | या | र | र | य | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग-6171

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 5 | 4 | 3 | | 1 |
| 2 | 39 | | 29 | | 26 | |
| | | 7 | 1 | 2 | | 4 |
| 4 | 30 | | 25 | | 34 | |
| | 2 | 3 | | 5 | 6 | |
| 6 | 30 | | 39 | | 35 | 3 |
| | 5 | | 6 | 7 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6170 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 35 | 1 | 26 | 6 | 28 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 35 | 7 | 35 | 7 | 38 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज ब्रीफ

### वनडे विश्व कप क्वालीफायर: गलत एक्शन के चलते यूएसए के काइल फिलिप निलंबित

**हरारे।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाड़ी काइल फिलिप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हरारे में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए इवेंट पैनल द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद कि तेज गेंदबाज की गेंदबाजी का एक्शन गलत है, यह निर्णय लिया गया। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में बताया कि 18 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद अधिकारियों ने 26 वर्षीय खिलाड़ी के गलत एक्शन की रिपोर्ट की थी। आईसीसी ने कहा, इवेंट पैनल ने फिलिप के गेंदबाजी एक्शन के मैच फुटेज की समीक्षा की और निष्कर्ष निकाला कि एक्शन गलत है और नियम 6.7 के अनुसार, उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया जाता है।

### पिचों में भारी बदलाव के कारण इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति विफल रहीः अश्विन




**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एशेज के पहले ही टेस्ट में इंग्लैंड की हार का कारण बताया है। अश्विन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया ने अपने पारंपरिक तरीके से खेलते हुए एशेज के पहले ही टेस्ट में इंग्लैंड की आक्रामक रणनीत को निष्प्रभावी साबित किया है। पहले ही टेस्ट में जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। अश्विन ने कहा कि पिछले दो साल में इंग्लैंड की पिचों में भारी बदलाव हुआ है इसी कारण आक्रामण रणनीति से भी उसे लाभ नहीं मिला। अश्विन ने कहा, इंग्लैंड आग थी। ऑस्ट्रेलिया बर्फ थी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने बर्फीले रवैये से इंग्लैंड की आग को ठंडा कर दिया। वहीं कुछ साल पहले तक इंग्लैंड में पिचें जानदार थीं। गेंद का उपयोग किया जाता था और हर जगह गेद सीम होती थी।

### पोंटिंग ने रुट की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे महान क्रिकेटर बताया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे एक महान क्रिकेटर बताया है। पोंटिंग ने कहा कि यह करिश्माई बल्लेबाजी महान खिलाड़ियों में से एक है जो अपने लगातर अच्छे प्रदर्शन से बेहतर होता जा रहा है। रुट ने एजबेस्टन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एशेज टेस्ट में 118 और 46 रन बनाए थे। पोंटिंग ने ताजा आईसीसी रिव्यू शो में रूट के बारे में कहा कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें कम माना जाना चाहिये क्योंकि मुझे लगता कि पिछले दो साल के अंदर उन्होंने अपनी पूरी क्षमता से बल्लेबाजी की है। उसने ऑस्ट्रेलिया में कभी भी शतक नहीं बनाया है पर पिछले दो साल के खेल को देखकर मुझे लगता है कि उसने आठ या नौ शतक बनाए हैं, जिसने उसे महान खिलाड़ियों में से एक बना दिया।

### ओलंपिक डे रनः 50 उदीयमान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** ओलंपिक डे के अवसर पर शुक्रवार को दौड़ के साथ ही साइकिलिंग भी हुई। इसमें खेल प्रेमियों, छात्रों, प्रशिक्षकों एवं उनके अभिभावकों सहित तमाम खेलों के संगठनों ने भाग लिया। खिलाड़ियों में खेल भावना की अलख जगाने और ओलंपिक खेलों के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में ओलंपिक डे रन का आयोजन किया गया था। इस दौरान विजय पथ योजना के तहत 50 उदीयमान खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं रन में खेल भावना के साथ दौड़े समस्त प्रतिभागियों को लखनऊ ओलंपिक संघ की ओर से प्रमाणपत्र और ओलंपिक डे कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासचिव डा. सैयद रफत ने कहा कि वे चाहते हैं कि लखनऊ का कोई खिलाड़ी ओलंपिक में एकल खेलों में भारत के लिए कम से कम एक स्वर्ण पदक जीते। इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही कोशिश होगी कि लखनऊ के खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा दी जाये, जिससे वे बड़ी प्रतियोगिताओं में देश का नाम रौशन करें। उन्होंने आगे बताया कि संघ द्वारा लगातार नई प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुरलीधर आहूजा ने भी भरोसा दिलाया कि लखनऊ ओलंपिक संघ की पूरी मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि विजयपथ योजना के साथ-साथ अन्य योजना को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा हर संभव मदद दी जायेगी। वह लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश का नाम या देश का नाम रोशन करने के लिए जो भी सहायता होगी उसे करने के लिए तैयार है। लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने इस मौके पर खिलाड़ियों की मदद के लिए चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।




अल्जीरिया में एएसओ क्लेफस के खिलाड़ी अल्जीरियाई कप के दौरान अवार्ड समारोह में उत्साहित होते हुए।

# जू/डेनिलिना की जोड़ी टेनिस डब्ल्यूटीए बर्लिन ओपन युगल क्वार्टर फाइनल में बाहर

**बर्लिन।**

बर्लिन के स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में डब्ल्यूटीए500 बर्लिन ओपन के क्वार्टर फाइनल मैच में चीन की जू यिफान और कजाकिस्तान की अन्ना डैनिलिना की जोड़ी को चेक जोड़ी कतरीना सिनियाकोवा और मार्केटा वोंद्रोसोवा ने 3-6, 7-5, 7-10 से हरा दिया।

जू यिफान और अन्ना डेनिलिना ने बीते दिन को अच्छी शुरूआत की। पहला सेट 6-3 से जीत लिया। लेकिन कतरीना सिनियाकोवा और मार्केटा वोंद्रोसोवा ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और दो बार ब्रेक लेकर 7-5 से जीत हासिल की। निर्णायक गेम में 4-4 की बराबरी के बाद जू और डेनिलिना ने लगातार तीन अंक



गंवाए और अंततः 10-7 से पिछड़ गए। 34 वर्षीय जू ने कहा, मैंने कुछ महत्वपूर्ण अंक हासिल नहीं किए और दूसरे सेट में एक मैच प्वाइंट खो दिया, जो निर्णायक था। इसके बाद हम पिछड़ गए। जू ने कहा, इस सीजन में मुझे कुछ चोटें लगी थीं, इसलिए मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात फिट रहना और आने वाले मैचों के लिए कोर्ट पर खड़ा रहना है। मैं (युगल में) विश्व के शीर्ष 10 में वापसी करना चाहती हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह मेरे नियंत्रण में नहीं है। मैं हर दिन प्रशिक्षण जारी रखूंगी और आगे ग्रास टूनार्मेंट में अच्छा खेलने की पूरी कोशिश करूंगी। सेमीफाइनल में सिनियाकोवा और वोंद्रोसोवा का सामना अमेरिका की देसीरा क्राव्ज़िक और नीदरलैंड की डेमी शूअर्स से होगा। देसीरा क्राव्ज़िक और डेमी शूअर्स ने रूस की डारिया कसाटकिना और जर्मनी की सबाइन लिसिकी को 6-3, 6-4 से हराया है।

### यशस्वी और मुकेश शामिल पुजारा और उमेश बाहर हुए, नवदीप की वापसी

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट और वन-डे टीम घोषित

**मुंबई।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह होने वाले वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी है। इस दौरे में भी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ही रहेंगे। इससे उन्हें आराम दिये जाने की सभी अटकलों पर विराम लग गया है। बीसीसीआई चयनसमिति ने टीम में दो बदलाव करते हुए हाल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया है।

इन दोनो ने ही घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और तेज गेंदबाज उमेश यादव को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया है जबकि तेज गेंदबाज नवदीप सैनी की लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आराम देने के कारण उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। वहीं शादी के कारण विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले से नाम वापस लेने वाले रुतुराज गायकवाड़ को टेस्ट और एकदिवसीय दोनो ही टीमों में शामिल किया गया है।

भारतीय टीम को वेस्टइंडीज दौरे में दो टेस्ट मैचों के साथ ही तीन एक दिवसीय मैचों की सीरीज भी खेलनी है। इसके अलवा टीम पांच टी 20 मैच भी खेलेगी। टी 20 के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।



**कार्यक्रम इस प्रकार**

**12-16 जुलाई**:- पहला टेस्ट, विंडसर पार्क, डोमिनिका
**20-24 जुलाई**:- दूसरा टेस्ट, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद
**27 जुलाई**:- पहला वनडे, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस
**29 जुलाई**:- दूसरा वनडे, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस
**01 अगस्त**:- तीसरा वनडे, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद।

**टेस्ट टीम**:- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी।

**एक दिवसीय टीम**:- रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मो. सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

# महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के पूल सी में भारत, पहला मैच कनाडा से




**सैंटियागो।**

चीली में इसी साल होने वाले महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारत को बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

29 नवंबर को आयोजन के पहले दिन कनाडा के खिलाफ भारत अपने अभियान की शुरूआत करेगा। भारत उन 16 टीमों में शामिल है जिन्हें 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेले जाने वाले टूनार्मेंट में चार-चार टीमों के चार समूहों में बांटा गया है। दुनिया की 16 सर्वश्रेष्ठ महिला जूनियर टीमों का यह आयोजन सैंटियागो के नेशनल स्टेडियम के नए मैदानों पर खेला जाएगा।

एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप चिली 2023 का आधिकारिक लॉन्च बीते दिन को चिली ओलंपिक समिति के मुख्यालय में हुआ। पूल ए में ऑस्ट्रेलिया, चिली, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं जबकि पूल बी में अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया, स्पेन और जिम्बाब्वे हैं। पूल डी में इंग्लैंड, जापान, न्यूजीलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कनाडा से भिड़ने के बाद, भारत 1 दिसंबर को अपने दूसरे मैच में जर्मनी से भिड़ेगा।

**जूनियर टीमों का यह आयोजन सैंटियागो के नेशनल स्टेडियम के नए मैदानों पर खेला जाएगा**

# 3 करोड़ के पैकेज के साथ एलपीयू ने बनाया प्लेसमेंट का एक और रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।**

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) की 2018 की कक्षा के छात्र यासिर एम. ने 3 करोड़ रुपए हासिल कर इतिहास रच दिया है। वह एआई/एमएल परियोजनाओं पर काम करेंगे, जो उद्योग में अत्यधिक प्रतिष्ठित क्षेत्र है। एलपीयू से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने कोई और डिग्री हासिल नहीं की। वह अपनी सफलता का श्रेय एलपीयू में मिले मजबूत फंडामेंटल्स को देते हैं। यह उपलब्धि एलपीयू द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का प्रमाण है।




यासिर की सफलता कोई अकेली सफलता नहीं है, क्योंकि एलपीयू के हजारों पूर्व छात्र भी अच्छे पैकेज पर काम कर रहे हैं। गूगल, एपल, माइक्रोसॉफ्ट और दुनिया भर की अन्य फॉर्च्यून 500 कंपनियों जैसी कंपनियों में 1 करोड़ और उससे अधिक का पैकेज पर एलपीयू के पूर्व छात्र कार्यरत हैं। एलपीयू का प्लेसमेंट डेटा अपनी स्थापना के बाद से ही शानदार रहा है, जिसमें 2000 से अधिक शीर्ष भर्ती कंपनियां विश्वविद्यालय से भर्ती करती हैं, जिनमें वे भी शामिल हैं जो आईआईटी/आईआईएम/एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों से भर्ती करती हैं।

यासिर ने अपनी पूरी यात्रा में उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए एलपीयू के फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नौकरी के लिए अपने चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव पर विश्वविद्यालय के जोर का श्रेय दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों और कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की, जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व और संचार कौशल को विकसित करने में मदद मिली। इसके अलावा, एलपीयू बी.टेक छात्र हरेकृष्ण महतो 2022 में गूगल के बैंगलोर कार्यालय में शामिल हुए, उन्हें आईएनआर 64 लाख का पैकेज मिला, जो किसी भी युवा छात्र द्वारा प्राप्त किए गए उच्चतम पैकेजों में से एक है।

# फुटबॉल से संन्यास ले सकते हैं लुईस सुआरेज, चोट से उबरने के लिए प्रतिदिन ले रहे हैं इंजेक्शन

**नई दिल्ली।**

बार्सिलोना क्लब के लिए दिग्गज स्ट्राइकर लियोनल मेसी के साथ खेलने वाले लुईस सुआरेज घुटने की चोट के कारण जल्द ही अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से संन्यास ले सकते हैं। उरुग्वे के स्ट्राकर सुआरेज अपनी चोट से ठीक होने के लिए प्रतिदिन इंजेक्शन भी ले रहे हैं। ब्राजीली फुटबॉल क्लब ग्रेमियो के लिए खेलने वाले सुआरेज हाल ही में अपने खराब प्रदर्शन से जूझ रहे थे। 36 साल के सुआरेज ग्रेमियो के लिए सभी टूर्नामेंटों में 25 मुकाबले खेल चुके हैं। वह हाल ही में चोट के कारण छह मैच टीम के लिए नहीं खेल पाए।

### 2024 को खत्म होगा करार

ग्रेमियो क्लब के अध्यक्ष अल्बर्टा गुएरा ने दावा है कि सुआरेज लगातार दर्द में हैं और इससे निजात पाने के लिए प्रतिदिन इंजेक्शन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें कई इंजेक्शन और दवाओं की जरूरत है। इन्हें लेने की भी एक सीमा है, लेकिन इसकी जानकारी नहीं मिली है कि वह कब तक इनका इस्तेमाल करेंगे।




### करानी पड़ सकती है सर्जरी

सुआरेज को घुटने की सर्जरी की भी आवश्यकता हो सकती है। वह अपनी चोट के बारे में कई बार बता चुके हैं। उन्हें पहले अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। वह चोट से परेशान होकर संन्यास ले सकते हैं और यह हमारे लिए बड़ा नुकसान होगा। वह शानदार खिलाड़ी हैं। क्लब के साथ सुआरेज का करार अगले साल 2024 के अंत में समाप्त होगा।

### अंक तालिका में शीर्ष पर महाराष्ट्र का कब्जा, कोच बोले-

# हमारे खिलाड़ी लगातार भारत के लिए खेल सकते हैं

**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र आयरनमैन पहली बार आयोजित किए जा रहे प्रीमियर हैंडबॉल लीग में लगातार पांच मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। यह टीम सेमीफाइनल के करीब पहुंच गई है। मुख्य कोच सुनील गहलावत अपने खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन से वास्तव में प्रभावित हैं और उनकी जमकर प्रशंसा की है।

कोच गहलावत ने बताया कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सही सुविधाओं के बीच गमबॉल (अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स में इस्तेमाल होने वाला एक प्रकार का हैंडबॉल) के साथ ट्रेनिंग करने खिलाड़ियों के परफार्मेंस पर सकारात्मक असर पड़ा है।

सुनील गहलावत ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले हमारा कैंप हमारे लिए काफी अहम था। महाराष्ट्र आयरनमेन में हमारे पास जिस तरह की सुविधाएं हैं, हमारे खिलाड़ी आमतौर पर ऐसी सुविधाओं के बीच गमबॉल के साथ ट्रेनिंग नहीं लेते हैं। खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग के दौरान अपना सब कुछ झोंक दिया और इसने टूर्नामेंट से पहले लय में आने में उनकी मदद की। हमने एक भी मैच नहीं गंवाया है, जो इस टीम की गुणवत्ता की कहानी बयां करता है। हर खिलाड़ी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है और दे भी रहा है। मुझे उम्मीद है कि हम आने वाले मैचों में अपना यह परफॉर्मेंस जारी रखेंगे।'




लीग में शानदार परफार्मेंस के बाद, महाराष्ट्र के कई आयरनमेन खिलाड़ी सितंबर-अक्टूबर में हांग्जो में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के प्रति आश्वस्त हैं। कोच को भी भरोसा है कि टीम के कई खिलाड़ी एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होंगे।

गहलावत ने कहा, 'एशियाई खेलों के लिए ट्रायल से ठीक पहले लीग एक शिविर की तरह रही है और मुझे विश्वास है कि हमारे बहुत सारे खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करने में सफल होंगे क्योंकि वे ऐसा करने में सक्षम हैं। हमारे कई खिलाड़ी पहले ही भारतीय हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और मुझे लगता है कि इनमें कुछ नए नाम भी जुड़ेंगे, जिन्हें इस साल अपने सपने को पूरा करने का मौका मिलेगा। हमारे खिलाड़ियों में काफी क्वालिटी है और वे बड़े स्तर पर खुद को साबित करने की कोशिश करेंगे।'

### नौ जुलाई से शुरू होगा स्कूली क्रिकेट मैच : शर्मा

**लखनऊ।** लखनऊ चैलेंजर्स सेलिब्रिटी लीग नौ जुलाई से स्कूलों के बच्चों का क्रिकेट मैच कराएगा. इसका उद्देश्य स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों में से अच्छे खिलाड़ियों का चयन करना है।

इस संबंध में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और इंडियन क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर रह चुके चेतन शर्मा ने कहा कि सभी पूर्व खिलाड़ी विद्यालयों से ही रहे हैं लेकिन वहां सिर्फ कोर्स पूरा करने और किताबी ज्ञान की शिक्षा के कारण बहुत सारी प्रतिभाएं दब जाती हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन दबी प्रतिभाओं को निखारना है।

चेतन शर्मा ने कहा कि नौ जुलाई से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

G20 – वसुधैव कुटुम्बकम् – ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

सत्यमेव जयते
Govt of Assam
Home & Political Department

जनेतार चबकार | my GOV मेरी सरकार

# Heartfelt Tributes to our Loktantra Senanis

It was the midnight of 25 June 1975. A state of Emergency was imposed in the country as per the directive of then Prime Minister Indira Gandhi. It trampled upon the fundamental rights of citizens and democratic values of the nation. The voice of the press was silenced and leaders of the opposition were jailed.







More than 300 people across Assam had to face atrocities for opposing this dictatorial decision. It was through the efforts of the Loktantra Senanis that democracy was restored after 1 year and 9 months on March 21, 1977.

> "Democracy is one of our sacred and shared values. Throughout history, one thing has been clear, democracy is the spirit that supports equality and dignity. Democracy is the idea that welcomes debate and discourse."

**Shri Narendra Modi**
Prime Minister, India

The Loktantra Senanis are an inspiration for India, the **'Mother of Democracy'**. Govt of Assam has taken a humble effort to felicitate them at a special event.

Looking forward to your cooperation and gracious presence at the event



**Chief Guest**
**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

**Date: 25 June 2023** **Time: 11.30 AM**

**Venue: Srimanta Sankaradeva Kalakshetra, Panjabari, Guwahati**

Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

Subscribe to Asom Barta Whatsapp 'Assam' at 8287912158

-- Janasanyog /D/5768/ 23